हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 10.03.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 222 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# विधानसभा : आईएएस-आईपीएस ऑडियो विवाद पर सरकार ने जांच का दिया भरोसा

## कल्पना सोरेन ने बजट का समर्थन व कटौती प्रस्तावों का किया विरोध



**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने नगर विकास, पर्यटन, वन एवं पर्यावरण, पथ निर्माण और शिक्षा विभागों के बजट आवंटन का समर्थन किया। उन्होंने विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्तावों का विरोध करते हुए कहा कि यह बजट झारखंड की आकांक्षाओं, भविष्य और स्वाभिमान का प्रतीक है। सदन को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि राज्य का कुल बजट 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर अब 1 लाख 58 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह करीब 70 प्रतिशत की वृद्धि है और यह वृद्धि केवल आंकड़ों में ही नहीं बल्कि राज्य के विकास में भी दिखाई दे रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें झारखंड की प्रगति को भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 40 छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने इसे गरीब परिवारों के बच्चों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा के लिए 18 हजार 816 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो कुल बजट का लगभग 12 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 100 नए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, 23 इंजीनियरिंग कॉलेज और डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर एक विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना है। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 38 हजार करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है।



## बैंक ऑफ इंडिया से एमओयू का लाभ निजी सहायकों को भी मिलेगा

**रांची :** झारखंड विधानसभा में विधायक अमित कुमार यादव ने बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या इस समझौते के तहत मिलने वाली सुविधाएं मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विभिन्न बोर्ड, निगम व आयोगों के अध्यक्षों के साथ काम करने वाले निजी सचिवों और सहायकों को भी मिलेंगी। विधायक ने विशेष रूप से उन कर्मियों का जिक्र किया जो बाहरी कोटा से नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों को भी जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, आवास ऋण और शिक्षा ऋण जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इस पर जवाब देते हुए मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एमओयू हुआ है। इसके तहत सरकारी और संविदा कर्मियों को, जिनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया में है, बीमा और ऋण की सुविधाएं दी जा रही हैं।

## गरीबों के विकास का है बजट, विपक्ष को नहीं पच रहा : सुरेश पासवान



**रांची :** विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विधायक सुरेश पासवान ने सरकार के पक्ष में मजबूती से अपनी बात रखी और वर्तमान बजट को गरीबों, पिछड़ों और समाज के सभी वर्गों के विकास का बजट बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सबसे ऊपर रखा है और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सुरेश पासवान ने शहरी विकास के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में क्लीन झारखंड, ग्रीन झारखंड बनाने का लक्ष्य लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब कई जिलों और नगर परिषद क्षेत्रों में बेहतर रोशनी की व्यवस्था की गई है और गलियों की सफाई के लिए आधुनिक गाड़ियों को लगाया गया है। शहरों में जल निकासी की व्यवस्था मजबूत करने के लिए ड्रेनेज, सीवरेज और नालियों का विस्तार किया गया है। साथ ही मच्छरों से राहत दिलाने के लिए फॉगिंग मशीनों की व्यवस्था भी की गई है। विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा देने के लिए साइकिल की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें पैदल लंबी दूरी तय न करनी पड़े। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि इस योजना के तहत होली के अवसर पर गरीब महिलाओं के खातों में 2500 रुपये की सहायता राशि भेजी गई है। सुरेश पासवान ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं को गरीबों की सरकार और विकास के काम पच नहीं रहे हैं।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को आईएएस और आईपीएस के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी।

वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है।

मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मामले की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात दावोस व यूके यात्रा की दी जानकारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लोक भवन, रांची में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी।

उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस तथा यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख नीतियों तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए, जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव साझा किए।

### एक नजर

## झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरुवार को

**रांची :** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक, गुरुवार, को अपराह्न 05:00 बजे अथवा विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## बांग्लादेश में पूजा के दौरान मंदिर में बम विस्फोट, पुजारी समेत कई घायल

**कुमिला :** बांग्लादेश में पिछले सप्ताह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की कई घटनाएं सामने आई हैं। अधिकार समूह बांग्लादेश जातिओ हिंदू मोहजोत के अनुसार अलग-अलग घटनाओं में दो हिंदू युवकों की हत्या कर दी गई, जबकि एक मंदिर में बम विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। 8 मार्च को कुमिला शहर के दक्षिण ठाकुरपाड़ा इलाके में स्थित कालीगाछ ताला काली मंदिर में शनि देव की पूजा चल रही थी। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने मंदिर परिसर में देसी बम फेंक दिए। विस्फोट में मंदिर के पुजारी केशव चक्रवर्ती सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रिपोर्ट के मुताबिक एक नकाबपोश व्यक्ति मंदिर में दाखिल हुआ और विस्फोट से पहले एक बैग छोड़कर चला गया। पहले धमाके के बाद हमलावरों ने पास के एक बौद्ध मंदिर और एक निजी कार्यालय के पास भी दो और बम फेंके। अधिकार समूह के अनुसार 6 मार्च को बोगुरा जिला के सरियाकांदी इलाके में 40 वर्षीय चय्योन राजभर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

# रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालु से मारपीट मामले में 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड, 1 होमगार्ड जवान कार्यमुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड के रामगढ़ जिले स्थित प्रसिद्ध रजरप्पा मंदिर परिसर से पुलिस की कथित गुंडागर्दी का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की जांच खुद पुलिस अधीक्षक ने की और मिली खबर के मुताबिक आरोपी पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। वीडियो में पुलिसकर्मी एक युवक को बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना मंदिर परिसर की है, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच युवक की पिटाई की गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह बताई जा रही है कि जिस युवक को पुलिस पीट रही है, उसकी मां और पत्नी भी मौके पर मौजूद थीं। दोनों महिलाओं के सामने ही युवक को डंडों और लात-घूंसों से पीटा गया। महिलाएं लगातार पुलिस से युवक को छोड़ने की गुहार लगाती रहीं, लेकिन पुलिसकर्मी उन पर ध्यान दिए बिना मारपीट करते रहे।

घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर कई लोग इस घटना की निंदा करते हुए पूछ रहे हैं कि आखिर मंदिर परिसर में श्रद्धालु के साथ इस तरह की कार्रवाई क्यों की गई। लोगों का कहना है कि अगर युवक से कोई गलती हुई भी थी, तो पुलिस को कानून के दायरे में कार्रवाई करनी चाहिए थी, न कि इस तरह सार्वजनिक रूप से पिटाई करनी चाहिए थी।

फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि वीडियो के वायरल होने के बाद पूरे मामले की जांच की मांग तेज हो गई है और लोगों का कहना है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# ईरान में नए युग की शुरूआत, खामेनेई के बेटे मोजतबा संभालेंगे देश का सबसे शक्तिशाली पद



एजेंसी

**तेहरान :** अमेरिका और इजरायली हमलों में अयातुल्ला अली खामनेई की मौत के बाद ईरान ने अपना नया सुप्रीम लीडर चुन लिया है। अली खामनेई के बेटे मोजतबा खामनेई को उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। मोजतबा को पहले से ही इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था, लेकिन उनके लिए सत्ता की राह कांटों भरी होने वाली है। विश्लेषकों का मानना है कि 1979 की इस्लामी क्रांति के समय जो व्यापक जनसमर्थन शासन के पास था, वह अब भ्रष्टाचार, दमनकारी नीतियों और आर्थिक कुप्रबंधन के कारण काफी घट गया है। हालांकि, शासन के प्रति वफादार 'बसीज' मिलिशिया और सुरक्षा तंत्र का एक मजबूत वर्ग अब भी मौजूद है, जो नए नेतृत्व के लिए जान देने का दावा करता है। जानकारों के अनुसार, यही संगठित नेटवर्क किसी भी बाहरी शासन परिवर्तन की कोशिश को कठिन बना सकता है।

इजरायली विशेषज्ञों ने दी चेतावनी इजरायल के अमेरिका में पूर्व राजदूत माइकल ओरेन ने कहा है कि इस सत्ता परिवर्तन पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि जब तक ईरान की वर्तमान वैचारिक सत्ता संरचना में बुनियादी बदलाव नहीं होता, तब तक क्षेत्र में शांति की उम्मीद करना कठिन है। ओरेन के अनुसार, ईरानी नेतृत्व की जिहादी सोच और क्षेत्रीय वर्चस्व की महत्वाकांक्षा इतनी गहरी है कि वे स्वेच्छा से बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम या सशस्त्र समूहों को समर्थन देना बंद नहीं करेंगे।

लगातार युद्ध और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण ईरान का बुनियादी ढांचा कमजोर हुआ है। यदि आर्थिक गिरावट जारी रहती है, तो शासन के लिए अपने पारंपरिक समर्थक आधार को बनाए रखना पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।

## पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को दी बधाई, समर्थन का दिया भरोसा



**मास्को :** रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को पद संभालने पर बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें विश्वास है कि वे अपने पिता की विरासत को सम्मान के साथ आगे बढ़ाएंगे। मोजतबा खामेनेई, ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के के बेटे हैं, जिनकी 28 फरवरी को अमेरिकी और इजरायली हमलों में मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद से ही मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई थी। अब उन्हें इस पद के लिए चुन लिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट पर भारत की पैनी नजर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एस जयशंकर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।



लोकसभा और राज्यसभा में 'पश्चिम एशिया की स्थिति' पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इजराइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं। इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की गई। समिति को इस इलाके में आने-जाने वाले भारतीय यात्रियों और इन देशों में तय परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया गया। इसने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को इन समस्याओं से निपटने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नए डेवलपमेंट पर करीब से नजर रख रहे हैं।

विदेश मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते और काम करते हैं, जबकि ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खाड़ी देश एक बड़ा ट्रेड पार्टनर भी हैं, जो हर साल लगभग 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार करते हैं। सदन को यह भी पता है कि पिछले दशक में इस इलाके से भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी निवेश हुआ है। इसलिए सप्लाई चेन में गंभीर रुकावटें और अस्थिरता के माहौल को हम गंभीर मुद्दे मानते हैं। इसके अलावा, इनमें मर्चेंट शिपिंग पर हमले भी शामिल हैं, जहां भारतीय नागरिक अक्सर क्रू का एक बड़ा हिस्सा होते हैं। दुख की बात है कि हमने ऐसी घटनाओं में पहले ही दो भारतीय नाविकों को खो दिया है और एक अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने पर जनवरी से ही ईरान के लिए यात्रा संबंधी परामर्श जारी किए थे और भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी थी।

## गिरिडीह में बिहार एसटीएफ ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरीडीह :** गिरीडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में बिहार के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और गिरीडीह पुलिस के संयुक्त अभियान में भाकपा (माओवादी) संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान पंकज यादव (जमुई, बिहार) और पवन सिंह (सतगावा, कोड़रमा) के रूप में हुई है।

पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतवाहन उरांव ने सोमवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद बिहार एसटीएफ दोनों को अपने साथ ले गई है।

पुलिस के अनुसार, दोनों नक्सलियों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना में नक्सली घटना से संबंधित मामला दर्ज है। बिहार पुलिस के मुताबिक, दोनों भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य हैं और कई नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिग घायल

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी के नजदीक सुबह करीब 9:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पीयूष कुमार पिता सुदीप यादव, बंटी कुमार पिता स्व सुनील गिरी एवं अभिषेक गिरी पिता स्व सुदीप गिरी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों बाइक पर सवार पड़ीरमा से बरही की और आ रहे थे, इसी क्रम में सड़क के किनारे खड़ी एक अशोक लीलैंड ट्रक जिसकी संख्या जेएच02बीपी 6945 खड़ी थी। जिसमें बाइक सवारों ने टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो – रो कर बुरा हाल है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हजारीबाग :** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में एक युवक ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया। यह घटना नावटांड़ रेलवे ट्रैक के पास हुई है। मृतक की पहचान नावाटांड़ निवासी ईश्वर राम के रूप में हुई है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वंदे भारत ट्रेन कोडरमा से हजारीबाग टाउन की और जा रही थी। इसी दौरान युवक रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने शव को अपने कब्जे में लिया और शव कोपोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वहीं पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### विवाहिता ने की आत्महत्या

**बरही :** शराबी पति से तंग आकर दो बच्चों की मां ने रविवार रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके कारण शराब की बुरी लत से दो बच्चे मां के बिना अनाथ हो गए। मामला बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव की है। जहां दो बच्चों की मां ने रविवार रात को शराबी पति के प्रताड़ना से तंग आकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला जिस समय फांसी लगाई उस समय उनके घर के परिवार जन पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गए हुए थे। परिजनों को जानकारी होते ही आनन फानन में इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विवाहिता के मौत के बाद ससुराल वाले शव छोड़ फरार हो गए।

झारखंड विधानसभा के बाहर बड़कागांव के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर विधायक ने दिया धरना, कहा

# पुलिस वाहन लिखी गाड़ी से मर्डर होना अत्यंत गंभीर विषय




## मामले की सीबीआई या सीआईडी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग

विधायक ने पुलिस वाहन लिखी गाड़ी से हुई रोहित साव एवं प्रदीप साव की हत्या की सीबीआई या सीआईडी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। घटना में जिस प्रकार पुलिस वाहन लिखी गाड़ी का उपयोग होने की बात सामने आई है, वह अत्यंत गंभीर विषय है। बड़कागांव क्षेत्र में चल रहे अवैध ड्रग्स, कोयला एवं बालू की तस्करी पर तत्काल रोक लगाई जाए।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को सदन के बाहर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने धरना देकर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया और सरकार का ध्यान बड़कागांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएँ, अवैध तस्करी तथा निर्दोष लोगों की हो रही हत्या, जैसी कार्य पर ध्यान आकृष्ट कराया है। और कहा की बड़कागांव के नापोखुर्द में हुए दो लोगों की रोहित साव एवं प्रदीप साव की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का महौल है। घटना में शामिल सभी अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ित को इंसाफ मिल सके।

क्षेत्र में लंबे समय से अवैध ड्रग्स, कोयला और बालू की तस्करी खुलेआम चल रही है, जिससे कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और प्रशासन को इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अवैध तस्करी के वर्चस्व को लेकर बढ़ रही आपराधिक घटनाओं की न्यायिक जांच कराई जाए।

अवैध ड्रग्स, कोयला और बालू के अवैध कारोबार के वर्चस्व को लेकर क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएँ हो रही हैं। इन सभी घटनाओं की न्यायिक जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आए और दोषियों को कठोर सजा मिल सके। बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में निर्दोष विस्थापितों पर दर्ज किए जा रहे फर्जी मुकदमे की न्यायिक जांच हो।

विस्थापित एवं स्थानीय लोगों पर लगातार फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इससे निर्दोष लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। इसलिए इन मामलों की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अंत में विधायक रोशन लाल चौधरी नहीं जोर देकर यह स्पष्ट कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों के साथ किसी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनहित से जुड़े इन मुद्दों को लेकर संघर्ष लगातार जारी रहेगा और सरकार से इन मांगों पर अविलंब कार्रवाई करना होगा। आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि जनता के हित के मुद्दों के लिए मैं सड़क से लेकर सदन तक हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा।

## मनरेगा कर्मियों ने चलकुशा बीडीओ को दिया अल्टीमेटम



9-11 मार्च तक रहेंगे सांकेतिक हड़ताल पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा :** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के चलकुशा प्रखंड कमेटी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं कमेटी की मांग है कि उन्हें स्थायी किया जाए और लंबित मानदेय का भुगतान किया जाए। इसको लेकर उन्होंने चलकुशा बीडीओ अमृता सिंह को आवेदन सौंपा है और 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे गुलजार अंसारी ने कहा पूर्व में अपनी मांगों को लेकर राजधानी में बैठक हुई थी जहां पर सरकार के मंत्री ने हमारी मांगो का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसलिए कर्मचारी संघ ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों के सुरक्षा की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने सोमवार को राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों के सुरक्षा कानून सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं अन्य कोटि के सभी पत्रकार अपनी जान को जोखिम में डालकर राज्य की हित तथा आमजनों के हित तथा लोकतंत्र की मजबूती को लेकर समाचार संकलन एवं प्रेषण करते हैं। इनका कार्य जोखिम भरा होता है। जिसको राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन इनके कार्यों की प्रशंसा करता है। उन्होंने मांग किया कि राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों के लिए राज्य पत्रकार सुरक्षा कानून, राज्य के आंचलिक सहित सभी कोटि के पत्रकारों के लिए निःशुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू की जाय जिससे उनके परिवार के सभी सदस्यों का कवरेज हो तथा बीमा कवरेज की राशि कम से कम 5 लाख वार्षिक हो। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी आंचलिक पत्रकारों के लिए पत्रकार आवास योजना, आयुष्मान योजना, मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराने की मांग किया। राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था निःशुल्क करने की भी मांग रखी। इनके लिए अलग से कोटा आरक्षित हो। राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक माह कम से कम 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि मुहैया कराने की मांग किया। अरविंद कुमार ने कहा कि पत्रकारों के लिए जायज मांग को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन उचित फोरम में उठाते रहेगा।

### कृषक मित्र सरजू महतो की माता का आकस्मिक निधन

**बड़कागांव :** प्रखंड के तलसवार पंचायत अंतर्गत ग्राम पलांडू निवासी कृषक मित्र- सरजू महतो की माता सुधनी देवी, पति- रुदन महतो, उम्र - 65 वर्ष का आकस्मिक निधन आज सुबह 6 बजे हो गया। जिसका अग्नि संस्कार आज सोमवार को दोपहर 2:30 बजे हहारो नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि पति- रुदन महतो ने दी। मृतिका सुधनी देवी ने अपने पीछे पति - रुदन महतो, बड़े पुत्र - सरजू महतो, छोटे पुत्र - महेंद्र महतो सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर चली गई। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया गीता देवी, पंसस - मेघा कुमारी, पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी, राजेन्द्र प्रसाद महतो, एतवा तुरी, छटु गंझू, नारायण प्रसाद, अजय कुमार, ईश्वर कुमार, बिमल करमाली, सुबेदार करमाली, प्रदीप महतो, बिजय महतो, ईश्वरी महतो, नागेश्वर महतो, जयराम महतो, सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने बनाया स्किल डेवलपमेंट आर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के निदेर्शानुसार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 9 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों पर आधारित - मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बनाए गए मॉडलों की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहना की तथा उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे गए।विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है। तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से मॉडल निर्माण कार्य करवाया गया। निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित करता हैं। प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा विद्यालय में बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए तरह-तरह की क्रियाकलाप कराए जाते हैं।ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके।

मौके पर बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाह, उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनन्द राज, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास,सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, शंकर महतो, कुलदीप रंजन, एरिका टोप्पो, देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा, गंगा भारती, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, सावित्री टुडू, रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, नीलम बेदिया, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन का फ्लैग मार्च



**हजारीबाग :** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन के नेतृत्व में आयोजित इस फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल में पुलिस बल के जवानों ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान खिरगांव एवं झंडा चौक क्षेत्र में विशेष रूप से मॉक ड्रिल कर संभावित विधि-व्यवस्था की स्थिति से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने सदन में उठाई हजारीबाग श्री रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग



**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग की विश्वप्रसिद्ध इंटरनेशनल श्री रामनवमी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की श्री रामनवमी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही हम सभी की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक अखाड़ा परंपरा, भव्य शोभायात्राएँ और हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता इस महोत्सव को पूरे झारखंड ही नहीं, बल्कि देशभर में विशेष पहचान दिलाती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होते हैं, जिससे यह उत्सव सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और परंपरा का अद्भुत उदाहरण बन जाता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि हजारीबाग की इस ऐतिहासिक और गौरवशाली परंपरा को सम्मान देते हुए श्री रामनवमी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान किया जाए। इससे न केवल इस सांस्कृतिक विरासत को उचित सम्मान मिलेगा, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान और अधिक सशक्त होगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि श्री रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले अखाड़ा जुलूस एवं शोभायात्राओं में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जुलूस मार्गों पर ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने की मांग की, ताकि सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जिले की सांस्कृतिक पहचान और गौरव से जुड़ी परंपरा है। इस परंपरा को राज्य स्तर पर मान्यता दिलाना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ा सकें। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस मांग पर सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की इस गौरवशाली परंपरा को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### डुंडियागढ़ी में 21 से 25 मार्च तक होगा श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ का आयोजन



**हजारीबाग :** जिले के चौपदार पंचायत अंतर्गत ग्राम डुंडियागढ़ी में 21 मार्च से 25 मार्च 2026 तक वैदिक श्री 108 रूद्र महायज्ञ, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा तथा पांच दिवसीय मानस पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता किशोरी राणा को सादर आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित

**बरही :** भा.कृ.अनु.प.झभारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), झारखंड परिसर, गौरिया कर्मा, हजारीबाग में 9झ13 मार्च 2026 तक एससीएसपी के अंतर्गत ह्लकृषि में जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन एवं उपयोगह्व विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण–सह–प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संस्थान परिसर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुबोध नीरज ने जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये रासायनिक उर्वरकों के पर्यावरण–अनुकूल विकल्प हैं और टिकाऊ कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही परिसर के वित्त नियंत्रक श्री प्रशांत कुमार ने किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैविक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में स्वामी दयानंद टैलेंट रिवार्ड टेस्ट की घोषणा

**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही द्वारा मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वामी दयानंद टैलेंट रिवार्ड टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा तीसरी, चौथी, पांचवीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों को प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह परीक्षा 17 मार्च 2026 (मंगलवार) को विद्यालय परिसर में आयोजित होगी। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि सभी अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत जरूरी है : प्राचार्य डॉ कीर्ति नाथ महतो

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्राचार्य डॉ कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता एवं हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नु कुमारी की संचालन में किया गया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। प्राचार्य डॉ कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्राध्यापकों ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किए तथा बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं।धन्यवाद ज्ञापन एन. एस. एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने का संदेश देते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

मौके पर प्राध्यापक, प्राध्यापिका, शिक्षेत्तर कर्मचारी गण एवं सैकड़ों छात्रझछात्राएं उपस्थित थे।

## कोबरा अधिकारियों ने पत्नियों के साथ किया रक्तदान, 25 यूनिट संग्रहीत

### नियमित रक्तदान आत्मीय संतुष्टि के साथ सेहत के लिए भी है लाभदायक: कमांडेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बरही :** सीआरपीएफ के 87 में स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 203 कोबरा मुख्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में कैंप परिसर में निवासरत अधिकारी, जवान एवं उनके परिवार के कुल 25 सदस्यों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उक्त रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना और कैंप परिसर में आस पास रहने वाले लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कमांडेंट (पीएमजी ) पवन कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी अनुपमा सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार एवं उनकी पत्नी श्वेता कुमारी, द्वितीय कमान अधिकारी गंगावने कैलाश संभाजी एवं उनकी पत्नी सविता संभा जी, उप कमांडेंट प्रवीण कुमार तथा उनकी पत्नी नीतू, एवं उप कमांडमेंट विक्रांत कुमार ने मुख्य रूप से अपना-अपना रक्तदान किया और अन्य जवानों के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर में चार महिलाओं ने भी रक्तदान कर यह साबित किया कि महिलाएं भी रक्तदान कर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। उक्त रक्तदान शिविर में कमांडेंट (पीएमजी) पवन कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। जिसके लिए सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों को समय-समय पर रक्तदान करनी चाहिए।इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के द्वारा भी रक्तदान करना अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है। महिलाएं भी रक्तदान कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है । रक्तदान करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से जरूरतमंद को रक्त की व्यवस्था तो होता ही है, इसके साथ ही रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। श्वेता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को भी समय समय पर रक्तदान करनी चाहिए। रक्तदान करने से हृदय रोग की जोखिम कम होता है। कैंसर का खतरा कम होता है। स्वस्थ आयरन स्तर बनाए रखने भी सहायता मिलती है। इसलिए महिलाओं को भी रक्तदान करनी चाहिए। रक्तदान शिविर की पूरी प्रक्रिया ऑर्किड हॉस्पिटल रांची द्वारा की गई। 25 यूनिट संग्रहीत कर ऑर्किड हॉस्पिटल रांची को सुपुर्द किया गया। ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। अंत में सभी रक्तदान कताओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# रेस्टोरेंट में हुई हत्या के मामले पर डीजीपी ने की उच्चस्तरीय बैठक, अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटियातू स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई हत्या की घटना को लेकर झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने सोमवार को रांची पुलिस के आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने घटना में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। इस बैठक में एडीजी मनोज कौशिक, रांची के एसएसपी राकेश रंजन, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा, सिटी एसपी पारस राणा तथा एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने टीटॉस रेस्टोरेंट घुसकर गोलीबारी की थी।

इस दौरान मनीष गोप नामक व्यक्ति को गोली लग गई थी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद रांची पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि होटल संचालक ने दिसंबर महीने में ही एयरपोर्ट थाना पुलिस को धमकी मिलने की सूचना दी थी। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों ने एक दिन पहले रेस्टोरेंट में घुसकर होटल संचालक के चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। डीजीपी के निर्देश पर चार पुलिसकर्मी निलंबित इधर, रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटना पर भी डीजीपी ने संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए डीजीपी ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना में शामिल चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। मामले में आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिले में चल रहे टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। यह किट स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और जिला टीबी (यक्ष्मा) पदाधिकारी डॉ. सिद्धेश्वर बास्की के हाथों मरीजों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उनका स्वास्थ्य तेजी से बेहतर हो सके। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार राय, पीपीएम फजले, डीपीएस, एसटीएस सहित अन्य टीबी कार्यक्रम से जुड़े कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके।

## कोयला घोटाला मामले में धनबाद के कारोबारी एलबी सिंह से ईडी की पूछताछ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** धनबाद के प्रसिद्ध कोयला व्यापारी एलबी सिंह से सोमवार को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी द्वारा जारी समन के आधार पर वे पूछताछ के लिए कार्यालय पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों ने उनसे कोयला घोटाले से जुड़े मामलों और उनकी व्यापारिक गतिविधियों के संबंध में सवाल-जवाब शुरू किया। ईडी ने कोयला घोटाले की जांच के दौरान की गई छापेमारी और अन्य कोयला व्यापारियों से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर एलबी सिंह को समन जारी किया था। पहली बार नोटिस मिलने के बाद एलबी सिंह ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए ईडी से पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इसके बाद ईडी ने उन्हें आज (9 मार्च) को रांची कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। जारी समन के अनुसार, एलबी सिंह रांची स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। वहां उनकी उपस्थिति दर्ज करने और जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईडी अधिकारियों ने उनसे कोयला कारोबार और कथित घोटाले से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में झारखंड और कोलकाता में ईडी की टीमों ने एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की थी। कोलकाता ईडी ने कथित कोयला सिंडिकेट से जुड़े अनुप माझी उर्फ लाला के सहयोगियों के ठिकानों पर कार्रवाई की थी, जबकि झारखंड में धनबाद के चर्चित कोयला व्यापारी एलबी सिंह सहित कई अन्य कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे गए थे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियों को शक है कि झारखंड के कुछ कोयला व्यापारी भी लाला के कोयला सिंडिकेट से जुड़े हो सकते हैं। इसी कड़ी में ईडी अब संबंधित कारोबारियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क और लेन-देन की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## ग्रामीणों के लिए विकास का नया केंद्र बनेगा सामुदायिक भवन : नृपेन्द्र नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** उषा मार्टिन फाउंडेशन की पहल पर नामकुम प्रखंड के महिलौंग पंचायत स्थित सराईटोली गांव में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कर उसमें लाइब्रेरी सह वाचनालय की व्यवस्था की गई है। इसका उद्घाटन उषा मार्टिन के एचआर हेड नृपेन्द्र नाथ झा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन आसपास के गांवों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार होने से गांव के लोगों को बैठक, प्रशिक्षण और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थान मिलेगा, जिससे ग्रामीण विकास को और गति मिलेगी। सामुदायिक भवन में लाइब्रेरी सह वाचनालय की भी व्यवस्था की गई है, ताकि गांव के बच्चों और युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से यहां सोलर इन्वर्टर के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई है, जिससे भवन में लाइट और पंखे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें, कुर्सियां, टेबल, अलमारी, रैक और व्हाइट बोर्ड भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे यह स्थान शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बन सके। कार्यक्रम में नामकुम प्रखंड की उपप्रमुख वीणा देवी ने कहा कि गांवों के विकास के लिए इस तरह की पहल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के हेड डॉ. मयंक मुरारी सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। क्षेत्र में शिक्षा, कौशल विकास एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उषा मार्टिन फाउंडेशन के हेड डॉ. मयंक मुरारी ने कहा कि फाउंडेशन तीन प्रखंडों में विकासोन्मुख गतिविधियों को समर्पित होकर कार्य कर रहा है। सामुदायिक भवन के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण समाज के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## रांची में ज्वेलरी शॉप से हीरे की अंगूठी लेकर फरार हुआ ग्राहक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में एक ज्वेलरी दुकान से हीरे की अंगूठी चोरी होने का मामला सोमवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ग्राहक अंगूठी देखने के बहाने दुकान में आया और मौका पाकर हीरे की अंगूठी लेकर चुपचाप फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार की शिकायत पर हिंदपीढ़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, हिंदपीढ़ी स्थित मियां तनिष्क नामक ज्वेलरी शॉप में एक ग्राहक अंगूठी देखने के लिए पहुंचा था। दुकान के कर्मचारी ने उसे कई अंगूठियां दिखाई, जिनमें से एक हीरे की अंगूठी उसे पसंद आ गई। इसी दौरान उसने मौका देखकर अंगूठी अपने पास रख ली और बिना किसी को बताए दुकान से निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार और कर्मचारियों ने दुकान में रखे सामानों का मिलान किया, तो एक हीरे की अंगूठी गायब मिली। इसके बाद दुकान के कर्मचारी सूरज ठाकुर ने तुरंत हिंदपीढ़ी थाने में इसकी सूचना दी। सूरज ठाकुर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोप्त की पहचान की जा सके। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा : सदन में ईटखोरी को अनुमंडल बनाने की मांग, विशेष सचिवों के वेतनमान पर भी उठा सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को कई अहम मुद्दे सदन में उठे। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने चतरा जिले के ईटखोरी प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग रखी, वहीं विधायक नीरल पूर्ति ने विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़ा मामला उठाया। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने सदन में कहा कि ईटखोरी प्रखंड भौगोलिक क्षेत्र, जनसंख्या और प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से अनुमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करता है। उन्होंने बताया कि ईटखोरी में प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर स्थित है, जहां हर साल राजकीय महोत्सव आयोजित होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे प्रशासन और पुलिस पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में यदि ईटखोरी को अनुमंडल का दर्जा मिल जाता है, तो प्रशासनिक व्यवस्था संभालना काफी आसान हो जाएगा और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2012 में तत्कालीन उप विकास आयुक्त की ओर से इस संबंध में एक पत्र भी भेजा गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि फिलहाल राज्य सरकार की उच्चस्तरीय कमेटी के पास ईटखोरी को अनुमंडल बनाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि किसी क्षेत्र को अनुमंडल का दर्जा देने के लिए जिला उपायुक्त की अनुशंसा के बाद आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजा जाता है। कमेटी की अनुशंसा के बाद ही सरकार इस पर अंतिम निर्णय लेती है। मंत्री ने सदन में विधायक से कहा कि वे जिला प्रशासन और आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव सरकार तक भेजवाएं। इस पर विधायक कुमार उज्ज्वल ने आश्वासन दिया कि वे इस प्रक्रिया को जिला स्तर से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान विधायक नीरल पूर्ति ने झारखंड प्रशासनिक सेवा नियमावली 2015 में संशोधन और विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या विशेष सचिवों के लिए ग्रेड पे 10,000 यानी लेवल-14 सुनिश्चित करने के लिए नियमावली में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव है। इस पर राज्य के संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि फिलहाल झारखंड प्रशासनिक सेवा के तहत उप सचिव, संयुक्त सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारी एक ही वेतनमान और श्रेणी में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रमुख और इंजीनियरिंग विभाग में अभियंता प्रमुख का ग्रेड पे 10,000 है, जो लेवल-14 के अंतर्गत आता है। मंत्री ने बताया कि इस मामले में संबंधित विभागों से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि क्या निदेशक प्रमुख और अभियंता प्रमुख के पद विशेष सचिव के समकक्ष माने जा सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि इन पदों को लेवल-14 की मान्यता प्राप्त है तो अन्य विभागों में कार्यरत विशेष सचिवों को भी उसी आधार पर लेवल-14 पर प्रोन्नत करने और समान वेतनमान देने पर सरकार विचार करेगी।

## एक नजर

### मेसरा में मंडा पूजा चार अप्रैल को कमेटी गठित

**रांची :** मेसरा में चार अप्रैल को मंडा पूजा और पांच को झूलन कार्यक्रम होगा। 16 अप्रैल को काली पूजा होगा। मेसरा शिव और काली पूजा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समिति की ओर से सोमवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। सर्वसम्मित से कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो को मुख्य संरक्षक, गंगा करमाली को अध्यक्ष, जलेश्वर महतो को सचिव चुना गया। इसके अलावा बबलू महतो, सतीश महतो, किशोर महतो छोटेलाल महतो को सह -सचिव, कुशल मुंडा, शिवलाल महतो, कालेश्वर महतो, मनोज महली को उपाध्यक्ष और प्रभात महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### महिला सशक्तिकरण से ही समाज मजबूत: रिया तिर्की

**रांची :** अनगड़ा के सिकिदिरी बैंक मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं खिजरी विधायक राजेश कच्छप जी की धर्मपत्नी एवं झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की सम्मानित सचिव रिया तिर्की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला देवी ने की वही संचालन किरण करमाली, ललिता देवी ने की। रिया तिर्की जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज की मजबूती है। आज के इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम सबको मिलकर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान और समान अधिकारों के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। होली के रंगों की तरह जीवन में भी प्रेम, एकता और खुशियाँ फैलानी हैं। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव युवा जिला उपाध्यक्ष अजय उरांव कार्यकारणी अध्यक्ष सुमन देवी सचिव नीलम कुमारी सहित फाल्गुनी शाही मुण्डा, देवकी कुमारी, अनिता देवी, अजय करमाली, अजगूत करमाली, भोला करमाली, पूनम देवी, आरती देवी, रेशमा देवी, सनी देवी, करमी देवी, सनी देवी, निभा देवी, पवित्रा देवी, निकिता देवी, अंजनी देवी, पार्वती देवी वा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### सात साल की कानूनी लड़ाई के बाद डॉ. मनोज कच्छप बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**सिल्ली :** सिल्ली सात वर्षों तक चले लंबे कानूनी संघर्ष के बाद नागपुरी विषय के अभ्यर्थी डॉ. मनोज कच्छप को आखिरकार न्याय मिल गया। सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के बाद उनकी नियुक्ति रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कर दी गई है। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। वही 2018 में जारी हुआ था विज्ञापन झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने वर्ष 2018 में बैकलॉग और नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस प्रक्रिया में नागपुरी विषय के अभ्यर्थी डॉ. मनोज कच्छप ने भी आवेदन किया था। फरवरी 2020 में आयोग द्वारा जारी एकेडेमिक अंक में डॉ कच्छप को अपने विषय में 85 में से 72.10 अंक मिले, जो नागपुरी विषय में सबसे अधिक थे। साक्षात्कार सूची में नहीं था नाम उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के बावजूद 23 नवंबर 2021 को जारी साक्षात्कार सूची में उनका नाम शामिल नहीं किया गया। जबकि वे गोल्ड मेडलिस्ट, नेट-जेआरएफ योग्यताधारी और शिक्षण अनुभव वाले अभ्यर्थी हैं। न्याय की मांग को लेकर उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की। अदालत के हस्तक्षेप के बाद उनका नाम साक्षात्कार सूची में जोड़ा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा परिसर में केंद्रीय सरना समिति, कांके के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी सरहुल पूजा की 47वीं वर्ष पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित झारखंड स्तरीय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम 19 मार्च 2026, दिन गुरुवार को सरना मैदान, कांके में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, सचिव सूरज टोप्पो, संरक्षक सुमित टोप्पो, फूलमनी टोप्पो, मोहन उरांव, पेपला पहान, गुड़िया टोप्पो एवं मनीष कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप एवं सुरेश कुमार बैठा भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने की शिष्टाचार भेंट, बजट की प्रति सौंपी



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में सड़क अवसंरचना के विकास और विभाग की आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की प्रति भेंट की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि विभाग द्वारा राज्य में सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने तथा प्रमुख मार्गों के उन्नयन के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए भी विभाग ने सड़क निर्माण, पुल-पुलियों के निर्माण और महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण से जुड़ी कई नई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए राज्य में सड़क अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क व्यवस्था राज्य के आर्थिक विकास और आम लोगों की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने विभाग को समयबद्ध तरीके से योजनाओं को लागू करने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी वित्तीय वर्ष में सड़क विकास परियोजनाओं को गति देने पर सहमति व्यक्त की गई।

### गोंदली पोखर बेड़वारी में कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**रांची :** गोंदलीपोखर बेडवारी रोड रवि का मकान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बनाया गया उषा मार्टिन फाउंडेशन संस्था प्रमुख डॉ मयंक मुरारी फाउंडेशन प्रदीप गुप्ता संस्था प्रमुख के द्वारा 3 महीने का कंप्यूटर ट्रेनिंग चल रहा है टीचर कर्मवीर सिंह प्रियंका मैडम जैस्मिन मैडम के द्वारा 30 दिव्यांगजनों को कंप्यूटर ट्रेनिंग दिया जा रहा है। दिव्यांग भाई बहन ट्रेनिंग ले रहे हैं। रोजाना 12 से 3 बजे तक क्लास होता है जो दिव्यांग अब तक कंप्यूटर नहीं देखे थे वह दिव्यांग आज कंप्यूटर सीख रहा है खुद चला रहा है सभी दिव्यांग कंप्यूटर सीखने को इच्छुक है हर रोज क्लास आते हैं सभी के चेहरे में एक उम्मीद है भविष्य को बेहतर बनाने की आज पूरा भारत डिजिटल की ओर जा रहा है। एक प्रयास एक कोशिश समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना हाथ में बनाना है समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है शिक्षा के क्षेत्र में उसको सफल बनाना है आज बहुत ही खुशी की बात है। गर्व की बात है आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिव्यांग दिवस मनाया गया जितने भी प्रतिभागी हैं। इनके साथ पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जो काफी खुशी का पल रहा सभी के चेहरे में खुशी देखने को मिला` हमारे बीच एक ऐसे दिव्यांग है जो लोगों को प्रेरित करती है मोटिवेट करती है दिव्यांग भवानी कुमारी जो 100 प्रतिशत दिव्यांग है। जमीन पर घातक चलती है मैट्रिक तक का पढ़ाई व्हीलचेयर के माध्यम से पढ़ाई पूरा की आगे और भी पढ़ना चाहते थे कई सालों से कंप्यूटर ट्रेनिंग करने का मन में इच्छा थी।

### रूप सोना नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटिंग एंड शेरोमानी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची :** हेसल रूप सोना नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटिंग एंड शरोमनी प्रोग्राम का आयोजन किया गयो कार्य क्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया प्रोग्राम में छात्राओं नर्सिंग के क्षेत्र में सेवा भावना से काम करने का शपथ दिलाया गया। साथ ही कैप पहनाकर स्वागत किया गया नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण आयोजन है, जो छात्रों के पेशेवर जीवन की शुरूआत को चिह्नित करता है। यह कार्यक्रम सेवा, समर्पण, करुणा और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डायरेक्टर सोनोवती सोनोवती टुंडू ने बताया कि लैंप लाइटिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य यह समारोह नर्सों की अग्रणी, को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। छात्राओं ने दीपक (लैंप) जलाकर ज्ञान और करुणा का प्रकाश फैलाने और मरीजों की निस्वार्थ सेवा करने का संकल्प लेते हैं। शपथ ग्रहण इसके साथ ही छात्र नर्सिंग पेशे की जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ लेते हैं। साथ हो छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# जागरूक नारी से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव : किरण कुमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय जागरूक नारी, सशक्त समाज रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट सह पूर्व सदस्य झारखंड राज्य महिला आयोग किरण कुमारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने मुख्य अतिथि किरण कुमारी को पौधा व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। संगोष्ठी में सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि किरण कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की जागरूकता ही समाज की वास्तविक ताकत है। जब महिलाएं अपने अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक होती हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कई महत्वपूर्ण कानून बनाए गए हैं, जिनकी जानकारी हर महिला को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम जैसे कई कानून महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। किरण कुमारी ने कहा कि, शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाती है। जब महिलाएं शिक्षित और जागरूक होंगी, तभी वे अपने परिवार और समाज को भी सही दिशा दे सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित होती है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। इसमें अमीषा, निक्की, रुबी, रिचा, पूजा, काजल और रानी सहित अन्य छात्राओं ने नाट्य, कविता, गीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मंच संचालन प्रशिक्षु रानी और पूजा ने किया।

## एक नजर

### कोडरमा में बाइक चोरी का खुलासा पांच आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा :** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलैया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान तिलैया थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में सभी आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में प्रताप सिंह उर्फ महाराणा प्रताप सिंह (तिलरा), आनंद गुप्ता (सरैयाडीह), छोटन मेहता उर्फ छोटन कुमार मेहता (बंदरबेला), लक्ष्मण कुमार पासवान (पदमा गौरैया गड्डा) और पवन कुमार सोनी (सरैया) शामिल हैं। सभी आरोपी थाना पदमा, जिला हजारीबाग के निवासी बताए गए हैं। छापेमारी टीम में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पु.अ.नि. सच्चिदानंद सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।

### अंबेडकर नगर में संस्कार केंद्र का हुआ उद्घाटन

**कोडरमा :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया की ओर से अंबेडकर नगर में नए संस्कार केंद्र का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य आनन्द मोहन द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों, अभिभावकों तथा केंद्र से जुड़े भैया-बहनों और दीदीजी की उपस्थिति रही। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य आनंद मोहन ने कहा कि संस्कार केंद्र विद्यालय की एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। विद्या भारती की शिक्षा व्यवस्था में संस्कार केंद्र का विशेष महत्व है। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और जीवनोपयोगी शिक्षाओं से जोड़ने के साथ-साथ अक्षर ज्ञान भी कराया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के बच्चों तक शिक्षा और संस्कार पहुंचाना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। संस्कार केंद्रों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, नैतिकता और देशभक्ति की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है।

### मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना

**कोडरमा :** मरकच्चो झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ जिला कोडरमा के निर्देशानुसार सांकेतिक हड़ताल मरकच्चो प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने 9 मार्च से लेकर 11 मार्च 2026 तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे,जिसे लेकर मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन सोमवार को किया। वहीं मांग नही माने जाने पर12/3/2026 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। वही मनरेगा कर्मी सोमवार को सांकेतिक हड़ताल के माध्यम से धरना पर बैठकर अपनी बिभिन्न मांगों को रखा, जिसमें 1 स्थाईकरण करना 2 राज्य मनरेगा कोषांग के अनुरूप ग्रेड पे लागू करना 3 सामाजिक सुरक्षा नीति के तहत स्वास्थ्य बीमा पेंशन और मृत्यु होने पर मुआवजा लागू करना 4 कई माह से लंबित बकाया मान दे का अति शीघ्र भुगतान करना 5 मृत मनरेगा कर्मी के आश्रितों को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करना शामिल है। इस मौके पर सांकेतिक हड़ताल धरना पर कर्मचारी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार दास, बीपीओ रविशंकर प्रसाद, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, जूनियर अभियंता शिव शंकर यादव, विपिन बिहारी, कालेश्वर मुर्मू, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# झंडा चौक पर भाजपा का प्रदर्शन ममता बनर्जी का पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** पश्चिम बंगाल में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश देखा गया। इसी के विरोध में भाजपा झुमरी तिलैया मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहर के झंडा चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन भाजपा झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष उत्तरी इन्द्रदेव बर्णवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया और राष्ट्रपति पद की गरिमा बनाए रखने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति का पद भारतीय गणतंत्र की सर्वोच्च संवैधानिक गरिमा का प्रतीक है और इस पद पर आसीन व्यक्ति पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में यदि राष्ट्रपति के प्रति किसी भी प्रकार का असम्मानजनक या अमर्यादित व्यवहार किया जाता है तो यह न केवल संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है। इन्द्रदेव बर्णवाल ने कहा कि इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है और पश्चिम बंगाल सरकार को इस मामले में देश की जनता से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक पदों की गरिमा और सम्मान बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजपा झुमरी तिलैया मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरकाकाना-रांची रेलखंड पर बड़ा हादसा, ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकाकाना :** बरकाकाना-रांची रेलखंड पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बरकाकाना ओपी क्षेत्र के पोचरा ब्रिज के पास हुई। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या-13513, आसनसोल हटिया एक्स्प्रेस दोपहर 12 बजकर 03 मिनट पर बरकाकाना जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंची थी। निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन 12 बजकर 12 मिनट पर बरकाकाना से रांची के लिए रवाना हुई। स्टेशन से निकलने के कुछ ही समय बाद पोचरा ब्रिज के समीप एक अज्ञात व्यक्ति अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना बरकाकाना ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके साथ ही आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 से 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों को भी सूचना भेजी जा रही है, ताकि उसके परिजनों का पता लगाया जा सके।

# महिला दिवस पर इनरव्हील क्लब की पहल 20 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** ग्रामीण व पिछड़ी महिलाएं अब सभी रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़ घर की दहलीज से बाहर निकल कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी, साथ ही अब वो किसी पर आश्रित नहीं होकर स्वरोजगार से जुड़ सशक्त बनेगी व घर और समाज में अपनी अलग पहचान बना पायेगी। कुछ इसी परिकल्पना को प्रत्यक्ष बनाने का बीड़ा महिला दिवस पर शहर की सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब ने ली है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब कोडरमा के द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रामीण परिवेश की जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को लेकर शहर के स्लम क्षेत्र तिलैया बस्ती में निवास करने वाली किशोरियों एवं गृहिणी व मजदूर महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। सोशल एक्टिविस्ट अमित कुमार के सहयोग से प्रथम चरण में गांव की कुल 20 महिलाओं का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी चयनित प्रशिक्षुओं को अध्यक्ष ज्योति झा के द्वारा सम्मानित करते हुए अल्पाहार करवाया। मौके पर संबोधित करते हुए ज्योति झा ने कहा की महिलाओं के उत्थान से ही संपूर्ण समाज का विकास संभव है। महिलाओं को घर और समाज में अधिकार दिलाना क्लब का उद्देश्य है, आज अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर क्लब की एक बड़ी योजना धरातल पर उतर रही है जो गांव की इन महिलाओं और किशोरियों के आर्थिक जीवन के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस योजना में सर्वाधिक बड़ी भूमिका निभाने एवं अविश्वरणीय सहयोग करने वाले शिक्षक अमित कुमार को धन्यवाद देते हुए उन्हें क्लब का ऋणी बताया।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आया बाइक सवार, हालत गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सयाल मोड़ के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ी जवाहरनगर निवासी सूरज साहू (उम्र लगभग 30 वर्ष), पिता अशोक साहू, अपनी बाइक (जेएच 02 एएन 2209) से भुरकुंडा से गिद्दी की ओर किसी निजी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान सयाल मोड़ के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सूरज साहू बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायल युवक की मदद की और एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ भेज दिया। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोगों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा होने लगी। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस सड़क पर यातायात व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है। दूसरी ओर, दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बीएफसीएल में महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों को मिला सम्मान, समर्पण और नेतृत्व को बताया संस्था की प्रगति की ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग लिमिटेड में कार्यरत महिला कर्मचारियों के योगदान और समर्पण को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एचएसपीए के कैंटीन परिसर में किया गया, जहां महिला कर्मियों की भूमिका और उपलब्धियों को सराहा गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला कर्मचारियों द्वारा केक काटकर की गई। इस दौरान सभी महिला कर्मियों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और कार्यस्थल पर अपनी भूमिका को लेकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मान देना और कार्यस्थल पर समानता तथा सहयोग की भावना को मजबूत करना था इस अवसर पर जसपाल भंकर ने कहा कि महिलाएं अपनी मेहनत, रचनात्मक सोच, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के बल पर न केवल कार्यस्थल को बेहतर बनाती हैं, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता और प्रगति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत अहम होती है। उन्होंने यह भी कहा कि बीएफसीएल में हमेशा ऐसा कार्य वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाता है, जहां सभी कर्मचारियों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग मिल सके। संस्था का मानना है कि जब कार्यस्थल पर सभी को बराबरी का सम्मान मिलता है, तब संगठन की कार्यक्षमता और विकास की गति भी तेज होती है। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए संस्थान लगातार प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में बीएफसीएल प्रबंधन ने यह भी दोहराया कि संस्था कार्यस्थल पर समानता, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने कहा कि महिला कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और मेहनत से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर संस्थान के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में महिला सशक्तिकरण पखवाड़े की शुरूआत, कौशल प्रशिक्षण पर जोर



**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत रांची रोड स्थित एक्सेल डाटा सर्विसेस में महिला सशक्तिकरण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशेष शिविर आयोजित कर महिलाओं को कौशल विकास, स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटुस उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के कुलदीप कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के तहत स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों का ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन की जांच की गई। इसके अलावा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक जागरूकता, सतर्कता और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रस्तुति के जरिए यह संदेश दिया गया कि शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं समाज में मजबूत पहचान बना सकती हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि आज के दौर में युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सही प्रशिक्षण और अवसर मिले, तो वे न केवल रोजगार प्राप्त कर सकते हैं बल्कि आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर एक्सेल डेटा सर्विसेज के कर्मचारियों द्वारा महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया, ताकि महिलाओं में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में सेंटर मैनेजर अरविंद कुमार, सेंटर इंचार्ज सुशील कुमार कुशवाहा और प्लेसमेंट मैनेजर नेहा सिंह ने उपस्थित युवाओं और महिलाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेंटर में कई जॉब ओरिएंटेड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से युवा बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कई युवाओं ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रुचि भी दिखाई।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सदर अस्पताल कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहायक प्राध्यापक अनिल दास ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम के शिक्षकों सौरव केसरी एवं अनुराग कुमार सिंह और केएसएच यूथ फाउंडेशन, कोडरमा के सदस्यों सुमित कुमार और रामू कुमार ने उक्त शिविर में रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा है कि रक्तदान जीवन में महादान होता है। देश के सभी युवाओं को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे जरूरतमंदों व्यक्तियों को नया जीवन प्रदान किया जा सके। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए आग्रह किया। केएसएच यूथ फाउंडेशन के निदेशक विशाल कुमार सिंह ने बी. एड. सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं को जीवन में रक्तदान का महत्व बताया। शिविर में सदर अस्पताल कोडरमा से डॉ० शैलेंद्र वर्मा और सदस्य, ग्रिजली विद्यालय के सदस्य, महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2025-27 के सभी प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, डी एल एड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा एवं सभी सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार, चुन्नु कुमार आदि एवं सभी शिक्षकेतर कर्मचारी वो अन्य सदस्य उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

### नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों के सम्मान समारोह की तैयारी पर मंथन




**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा की बैठक में नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर मंच के कार्यालय में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष राहुल जैन ने की। इस दौरान आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समारोह के सफल संचालन के लिए पीयूष काशलिवाल, ईशान जैन, अंकित खेतान, कुशल अग्रवाल को परियोजना निदेशक बनाया गया है। वहीं कार्यक्रम के मार्गदर्शन और समन्वय की जिम्मेदारी रितेश दुग्गड, संजय ठोलया, संजय अग्रवाल, शैलेश दारुका, अभिषेक सिंघल, अरविंद चौधरी को सौंपी गई। बैठक के दौरान हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित नारी सम्मान समारोह का भी उल्लेख किया गया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी समाज से नव निर्वाचित महिला वार्ड पार्षद चंदा शर्मा एवं पिंकी जैन को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया था। मंच के सदस्यों ने दोनों जनप्रतिनिधियों के जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### समाजसेवी राजेंद्र मेहता के पिता का निधन ग्रामीणों में शोक की लहर

**डोमचांच :** निवासी सुरेंद्र मेहता समाजसेवी राजेंद्र मेहता (नेपाली)संजय मेहता के पिता 95 वर्षीय छोटी मेहता का निधन हो गया। उनके निधन 1, मार्च देर शाम को हुई और 2 मार्च को अंतिम संस्कार किया गया उनके निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वे काफी मिलनसार एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और गांव में सभी के बीच सम्मानित थे। उनके निधन पर ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। शोक व्यक्त करने वालों में बबलू चौधरी उर्फ.अमिताभ कुमार कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव डोमचांच नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मेहता पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू मेहता नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा समाज सेवा रोहित मेहता डोमचांच नगर पंचायत वार्ड नंबर 13 के वार्ड पार्षद नीलकंठ मेहता, महेंद्र मेहता, अशोक मेहता, अनु मेहता, राजेंद्र मेहता सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। सभी ने दिवंगत छोटी मेहता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## एक नजर

### अनुशासित वातावरण में शुरू हुई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा

**बानो :** प्रखंड क्षेत्र में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केतुंगाधाम में सोमवार से वार्षिक परीक्षा की शुरूआत हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संचालित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के अध्ययन का मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह के साथ-साथ हल्की घबराहट भी देखी गई, लेकिन शिक्षकों के मार्गदर्शन से सभी छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सभी कक्षाओं में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

# प्रधान जिला जज ने किया चलंत लोक अदालत का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**खूंटी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक विधिक सेवाएं और विधिक जागरूकता उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जस्टिस ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रसिकेश कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। इस अवसर पर पीडीजे ने सिविल कोर्ट परिसर से जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।




इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न्याय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना है। जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन मार्च 2026 के पूरे माह तक खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंड और गांवों का भ्रमण करेगा, जिसके दौरान चलंत लोक अदालत और विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से लोगों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और लोक अदालत के माध्यम से विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपलब्ध मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी, जिसके माध्यम से प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से आपसी संवाद और सहमति के आधार पर विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जा सकता है एवं लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बचा जा सकता है। इस अभियान के अंतर्गत पैनल अधिवक्ताओं, विधिक सहायता रक्षा परामर्शदाता प्रणाली के सदस्यों और पैरालीगल वॉलंटियर्स को भी इस जस्टिस ऑन व्हील्स कार्यक्रम से संबद्ध किया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक परामर्श देंगे और उन्हें उपलब्ध विधिक सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगे। इस यात्रा के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम गांवों में लोगों से बातचीत करेगी, उनकी विधिक समस्याओं को सुनेगी, जानकारी संबंधी सामग्री वितरित करेगी और उपयुक्त मामलों के निपटारे के लिए चलंत लोक अदालत के माध्यम से सहायता देगी। इस प्रकार यह पहल विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने और सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को सुदृढ़ करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वायरल वीडियो मामले में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी ने दिया बयान, बिना सच्चाई जाने आरोप लगाना गलत



**इटखोरी :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन सोशल मीडिया पर इटखोरी की अंचलाधिकारी सविता सिंह का वीडियो वायरल होने के मामले में सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने जिला परिषद डाक बंगला इटखोरी में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि बिना पूरी सच्चाई जाने किसी महिला पदाधिकारी पर आरोप लगाना उचित नहीं है। जिप अध्यक्ष ममता कुमारी ने कहा कि वायरल वीडियो राजकीय महोत्सव के समय का है। ऐसे में मामले की पूरी सच्चाई जाने बिना किसी महिला अधिकारी को दोषी ठहराना गलत है। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी सविता सिंह एक जिम्मेदार पदाधिकारी हैं और इस तरह की घटनाओं को गलत तरीके से प्रचारित करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के दिन एक महिला अधिकारी को लेकर इस तरह की टिप्पणियां करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना तथ्य के वीडियो वायरल कर आरोप लगाने वालों के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग भी की है।

### झारखंड के गिरिडीह में बिहार एसटीएफ ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**गिरीडीह :** गिरीडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में बिहार के स्पेशल टास्क फोर्स और गिरीडीह पुलिस के संयुक्त अभियान में भाकपा संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान पंकज यादव और पवन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी जीतवाहन उरांव ने सोमवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद बिहार एसटीएफ दोनों को अपने साथ ले गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों नक्सलियों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना में नक्सली घटना से संबंधित मामला दर्ज है।

# उपायुक्त ने किया रेंगारी चर्च का भ्रमण, पर्यटन के रूप में विकसित करने पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त कंचन सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक रेंगारी चर्च का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कोनपाला में स्थित क्षेत्र के प्रथम चर्च का भी अवलोकन किया। वर्ष 1965 ईस्वी में निर्मित रेंगारी चर्च की सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व को देखकर उपायुक्त ने इसकी सराहना की। चर्च के पल्ली पुरोहित ने उन्हें चर्च के निर्माण, इतिहास तथा इसकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने चर्च परिसर में मौजूद सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहरों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने परिसर में स्थित सेंट एंथनी स्कूल के भवन का भी निरीक्षण किया, जो अंग्रेज शासनकाल में वर्ष 1926 ईस्वी में निर्मित हुआ था। उपायुक्त ने स्कूल भवन की ऐतिहासिक महत्ता को देखते



हुए उसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने चर्च परिसर में पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही रेंगारी चर्च को एक ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकसित कर पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर ठेठईटांगर की प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, जिला परिषद सदस्य अजय एक्का, चर्च के पल्ली पुरोहित तथा अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने सदन में उठाया कुकडू थाना भवन व मिलनचौक में टीओपी का मामला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोकेशन/कुकडू :** विधायक सविता महतो ने विधानसभा के तारांकित प्रश्न में कुकडू थाना भवन का मामला प्रमुखता से उठाया। इस दौरान विधायक ने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू में बना थाना भवन लगभग 10 वर्षों से तैयार है, लेकिन आज तक उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि गृह विभाग की अधिसूचना संख्या-4245 दिनांक 10 जुलाई 2010 तथा अधिसूचना संख्या-14/डी.एस. दिनांक 28 फरवरी 2009 के तहत सरायकेला-खरसावां जिले के तिरुलडीह को नए थाना के रूप में अधिसूचित किया





गया था। इसके अंतर्गत तिरुलडीह, चौड़ा, कुकडू, ईचाडीह और लेटेमदा पंचायत को शामिल किया गया है। सरकार ने बताया कि बाद में गृह विभाग की अधिसूचना संख्या-3535 दिनांक 5 सितंबर 2009 के तहत कुकडू थाना को 'बी' श्रेणी के थाना के रूप में अधिसूचित किया गया, जिसमें तिरुलडीह थाना के उक्त पांच पंचायतों को शामिल किया गया। तिरुलडीह और कुकडू थाना का कार्यक्षेत्र समान रहने के कारण तिरुलडीह थाना 1 जुलाई 2009 से पूर्ण रूप से कार्यरत है, लेकिन कुकडू थाना के लिए अलग से कार्यक्षेत्र निर्धारित नहीं होने के कारण वहां थाना संचालन शुरू नहीं हो सका है। इसी कारण कुकडू में बने थाना भवन का अब तक उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं 14 जून 2019 को कुकडू हाट में हुए नक्सली हमले में दो एस आई जवान सहित पांच पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। सरकार ने यह भी बताया कि ईचागढ़ के मिलन चौक क्षेत्र में वर्ष 2023 से 2025 तक नक्सली या बैंक डकैती की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है, हालांकि वर्ष 2025 में चोरी की तीन घटनाएं हुई हैं। कुकडू में थाना भवन चालू करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय ने 19 नवंबर 2025 और 24 फरवरी 2026 को पत्र भेजकर उपायुक्त तथा क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक से प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव मिलने के बाद स्थापित नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार

### निविदा स्थगन सूचना

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या-35/2025-26 प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No- 374106 Rural Development 25_26 D है, जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है।

PR 374482 Rural Development(25-26)#D

जिला अभियंता, लातेहार



## Government of Jharkhand
## Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative
## (Directorate of Dairy Development)
## Jharkhand, Ranchi

**Part- A**

e-Tender for supply of Power Operated Chaff Cutter in different districts of Jharkhand State.

*e-Tender No.- Dairy/06/2025-26*

Online e-tenders are invited from sole Manufacturers/OEM/Authorized reseller/Partner for supply of 2032 unit Power Operated Chaff Cutter on rate contract basis in different districts of Jharkhand State as per details given below:-

**Important Events**

| Sl. | Name of Work | Descriptions |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost for Supply of 2032 unit Power Operated Chaff-Cutter | Estimated Cost ₹5,28,32,000.00 |
| 2 | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 10,56,640.00 (Refundable) |
| 3 | Date of publication of Tender on Website | 11.03.2026 |
| 4 | Period of downloading of tender documents | Start Date 11.03.2026 at 05:00 PM |
| 5 | Date of Pre-Bid Meeting | 13.03.2026 at 03:00 PM |
| 6 | Online Bid Submission Period | Start Date 11.03.2026 at 05:00 PM<br>End Date 26.03.2026 at 02:00 PM |
| 7 | Date of Technical bid opening | 27.03.2026 at 03:00 PM |
| 8 | Date of Opening of Financial Bid | Will be declared later on |
| 9 | Name & Address of the Office inviting e-Tender (Procurement Officer) | Director, Dairy, Directorate of Dairy Development, Training & Extension Institute Campus, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand |

***Units are Indicative**
**Detailed tender document can be downloaded and applied through website http://www.jharkhandtenders.gov.in**
**Note: The above dates may change due to unavoidable circumstances.**
**Tender notification & Tender document can also be seen (only reading purpose) on the Departmental website http://animalhusbandry.jharkhand.gov.in**

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in but submit only through NIC e-tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in.
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Validity of the contract Period – The validity of the rate contract shall generally be one year and shall not exceed two years.
4. EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gov.in portal.
5. All uploaded documents should be legible/readable if not tender may be rejected. Unsigned uploaded documents will be rejected.
6. The scheduled mentioned above is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in & Notice Board at official address Director, Directorate of Dairy Development, Sector II, Dhurwa, Ranchi, PIN- 834004.

**Director, Dairy**
**Directorate of Dairy Development**
**Jharkhand Ranchi**

PR 374471 (Animal Husbandry)25-26*D


### आईसीएआर नामकुम में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी आयोजित

**खूंटी :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 08 और 09 मार्च को आईसीएआर, नामकुम में किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषिए पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं, जबकि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न जिलों से आए किसानों, महिला समूहों और कृषि आधारित उद्यमों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में खूंटी जिले के बीएमएमयू तोरपा की ओर से ब्रांड 'पलाश' के अंतर्गत संचालित दीदी बेकरी यूनिट का भी एक स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में मडुवा से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई, जिनमें निमकी, केक, सेब कुकीज, फ्रूट केक सहित अन्य खाद्य उत्पाद शामिल थे। मेले में पहुंचे अतिथियों और आगंतुकों ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद की काफी सराहना की। साथ ही स्टॉल पर इन उत्पादों की अच्छी बिक्री भी हुई।

### विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में वार्षिक परीक्षा शुरू, अनुशासित माहौल में हुआ संचालन



**सिमडेगा :** विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में वार्षिक परीक्षा आज शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में प्रारंभ हुई। परीक्षा की सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से की गई हैं। परीक्षा प्रमुख प्रमोद पानीग्राही तथा पर्यवेक्षक लक्ष्मी देवी के दिशा-निर्देश में परीक्षा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद साहू ने वंदना सभा में सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी शांत मन से, सोच-समझकर एवं ईमानदारी के साथ परीक्षा लिखें। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

### पुराने अनुमंडल कार्यालय को म्यूजियम बनाने पर सरना समिति ने उपायुक्त से की मुलाकात



**सिमडेगा :** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र भगत एवं अन्य सदस्यों ने उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने जिले के पुराने अनुमंडल कार्यालय को हेरिटेज-सह-म्यूजियम के रूप में विकसित किए जाने के लिए उपायुक्त का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि जिले की पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में प्रशासन की पहल से सिमडेगा को म्यूजियम मिलना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि इससे जिले के इतिहास, संस्कृति और पारंपरिक वस्तुओं को सुरक्षित रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भी अपनी विरासत से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि उनके पास कई प्राचीन एवं पारंपरिक वस्तुएं हैं, जिन्हें वे संग्रहालय में सुरक्षित रखने के लिए समर्पित करना चाहते हैं।

# टापूडेगा में महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिला के ठेठईटांगर प्रखंड के अंतर्गत मरोमड़ेगा पंचायत के टापूडेगा गांव में आज संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन, सिमडेगा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही "100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चलाए गए 100 दिनों के जागरूकता अभियान का समापन भी किया गया इस दौरान किए गए गतिविधि के बारे में विस्तृत रूप से संथा के सचिव प्रियंका सिंह द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों ,किशोरियों और ग्रामीणों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण तथा बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज उपस्थित रहे। इसके अलावा तपुदेगा के ग्राम प्रधान,



मेरोमडेगा ग्राम प्रधान के तथा छोटानागपुर कल्याण निकेतन की सचिव प्रियंका सिन्हा एवं अन्य गणमान्य वयक्ति भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद थे संयुक्त रूप से अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और महिलाओं को उनके अधिकारों तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान, समान अवसर और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह दिन समाज को याद दिलाता है कि महिलाओं के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की बराबर भागीदारी एक मजबूत और प्रगतिशील समाज की पहचान है। मुख्य अतिथि प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि "आज की महिला केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बेटियाँ शिक्षित हों, सुरक्षित हों और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का पूरा अवसर मिले। बाल विवाह जैसी कुरीतियों को खत्म करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# सिमडेगा में महिलाएं संगठित होंगी तो समाज में आएगा सकारात्मक बदलाव : जोसिमा खाखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** संत अन्ना महागिरजाघर परिसर में कॉथलिक महिला संघ का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न हो गया। कार्यक्रम के सफल होने पर कैथलिक महिला संघ की सभानेत्री सह जिप सदस्य और कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने आयोजन समिति सहित सभी लोगों के प्रति आभार जताया। जोसिमा खाखा कार्यक्रम के शुरूआत एवं समापन समारोह में भी शामिल हुई। उनके कार्यक्रम स्थल में पहुँचने पर जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन बिशप विंसेंट





बरवा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, डीसी कंचन सिंह सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि कॉथलिक महिला संघ केवल एक संगठन नहीं बल्कि महिलाओं को एकजुट कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की सबसे मजबूत कड़ी होती हैं और उनके बिना किसी भी समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ना बेहद जरूरी है। जब महिलाएं शिक्षित और जागरूक होंगी, तभी वे अपने परिवार और समाज को सही दिशा दे सकेंगी। उन्होंने कहा कि आज की महिला अब केवल घर तक सीमित नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दे रही है। जोसिमा खाखा ने कहा कि समाज में शांति, प्रेम और एकता बनाए रखने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। महिलाएं यदि ठान लें तो समाज में कई सकारात्मक बदलाव संभव हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी भी महिलाओं के कंधों पर है, इसलिए हमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना होगा। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे संगठित होकर समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहें।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा
Email Id- rwdsimdega@gmail.com

पत्रांक : 304 सिमडेगा/दिनांक : 06.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति आवश्यक सूचना**

इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा इस प्रमण्डल, के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्य ***(1)*** गुझरीया से कुल्लुकेरा गिरमा नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। ***(लं0- 1.450*** किoमीo***), (2) LO28*** अम्बाटोली ढ़ोरही चपाबारी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। ***(लं0- 4.250*** किoमीo***), (3)*** आर0ई0ओ0 मुख्य पथ से गुझरिया कुल्लुकेरा पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। ***(लं0- 2.800*** किoमीo***), (4)*** झीरकामुंडा झुमकाछापर ढ़ोरही पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। ***(लं0- 8.200*** किoमीo***), (5)*** किनकेल बेतमा मोड़ से चापाबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ***(लं0- 2.250*** किoमीo***)*** के संवेदक Md. Yasin Construction Pvt. Ltd, Anish Shad, S/o Md. Yasin College Road Simdega, Dist, Simdega- 835223. को सूचित किया जाता है कि उक्त कार्य के एकरारित अवधि समाप्त हो जाने के बावूजद आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो एकरारनामा का उल्लंघन है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 15.03.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 14.12.2024 है। कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त हो चुकी है। आपको कार्य पूर्ण करने के लिए इस कार्यालय का पत्रांक 1995 दिनांक 21.11.2024, पत्रांक 356 दिनांक 08.04.2025, पत्रांक 941 दिनांक 29.08.2025, पत्रांक 1078 दिनांक 15.10.2025, पत्रांक 1506 दिनांक 27.11.2025 एवं पत्रांक 103 दिनांक 27.01.2026 के द्वारा पत्र लिखा गया है परन्तु आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लम्बें समय तक जान बूझकर कार्य को पूर्ण नहीं करना एवं मनमाने ढंग से कार्य को बंद रखना, आपके लापरवाही, उदासीनता एवं उदण्डता का परिचायक है। आपके द्वारा एकरारनामा की शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया। आपको अन्तिम रूप से प्रेस के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करते हुए गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा में निहित कंडिकाओं के अनुसार उचित अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पथ का अन्तिम मापी तथा आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा उच्चाधिकारियों से की जायेगी।

| क्र0 | प्रखंड | पैकेज सं0 | कुल लम्बाई (कि0मी0) | संवेदक का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा एवं कार्य प्रारंभ की तिथि | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | वर्तमान में कार्य संपादन की स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | कुरडेग | JH-M-SIM-07/2023-24 | 18.950 | Md. Yasin Construction Pvt. Ltd. | 10 F2 of 2023-24 | 15-03-2024 | 14-12-2024 | आपके आवंटित पैकेज में पथों की संख्या 5 है जिसके विरूद्ध केवल दो पथ में कालीकरण का कार्य किया गया है। शेष 3 पथों में WMM का कार्य किया गया जो आंषिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। | – |

PR 374436 Simdega (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

# हिमाचल प्रदेश में भुला दिया गया खरपतवार उन्मूलन

हिमाचल प्रदेश की 80-85% आबादी कृषि से जुड़ी है। खेती की जोत बहुत छोटी होने के कारण पशुपालन और दस्तकारी प्राचीनकाल से लोगों की जीविका का आधार रहा है। पिछले कुछ दशकों से पशुपालन सरकार और वन विभाग की गलत नीतियों के चलते लगातार यह क्षेत्र अनदेखी का शिकार हो रहा है। परिणाम स्वरूप बहुत से लोग पशुपालन से तौबा कर चुके हैं। अत्यधिक चीड़ रोपण और लेंटाना आदि खरपतवारों के फैलने से प्रदेश की 2 लाख 35 हजार हेक्टेयर चरागाह और वन भूमि खरपतवारों की चपेट में आकर अनुत्पादक हो चुकी है। खरपतवारों ने केवल स्थानीय घासों को ही नष्ट नहीं किया बल्कि प्रदेश की बहुमूल्य जैव-विविधता को भी खतरे में डाल दिया है। इसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हुआ है। पशुपालन के लिए प्रदेश के किसानों को पंजाब से महंगी तूड़ी या पराली लाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के पास 67% वन भूमि है, जिसके अधिकांश भाग में चारा उपलब्ध होता रहा है। किन्तु व्यापारिक वानिकी के चलते और खरपतवार के फैलने से प्रदेश चारे के अकाल जैसी स्थिति से जूझ रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि पहाड़ों में पशुपालन खुले चरागाहों में चुगान करने पर निर्भर रहा है। इससे पशुपालन की लागत कम आती थी। पशु को धन की संज्ञा दी गई थी. किन्तु अब महंगे चारे ने पशुपालन व्यवसाय को खतरे में डाल दिया है। अन्य सुविधाएं चाहे कितनी भी दी जाएं, जब तक भरपेट सस्ता चारा उपलब्ध नहीं होगा तबतक पशुपालन की हालत दयनीय ही रहेगी। इसका परिणाम बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के झुंडों के रूप में सामने आ रहा है। हमारी योजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों की समझ के आधार पर बनती हैं, जिससे एक काम बनता है तो दूसरा बिगड़ जाता है। भूमि उपयोग से जुडी योजनाएं भूमि पर आधारित सभी आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं की समझ पर समग्र दृष्टि से बनाई जानी चाहिए। प्रदेश की अधिकांश भूमि तो वन विभाग के प्रबन्धन में है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बनती है की वन, कृषि, पशुपालन, बागवानी और जलवायु प्रबन्धन की जरूरतों को देखते हुए सर्व समावेशी योजना बनाने की वकालत करें। पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार ने खरपतवार उन्मूलन के प्रति दृढ़ता का परिचय देते हुए व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का साहस दिखलाया है, जिससे पशुओं और वन्य प्राणियों को भी पर्याप्त घास मिल सके। तमिलनाडु उच्च न्यायालय ने भी इस मुद्दे का संज्ञान लिया है और आदेश दिया है कि यह कार्य खरपतवार काटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उखाड़ कर वहां स्थानीय घास लगाकर चरागाह विकसित करके स्थानीय पारिस्थितिकीय संतुलन को स्थापित किया जाना चाहिए। इस प्रक्रिया को टिकाऊ बनाने के लिए स्थानीय समुदायों को भी जोड़ने का काम किया गया है। वह मॉडल हिमाचल प्रदेश के लिए भी उपयुक्त हो सकता है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में इस कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवा कर गतिविधि को सहज बनाने के लिए निजी उद्योगों को भी जोड़ा है। लेंटाना से बायोचार (एक तरह का कोयला) बना कर बेकार खरपतवार का उपयोग किया जा रहा है। हिमाचल में भी चीड़ की पत्तियों और लेंटाना जैसी खरपतवारों के पेलेट्स बनाकर उपयोग किये जा सकते हैं। हालांकि हिमाचल में इस तरह के कुछ प्रयास हुए भी हैं किन्तु वे सफल नहीं हो सके, क्योंकि उनको सरकार का पूर्ण सहयोग नहीं मिल सका। सरकार ने यह सोचा था कि यह अपने स्तर पर ही एक सफल उद्योग के रूप में स्थापित हो सकेगा, किन्तु बायोचार या ब्रिकेट्स बनाने के बाद जिस बाजार में वह उत्पाद बेचना पड़ता है उसका भाव लाभदायक नहीं मिलने के कारण वे उद्योग बंद पड़ गए हैं। यदि चरागाह विकास और वनों में आग नियंत्रण के कार्य को इससे जोड़ कर देखा जाए तो इन उद्योगों को सरकार द्वारा कच्चा माल उपलब्ध करवा कर उद्योग को भी सफल बनाया जा सकता है और कुछ बोझ निजी कंपनियां भी उठा सकती हैं। मनरेगा ( वीबी जी राम जी ) कार्यक्रम को भी इस गतिविधि से जोड़ा जा सकता है।

# मंगला जुलूस की निराली पंरपरा की शुरूआत 1955 से हुई थी

विजय केसरी

होली पर्व के समापन के साथ ही हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगल जुलूस' की तैयारी शुरू हो जाती है। 10 मार्च को हजारीबाग नगर के विभिन्न रामनवमी समितियां द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पहला मंगला का पहला जुलूस निकाला जाएगा। नगर के राम भक्तों के उल्लास का आलम यह रहा कि होली के अगजा के ही दिन पंच मंदिर के राम भक्तों ने पहला मंगल जुलूस निकाल दिया था। जबकि अभी तक श्री चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन नहीं हो पाया है। अध्यक्ष पद को लेकर राम भक्तों के बीच बहुत ही गहमा गहरी चल रही है। इस निमित्त कई राम भक्त बाजे गाजे के नगर भ्रमण कर चुके हैं। अब देखना यह है कि इस बार कौन राम भक्त अध्यक्ष निर्वाचित होते हैं? स्थानीय लोग मंगला जुलूस को मिनी रामनवमी के नाम से भी संबोधित कर गर्व का अनुभव करते हैं। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही हजारीबाग का मंगला जुलूस का इतिहास भी गौरवपूर्ण है। हजारीबाग के मंगला जुलूस का इतिहास रामनवमी जुलूस से जुड़ा है । एक शोध के अनुसार मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत 1955 के आसपास हुई थी। मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत पर चर्चा को आगे बढ़ाने से पूर्व रामनवमी जुलूस के गौरवमई इतिहास की चर्चा करना बेहद जरूरी है। चूंकि रामनवमी जुलूस निकलने के लगभग सैंतीस वर्षों बाद ही मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत हो पाई थी। यह बात प्रचलित है कि मंगला जुलूस वृहद रामनवमी जुलूस की पूर्व तैयारी की भूमिका होती है। रामनवमी जुलूस का विस्तार जैसे-जैसे बढ़ता गया। उसी तरह इसकी लोकप्रियता भी बढ़ती गई । बृहद रामनवमी जुलूस के अवसर पर बेहतर ढंग से शस्त्र प्रदर्शन हो, इस निमित्त हर मंगलवार को जुलूस निकालने की परंपरा शुरू हुई थी।

चूंकि रामनवमी से पूर्व हजारीबाग में निकलने वाले मंगला जुलूस का इतिहास रामनवमी पर्व से जुड़ा हुआ है। इसलिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि हजारीबाग में रामनवमी की शुरूआत कैसे हुई? इसकी कहानी बड़ी ही दिलचस्प है। हर नगर वासियों को इस कहानी को जानना चाहिए। हजारीबाग जेपीएम मार्ग निवासी, स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1918, में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन (चैत्र नवमी) पर अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर पहला महावीरी झंडा का जुलूस निकाला था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने हाथ में महावीरी झंडा लेकर बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मंदिरों का परिक्रमा कर जुलूस का समापन किया था। इस जुलूस में शामिल उनके मित्रों ने बढ़ चढ़कर उन्हें सहयोग किया था। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह जुलूस आने वाले समय में हजारीबाग की रामनवमी जुलूस के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। गुरु सहाय ठाकुर ने रामनवमी का पहला जुलूस भगवान राम चंद्र जी के जन्मदिन चैत्र नवमी को निकाला था। इस संबंध में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर के नाती सेवा निवृत्त शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने बताया कि गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही भगवान राम के अनन्य भक्त रहे थे। वे समाज में जात - पात, व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को दूर करना चाहते थे। वे बाल काल से ही सामाजिक नव जागरण में सक्रिय थे। एक रात गुरु सहाय ठाकुर ने स्वप्न देखा कि वे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर महावीरी झंडा लेकर नगर का भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की । उन्होंने सुबह इस स्वप्न का जिक्र अपने परिवार सहित कुछ मित्रों से किया। तब लोगों ने उन्हें सलाह दिया था कि भगवान राम आपके माध्यम से महावीरी झंडा निकलवाना चाहते हैं। यह सुनकर गुरु सहाय ठाकुर ने संकल्प ले लिया था कि इस बार चैत्र रामनवमी के दिन महावीरी झंडा जरूर निकालूंगा। 1918 में उन्होंने कुछ मित्रों के साथ पहला महावीर झंडा निकाला था। 1918 में शुरू हुआ यह पहला महावीरी झंडा धीरे धीरे कर रामनवमी जुलूस में परिवर्तित होता चला गया था।

चैत्र रामनवमी के दिन गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाले गए जुलूस को जन-जन तक पहुंचाने में हजारीबाग नगर के हीरा लाल महाजन, टीभर गोप, कर्मवीर, कन्हैया गोप, घनश्याम कहार, पांचू गोप, महावीर मिस्त्री मूर्तिकार, गजाधर महाजन, कस्तूरी मल अग्रवाल जैसे सैकड़ों जन ने महती भूमिका निभाई थी। बाद के कालखंड में जब मंगला जुलूस हजारीबाग में निकलना प्रारंभ हुआ था, तब उपरोक्त हिंदू धमार्नुरागियों ने बढ़ चढ़कर अपनी मां की भूमिका अदा की थी।

हजारीबाग नगर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, जिस मंदिर में पूजा अर्चना 1901 से प्रारंभ हो गई थी। इसी वर्ष यह मंदिर एक दान पत्र के माध्यम से सार्वजनिक पूजा के लिए समर्पित कर दिया गया था। इस मंदिर में बनारस के कारीगरों द्वारा बनाया गया एक विशाल महावीरी झंडा लाया गया था। इस झंडा में भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर भक्त हनुमान की आकृति उकेरी हुई थी। जो काफी आकर्षक था। गुरु सहाय ठाकुर ने पंच मंदिर के महावीरी झंडा को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि रामनवमी के जुलूस में इस के महावीरी झंडा को शामिल करने की इजाजत दी जाए। लेकिन तत्कालीन राधा कृष्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। इससे वे मायूस नहीं हुए थे। बल्कि 1918 में उन्होंने अपने पांच मित्रों के साथ एकल महावीरी झंडा लेकर चैत्र रामनवमी के दिन पहली बार जुलूस निकाले थे। आगे चलकर एकल रामनवमी झंडा जुलूस की सूरत बदलती चली गई थी। अब सैकड़ों की संख्या में इस जुलूस में महावीरी झंडे शामिल होने लगे थे । बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर राधा कृष्ण मंदिर का महावीरी झंडा रामनवमी के जुलूस में शामिल किया जिसने लगा था।

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर रामनवमी जुलूस के माध्यम से हिंदू समाज में जागृति लाना चाहते थे। वे हिंदुओं में एक संगठन पैदा करना चाहते थे। यह भी जानकारी मिली कि ब्रिटिश शासन काल में ईसाई धर्म प्रचार के क्रम में हजारीबाग सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर इस महावीरी झंडा जुलूस के माध्यम से हिंदुओं के भीतर भगवान राम की भक्ति का अलख जगाना चाहते थे। हिंदू धर्मावलंबियों के अन्य धर्म में परिवर्तित होने के बाद उन्हें कतई पसंद नहीं थी। इस महावीरी जुलूस के माध्यम से गुरू सहाय ठाकुर धर्म परिवर्तन को रोकना चाहते थे। इसलिए उन्होंने हर हिंदू के घर में राम चरित मानस रखने की बात भी बताई थी। वे समाज में व्याप्त जात पात, कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को जड़ से मिटा देना चाहते थे। इस कालखंड में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर हिंदू घरों मे शराब का सेवन हुआ करता था। उन्होंने महावीर झंडे के माध्यम से घर-घर में होने वाले शराब के सेवन को बंद कराने का भी आह्वान किया था। फलतः समाज पर इसका बहुत ही व्यापक असर हुआ था। देश की आजादी के बाद जब पहला महावीर झंडा निकाला गया था, तब इसकी सूरत ही बदली हुई नजर आई थी। देश की आजादी के बाद जुलूस के स्वरूप में क्रमवार विस्तार ही होता चला गया। हजारीबाग नगर में रामनवमी जुलूस हेतु कई समितियों का निर्माण होना शुरू हो गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई समितियों का निर्माण हुआ। गुरु सहाय ठाकुर महावीर झंडा जुलूस के माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर देवी मंडप एवं अन्य देवी-देवताओं के पूजा स्थलों की स्थापना में अपनी महती भूमिका निभाई थी। यह सब उन्होंने हिंदू धर्म के जागृति पैदा करने के लिए किया था। आजादी के चार-पांच वर्षों के बाद मंगला जुलूस का निकलना प्रारंभ हुआ था। तब आज की तरह मंगला जुलूस का यह स्वरूप नहीं था । मंगला जुलूस हजारीबाग नगर के विभिन्न समितियों द्वारा निकाले जाते थे, तब यह निश्चित हो जाता था कि इतनी संख्या में रामनवमी जुलूस निकाले जाएंगे। धीरे धीरे कर मंगला जुलूस के स्वरूप में भी विस्तार होता चला गया। यह मंगला जुलूस नगर के प्रमुख मंदिर राधा कृष्ण मंदिर, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी, खजांची तालाब मंदिर, महावीर मंदिर, कुमार टोली महावीर आदि मंदिरों में महावीरी लंगोटा एवं प्रसाद चढ़ाकर, भ्रमण कर शस्त्र परिचालन प्रदर्शन कर अर्धरात्रि तक समाप्त हो जाया करता है। यह परंपरा आज भी अनवरत जारी है।

## सूडोकु नवताल- 7729

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7728 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# अमेरिका का 'लाइसेंस' और भारत की ऊर्जा सुरक्षा का सवाल

विजय शंकर नायक

6 मार्च 2026 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने रूस-संबंधित जनरल लाइसेंस 133 जारी किया। यह एक साधारण कागज का टुकड़ा नहीं था झ यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा, विदेश नीति और संप्रभुता पर एक खुला तमाचा था। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश, जो प्रतिवर्ष लगभग 300 मिलियन टन कच्चा तेल खरीदता है, अब रूस से पहले से लोड हो चुके तेल को खरीदने के लिए अमेरिका से 30 दिनों की 'अनुमति' मांग रहा है। यह लाइसेंस 5 मार्च 2026 को दोपहर 12:01 बजे ईएसटी से पहले जहाजों पर लोड किए गए रूसी क्रूड और पेट्रोलियम उत्पादों की डिलीवरी और बिक्री को भारतीय बंदरगाहों पर अनुमति देता है, लेकिन केवल 4 अप्रैल 2026 तक। उसके बाद फिर से अमेरिका के दरवाजे पर खड़े होना पड़ेगा।

यह घटना सिर्फ एक अस्थायी राहत नहीं है - यह 21वीं सदी की सबसे बड़ी विडंबना है। एक ओर भारत 'विश्व गुरु' बनने का दावा करता है, दूसरी ओर उसकी अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा एक महाशक्ति के हाथों में कैद हो जाती है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पर लगे प्रतिबंधों ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया था, लेकिन ईरान युद्ध ने स्थिति को और भयावह बना दिया। होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया, 200 से ज्यादा जहाज फंस गए, जिनमें 38 भारतीय जहाज शामिल हैं। मध्य पूर्व से तेल की सप्लाई लगभग ठप हो गई। ऐसे में अमेरिका ने 'मानवीय' आधार पर यह वेवर जारी किया, लेकिन असल मकसद क्या है? वैश्विक बाजार में तेल बहता रहे, या भारत को अपनी जगह याद दिलाई जाए कि वह अभी भी 'स्वतंत्र' नहीं है?

### रूस-भारत तेल संबंधः एक दशक की यात्रा और वर्तमान संकट

भारत और रूस के बीच ऊर्जा सहयोग की जड़ें सोवियत काल में हैं। 2021 में भारत रूस से मात्र 2% तेल आयात करता था। 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को डिस्काउंट पर तेल बेचने के लिए मजबूर किया। भारत ने इस अवसर का फायदा उठाया - 2023 तक रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया, 40% से ज्यादा हिस्सेदारी के साथ। 2024 में भारत ने रूस से लगभग 52.73 बिलियन डॉलर का क्रूड आयात किया। लेकिन 2025-26 में अमेरिकी दबाव बढ़ा। अमेरिका ने रूसी तेल कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए, 25% पेनल्टी टैरिफ थोपे, और भारत को रूसी तेल कम करने के लिए मजबूर किया।जनवरी 2026 में रूस से आयात 44 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया - मात्र 19.3% हिस्सेदारी। फरवरी में यह 1.042 मिलियन बैरल प्रति दिन रहा, जबकि कुल आयात 5.3mbd तक पहुंच गया। सऊदी अरब, इराक और यूएई ने हिस्सेदारी बढ़ाई। लेकिन ईरान युद्ध ने सब बदल दिया। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से मध्य पूर्वी तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। भारत के पास विकल्प सीमित थे - या तो महंगे अमेरिकी/गल्फ तेल खरीदो, या रूसी तेल जो पहले से समुद्र में तैर रहा है। अमेरिका ने ठीक यही मौका देखा और 30 दिनों का 'लाइसेंस' दे दिया। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने पर लिखाः 'तेल को वैश्विक बाजार में बहते रहने के लिए... भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अस्थायी 30-दिवसीय छूट।'

लेकिन यह छूट केवल उन जहाजों के लिए है जो 5 मार्च से पहले लोड हो चुके थे। नए शिपमेंट्स? नहीं। यह एक स्टॉपगैप है, जो भारत को 30 दिनों के लिए राहत देता है, लेकिन लंबे समय में निर्भरता बढ़ाता है।

### आर्थिक प्रभावः अरबों की बचत या अमेरिकी जाल?

रूसी तेल भारत के लिए वरदान रहा है। प्रतिबंधों के कारण रूस 7-12% सस्ता तेल बेचता रहा। 2025 में भारत ने अरबों डॉलर बचाए। लेकिन अब स्थिति उलट गई है। अमेरिकी दबाव से रूसी हिस्सेदारी घटकर 20-30% रह गई। इस वेवर से भारतीय रिफाइनरियां उन कार्गो को खरीद सकेंगी जो पहले प्रतिबंधों के कारण अटके थे। लेकिन 30 दिनों बाद क्या? अगर वेवर नवीनीकृत नहीं हुआ, तो भारत को महंगे विकल्प चुनने पड़ेंगे।तेल कीमतें पहले ही बढ़ रही हैं। ईंधन, परिवहन, खाद्य झ सब महंगा होगा। मुद्रास्फीति बढ़ेगी, रुपया कमजोर होगा। भारतीय कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर जुमार्ने का जोखिम उठा रही हैं। रिफाइनरियां कानूनी राय ले रही हैं। एक ओर ऊर्जा सुरक्षा, दूसरी ओर अमेरिकी दंड का डर।

### भू-राजनीतिक निहितार्थः संप्रभुता की मौत?

यह वेवर भारत की बहुपक्षीय विदेश नीति पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करता है। भारत हमेशा कहता आया है कि वह किसी की गुलाम नहीं है - न रूस का, न अमेरिका का। लेकिन जब ऊर्जा सुरक्षा दांव पर लगे, तो 'लाइसेंस' लेना पड़ता है। क्या यह आधुनिक गुलामी नहीं? एक संप्रभु राष्ट्र को अपनी जरूरत पूरी करने के लिए वाशिंगटन से परमिशन लेनी पड़ रही है। अमेरिका की रणनीति साफ है झ ईरान युद्ध में रूस को अलग-थलग रखना, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था को क्रैश होने से बचाना। भारत को इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा इसे 'पीएम मोदी की रणनीतिक तेल कूटनीति की सफलता' बता रही है, लेकिन आलोचक कहते हैं कि यह अमेरिका के सामने घुटने टेकना है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी इसे 'राष्ट्रीय अपमान' कह रहे हैं।

### आगे की राहः निर्भरता से मुक्ति या गुलामी की नई कड़ी?

यह 30-दिवसीय वेवर अस्थायी है, लेकिन समस्या स्थायी। भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए तीन रास्ते अपनाने होंगेः नवीकरणीय ऊर्जा पर जोरः सौर, पवन, हाइड्रोजन - निर्भरता कम करने का एकमात्र स्थायी रास्ता।

विविधीकरणः वेनेजुएला, अफ्रीका, अमेरिका से आयात बढ़ाएं, लेकिन महंगे पड़ेंगे।

कूटनीतिक संघर्षः BRICS, SCO जैसे मंचों पर प्रतिबंधों के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

अंत में, यह घटना हमें सिखाती है कि संप्रभुता सिर्फ झंडा फहराना नहीं झ आर्थिक स्वतंत्रता है। जब तक भारत तेल के लिए विदेशी 'लाइसेंस' पर निर्भर रहेगा, तब तक 'आत्मनिर्भर भारत' सिर्फ नारा रहेगा। क्या हम इस जंजीर को तोड़ पाएंगे, या 30 दिनों की गुलामी को स्थायी बना लेंगे? समय बताएगा, लेकिन आज का सच कड़वा है - भारत की संप्रभुता भांड में गई है।

**लेखक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं।**

# पुस्तक समीक्षा : महापुरुषों का योग अर्थात महात्मा गांधी

मुकुंद

लेखक द्वय चित्रा वर्मा व मदन मोहन वर्मा की किताब "गांधी जरूरी हैं" बाजार में आई है। बकौल मदन मोहन वर्मा यह किताब लगभग चार दशक से ज्यादा के सतत अध्ययन के बाद तैयार हो पाई। उन्हें देरी का कोई अफसोस नहीं। वह कहते हैं, "गांधी को समझना आसान नहीं। इसके लिए 132 ग्रंथों को पढ़ना पड़ा। तब समझ में आया- महापुरुषों का योग अर्थात महात्मा गांधी।" मोहन मदन वर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में हैं। चित्रा उनकी पत्नी हैं। ख्यातिलब्ध कवि केदारनाथ अग्रवाल के समग्र संग्रह को संग्रहित करने वाले साहित्यकार गोपाल गोयल कहते हैं-गांधी जरूरी हैं, अनूठी कृति है। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन की विस्तृत कहानी को चलचित्र की तरह जीवंत करती है। लेखक द्वय ने महात्मा गांधी के समर्पण और संघर्ष को गहराई से प्रस्तुत करते हुए उनके बारे में उठी नकारात्मक धारणाओं को चुनौती दी है।" वह कहते हैं- " मदन वर्मा देश सेवा में अपने अनुभवों और गांधीजी के सिद्धांतों को अपनाकर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।"

इस पुस्तक में गांधीजी के जीवन दर्शन के मूल तत्व - सत्य, अहिंसा, निर्भीकता और सत्याग्रह को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। यह किताब भौतिक निर्भरता के बजाय नैतिक उत्थान, सादा जीवन और उच्च विचार पर जोर देती है। गांधीजी के विचार शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल अक्षर ज्ञान, पर वृहद दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। गांधी के स्वराज को सच्चे स्वराज का अर्थ स्व-शासन बताया गया है। बापू की यह धारणा अंग्रेजी प्रणाली का अंधानुकरण नहीं करने का संदेश देती है। यह पुस्तक यह स्थापित करती है कि 21वीं सदी की संकटग्रस्त दुनिया में गांधीवादी विचार प्रकाश स्तंभ की तरह अनिवार्य हैं।

आमुख समेत 254 पृष्ठों में गुंथी इस पुस्तक में लेखक द्वय का आह्वान है- "गांधी से हम जितनी दोस्ती करेंगे, उतने ही अच्छे इंसान बनेंगे।" प्रस्तावना के दो शब्द में कहा गया है- "महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत का आरम्भ तो देखा परन्तु आजादी के बाद के भारत और उसका विकास, समृद्धि, असमानता व वर्णित समस्याओं को वे नहीं देख सके। ...गांधी जी के जीवनकाल में जो समस्याएं थीं, वह आज भी भारत सहित मौजूदा विश्व में कायम ही नहीं बल्कि कई गुना बढ़ी हुई हैं और जटिल रूप ले ली हैं। ऐसे समय में हमें यह देखना जरूरी है कि गांधी के दिखाए मार्ग में इन समस्याओं का कोई समाधान है या नहीं। प्रासंगिक संदर्भ में गांधीजी के बारे में विश्व विख्यात वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंसटीन ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियां यह विश्वास करेंगी ही नहीं कि हाड़-मांस का ऐसा कोई व्यक्ति इस धरती पर चला था। " सर्व सेवा संघ (अखिल भारतीय सर्वोदय मंडल) सेवाग्राम (वर्धा) के अध्यक्ष चंदन पाल प्रस्तावना के मध्यम में यह टिप्पणी करते हैं कि मदन वर्मा ने गांधी जी के तीन बंदरों सहित 11 मूर्तियां स्थापित की हैं। हरिजन सेवक संघ दिल्ली की केंद्रीय कमेटी के सदस्य और पद्मश्री से अलंकृत उमाशंकर पाण्डेय का नोट है कि यह कृति न केवल पठनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। लेखक द्वय अपनी बात बिना लाग लपेट कर रखते हैं। उन्होंने लिखा- "हम कोई लेखक नहीं हैं, विगत जीवन के अनुभव और गांधी जी पर पढ़ी पुस्तकों के सकारात्मक पहलू प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।" इस पुस्तक का पहला संस्करण दो अक्टूबर 2025 को छपकर आया है। लगभग किताबों की बिक्री हो चुकी है। वर्मा दंपति द्वितीय संस्करण लाने की तैयारी कर रहा है। इस किताब में 32 अध्याय हैं। इनमें गांधी की विराटता की झलक देखने को मिलती है। इसमें उल्लेख किया गया है कि दुनिया के 100 से अधिक देशों में उनके नाम पर सड़कें और प्रतिमाएं बनी हुई हैं।

एक आदमी की सेना, गुरुदेव और गांधी, राष्ट्रपिता, वस्त्रों का त्याग, गांधी और आम्बेडकर, गांधी और भगत सिंह, बनारस में गांधी, धन और श्रम का महत्व, वसुधैव कुटुम्बकम, न्याय और वकालत, निर्लिप्त गांधी, कोई पराया नहीं, मार्मिक प्रसंग, आश्रम, गांधीः हिन्दू - मुस्लिम, शराबबंदी और गांधी, अनुकरणीय व रोचक प्रसंग, गांधी ने मुसलमानों को पाकिस्तान नहीं जाने दिया, अहिंसा, क्षमा, देश की आजादी में बापू का योगदान, गांधी और जेल, आदर्श कैदी, गांधी और सुभाष, उपवास, गांधी और 55 करोड़, मजबूरी का नाम महात्मा गांधी!, जलियांवाला बाग, देश विभाजन और गांधी, ओआखली, दिल्ली अनशन और महापुरुषों का योग- इस किताब के अध्याय हैं। इनकी हर लाइन में गांधी के आदर्श समाए हैं। 'माउंटबेटन का गांधी जी को वन मैन आर्मी (एक आदमी की सेना) कहना" को पहले अध्याय में रोचक और विस्तार से बताया गया है। गांधी के महत्व को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के इन शब्दों में समझा जा सकता है-"यदि गांधी जी डेढ़ सौ साल पहले नहीं होते तो और उन्होंने वर्ण और वंश के खिलाफ आवाज नहीं बुलंद की होती तो अमेरिका का बराक ओबामा राष्ट्राध्यक्ष नहीं होता।" इस किताब में बड़ी बात यह है कि कबीरदास की जीविका का साधन चरखा था और गांधीजी ने चरखे को पूरे देश की जीविका का साधन बना दिया।

पुस्तक का नामः 'गांधी जरूरी हैं

**लेखक : चित्रा वर्मा व मदन मोहन वर्मा**

**मूल्य : 269**


**प्रकाशन : इंडी प्रेस, बेंगलुरू**

**आईएसबीएनः 978-93-7197-598-8**

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## दैनिक पंचांग

10 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.02 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.42 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.41 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.10 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.22 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.33 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.47 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.03 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 03.09 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.55 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 69 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 19.05 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 08.21 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 12.41 बजे तदनन्तर बव 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872644
**जूलियन दिन** 2461109.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 20
**विशेष** शीतला सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर बच्ची की मौत परिजनों में शोक



**साहिबगंज:** तीनपहाड़-धमधमिया के बीच रेल ट्रैक पर बाबूपुर गांव के पास ट्रेन से गिर कर एक किशोरी की मौत हो गई। राजकीय रेल पुलिस के अनुसार बिहार के भागलपुर जिले के गोरचौकी थाना क्षेत्र के कजरैली निवासी अरविंद मंडल की पुत्री खुशी कुमारी (12) बीते रविवार को अपने फूफा विकास कुमार, चाचा रविन्द्र मंडल सहित अन्य परिजनों के साथ पश्चिम बंगाल के तारापीठ से पूजा करने के बाद हावड़ा जयनगर ट्रेन से लौट रही थी। परिजनों के अनुसार ट्रेन लगभग रात्रि 9:45 बजे धमधमिया स्टेशन पहुंची तो उसी समय खुशी बाथरूम गयी। वही काफी देर होने और ट्रेन के तीनपहाड़ से खुलने पर भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने बाथरूम में देखा तो दरवाजा खुला था। काफी देर ट्रेन में इधर उधर ढूंढने पर भी जब कुछ पता नहीं चला तो परिजन आगे तालझारी स्टेशन पर उतर गए और तालझारी स्टेशन से अन्य स्टेशनों को बच्ची के गुम होने को लेकर सूचना दिया। इस दौरान तीनपहाड़ स्टेशन के पूर्वी छोर से 25 से 30 मीटर की दूरी पर बाबुपुर के समीप अप रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 192/39 के पास एक शव होने की सूचना मिली। मौके पर परिजनों ने उसकी पहचान खुशी कुमारी के रूप में किया। आशंका है की उसकी मौत ट्रेन से गिरने हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार की अहले सुबह बरहरवा जीआरपी के प्रभारी रामशंकर प्रसाद दल बल के साथ मौके पर पहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम हेतु भेज दिया।

### बच्चा चोर की अफवाह पर वृद्ध महिला की पिटाई, गंभीर

**पश्चिमी सिंहभूम:** जिले के चक्रधरपुर प्रखंड के हाथिया पंचायत अंतर्गत रामडा गांव में सोमवार को बच्चा चोरी की अफवाह के कारण ग्रामीणों ने एक वृद्ध महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला रामडा गांव पहुंची थी। गांव में उसके आने के बाद कुछ लोगों को उस पर बच्चा चोरी करने का संदेह हुआ। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में फैल गई और अफवाह का रूप ले लिया। इसके बाद कई ग्रामीण इकट्ठा हो गए और महिला को घेरकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान महिला के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ग्रामीणों का आरोप था कि महिला गांव में बच्चा चोरी करने के इरादे से आई थी।

# डीसी के हाथों "फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी" का उद्घाटन, करियर गाइडेंस फेस्ट का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की भावना को आगे बढ़ाते हुए, जिले में युवाओं के शैक्षणिक और करियर विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "करियर गाइडेंस फेस्ट" एवं फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन आज डीसी हेमंत सती के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सही समय पर सही मार्गदर्शन भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकांश छात्र-छात्राओं को यह स्पष्ट जानकारी नहीं होती कि 10वीं या 12वीं के बाद उनके सामने कितने व्यापक करियर विकल्प उपलब्ध हैं। प्रायः विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर या कुछ पारंपरिक क्षेत्रों तक ही सीमित जानकारी रखते हैं, जबकि आज के दौर में करियर के असंख्य नए अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य और सपना निर्धारित करना बहुत जरूरी है। सपना केवल कल्पना नहीं, बल्कि ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जिससे व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़े। यदि विद्यार्थी समय रहते अपने लक्ष्य के बारे में सोचेंगे और उसके अनुसार तैयारी करेंगे तो वे अपने जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि आज के समय में इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से ज्ञान के असीमित स्रोत उपलब्ध हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। इस लाइब्रेरी में आधुनिक कंप्यूटर, उच्च गति का वाई-फाई, डिजिटल अध्ययन सामग्री तथा शांत अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्र-छात्राएं घर बैठे प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी और यहां बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर छात्रों को अध्ययन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही समय-समय पर करियर गाइडेंस, मोटिवेशनल सेशन तथा विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को सही दिशा मिल सके। डीसी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत आज एक ह्डेमोग्राफिक डिविडेंडह वाला देश है, अर्थात देश की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। यदि युवा अपनी ऊर्जा और क्षमता का सही उपयोग करेंगे तो देश तेजी से प्रगति करेगा, लेकिन यदि युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग नहीं कर पाए तो यही अवसर चुनौती में भी बदल सकता है। इसलिए युवाओं को गंभीरता से पढ़ाई, कौशल विकास और करियर निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी केवल एक भवन या पुस्तकालय नहीं है, बल्कि यह जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। डिजिटल माध्यम के जरिए विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बेहतर अवसर मिलेंगे।

## इलामी मध्यटोला में आग लगने से घर जला, विधायक ने दी राहत सहायता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड अंतर्गत इलामी पंचायत के मध्यटोला में सोमवार (9 मार्च 2026) को ईसब शेख के घर में अचानक आग लग जाने से उनका पूरा घर और घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा घर उसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक घर और उसमें रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।



घटना की जानकारी दूरभाष के माध्यम से पाकुड़ विधानसभा की माननीय विधायक निसात आलम को दी गई। सूचना मिलते ही विधायक ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस मौके पर फिरोज शेख, रफीक मास्टर, दावत शेख सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## उच्च न्यायालय में लंबित वादों के त्वरित निष्पादन हेतु उपायुक्त ने दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधि शाखा द्वारा विभागवार उन लंबित मामलों की सूची प्रस्तुत की गई, जिनमें अब तक सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की तथा ऐसे मामलों की विशेष रूप से जांच की, जिनमें अभी तक सरकार का पक्ष रखते हुए प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर नहीं किया गया



है। समीक्षा के उपरांत उन्होंने संबंधित विभागों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित वादों में प्रतिशपथ पत्र दायर करने की कार्रवाई एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करें, ताकि न्यायालय में सरकार का पक्ष समय पर प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि तथ्य विवरणी के अनुमोदन के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारी याचिका में उठाए गए बिंदुओं के अनुरूप कंडिकावार तैयार तथ्य विवरणी की भली-भांति समीक्षा कर लें और यह सुनिश्चित करें कि सभी तथ्यों का समुचित एवं सटीक उल्लेख किया गया है। इसके पश्चात ही तथ्य विवरणी का अनुमोदन करते हुए उसे उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

## 17 नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आरएम-जनमन एवं डीए-जगुआ योजना के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण तथा एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सिद्धो-कान्हो सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हेमंत सती एवं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों का स्वागत नन्हा पौधा भेंट कर किया गया, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त हेमंत सती ने अपने संबोधन में नव चयनित सेविका एवं सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को भोजन कराने का स्थान नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य के निर्माण का



महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म से लेकर शुरूआती 1500 दिन उसके मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की देखभाल की जाती है। उन्होंने सेविकाओं से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें तथा आंगनबाड़ी केंद्र को अपने दूसरे घर की तरह संचालित करें। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नव नियुक्त सेविका एवं सहायिकाओं के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र को नियमित रूप से समय पर खोलने, बच्चों की उपस्थिति, पोषण, स्वच्छता, पेयजल एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से केंद्र की गतिविधियों की ऑनलाइन निगरानी की जाती है।

## स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सैनेटरी नैपकिन व अंडरगार्मेंट का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में आयुष विभाग द्वारा पीवीटीजी कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं किशोरियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सैनेटरी नैपकिन एवं अंडरगार्मेंट का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय की बच्चियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा बेहतर जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। सोमवार को हिरणपुर प्रखंड के मोहनपुर संथाली टोला में 43 तथा अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में 35 बच्चियों एवं महिलाओं के बीच सैनेटरी नैपकिन और अंडरगार्मेंट का वितरण किया गया। इस दौरान आयुष विभाग के कर्मियों ने महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से



जानकारी दी। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विपिन चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से पीवीटीजी समुदाय की महिलाओं और बच्चियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, संक्रमण से बचाव तथा स्वच्छता की बेहतर आदतों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. कुलेश कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सहित अन्य आयुष कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बोरियो प्रखण्ड में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** बोरियो प्रखण्ड कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बोरियो नागेश्वर साव की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर पर चुनाव से संबंधित कार्यों की जानकारी देना एवं विभिन्न आवश्यक दिशानिर्देशों पर चर्चा करना था। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की ओर से प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, सचिव गफ्फार अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिजवान अंसारी सहित लगभग 110 बूथों से पार्टी के बीएलए शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बूथ स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और निर्वाचन कार्यों में प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### रेलवन ऐप को बढ़ावा देने के लिए मालदा मंडल का अभियान चौथे दिन में पहुंचा



**साहिबगंज:** मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा संभाग द्वारा रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए चलाया जा रहा सप्ताह भर का अभियान आज सफलतापूर्वक चौथे दिन में प्रवेश कर गया। इस पहल के अंतर्गत, मालदा संभाग ने रेलवन मोबाइल एप्लिकेशन की विशेषताओं और लाभों के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए मालदा टाउन स्टेशन, बरहरवा, तालझारी, साहिबगंज और जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता और प्रचार अभियान चलाया। यह अभियान मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और निर्बाध यात्रा अनुभव के लिए डिजिटल रेलवे सेवाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अभियान के दौरान, यात्रियों को रेलवन ऐप की विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें ऐप डाउनलोड करने और सक्रिय रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह ऐप एक ही प्लेटफॉर्म पर रेलवे सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें टिकट बुकिंग, ट्रेन की जानकारी, यात्रा योजना और अन्य यात्री-संबंधी सेवाएं शामिल हैं, जिससे रेल यात्रा सरल, तेज और अधिक कुशल हो जाती है। इस अभियान को स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों का भरपूर समर्थन मिला, जिन्होंने रेलवन ऐप पर स्विच करने और इस डिजिटल युग में डिजिटल सेवाओं को अपनाने के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यात्रियों, रेल उपयोगकताओं और रेलवे कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की। इस अभियान का संदेश स्पष्ट और सरल है: कई रेलवे ऐप्स को अलविदा कहें और रेलवन के एकल, एकीकृत प्लेटफॉर्म पर स्विच करें। एक व्यापक ₹सुपर ऐप₹ के रूप में, रेलवन कई यात्री सुविधाओं और सेवाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत करता है। इस ऐप के माध्यम से, यात्री लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के टिकट बुक कर सकते हैं, कुछ ही सेकंड में प्लेटफॉर्म टिकट खरीद सकते हैं, ट्रेन की लाइव स्थिति देख सकते हैं, कोच की स्थिति देख सकते हैं, पीएनआर स्थिति ट्रैक कर सकते हैं, यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर कर सकते हैं और रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही अन्य सेवाएं भी उपलब्ध हैं। पूर्वी रेलवे द्वारा डिजिटल रेलवे सेवाओं को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत, मालदा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

### हिरणपुर में अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**पाकुड़:** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को अंचलाधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई हिरणपुर थाना क्षेत्र के बन पोखरिया गांव के समीप कोयला रोड पर की गई। छापामारी के दौरान दोनों ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू ढोते हुए पकड़ा गया। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर Hiranpur थाना लाया। इस मामले में ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध हिरणपुर थाना कांड संख्या 16/26, दिनांक 09 .03 .2026 दर्ज किया गया है। मामला धारा 317(5)/3(5) बीएनएस, 4/21 MMDR Act 1957, 54 JMMC 2004 तथा 7/9/13 JMPTMTS Act 2017 के तहत दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने कर्मियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## राजमहल प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कर्मियों की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के तहत पहले दिन धरना प्रदर्शन किया। यह हड़ताल मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। धरना के दौरान मनरेगा पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकार से अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मनरेगा कर्मियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति का निर्माण, राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत पदाधिकारियों के समरूप वेतन



संरचना (ग्रेड पे) लागू करना, सामाजिक सुरक्षा नीति के तहत स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मृत्यु मुआवजा लागू करना शामिल है। इसके अलावा कई महीनों से लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान, मृत मनरेगा कर्मियों के आश्रितों को समुचित आर्थिक सहायता एवं लाभ, मानदेय भुगतान की समयबद्ध और सुनिश्चित व्यवस्था तथा अनावश्यक कार्यभार और अव्यावहारिक लक्ष्य निर्धारण पर रोक लगाने की भी मांग की गई। धरना कार्यक्रम में विनोद रूज, संध्या मंडल, बीना मरांडी, अखिलेश पंडित सहित अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने खराब डीप बोरिंग को विधायक और उपायुक्त से की ठीक कराने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोडाम प्रखंड अंतर्गत बोटा पंचायत के कदोगोडा स्थित माझी टोला के ग्रामीणों को पिछले कई वर्षों से पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को टोला के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और उपायुक्त को आवेदन देकर खराब पड़े डीप बोरिंग की मरम्मत कराकर जल्द से जल्द पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि कदोगोडा के माझी टोला में लगभग 16 अनुसूचित जनजाति परिवार रहते हैं। सरकार की ओर से चार वर्ष पूर्व यहां सोलर सिस्टम के साथ पानी की टंकी और डीप बोरिंग का निर्माण कराया गया था, ताकि टोला



के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग का गड्ढा तो खोद दिया गया, लेकिन उसमें मशीन और पाइप नहीं लगाया गया, जिससे आज तक उस डीप बोरिंग से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार अधूरा पड़े बोरिंग गड्ढे में पानी भर गया है, लेकिन मशीन और पाइप नहीं होने के कारण उसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। नतीजतन टोला के लोगों को आज भी पीने के पानी के लिए जंगल के अंदर स्थित एक झरना पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वहां ग्रामीणों ने अस्थायी रूप से एक छोटी हाड़ी (बाड़ी) बनाकर पानी जमा करने की व्यवस्था की है और उसी पानी का उपयोग पीने और घरेलू कामों के लिए करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि झरने का पानी स्वच्छ नहीं होने के कारण अक्सर बच्चे और बड़े बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा झरना गांव से काफी दूर जंगल के अंदर स्थित है, जिससे खासकर महिलाओं और बच्चियों को पानी लाने में काफी परेशानी और जोखिम का सामना करना पड़ता है। बरसात और गर्मी के मौसम में स्थिति और भी अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी से मांग की है कि कदोगोडा के माझी टोला में बने डीप बोरिंग में मशीन और पाइप लगाकर उसकी मरम्मत कराई जाए तथा सोलर सिस्टम को चालू कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो गांव के लोगों को पानी के संकट के साथ-साथ बीमारियों का भी खतरा बना रहेगा।

# एयर इंडिया बढ़ा रही यूरोप और अमेरिका के लिए अतिरिक्त उड़ानें

**- यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण एशिया के लिए 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित होंगी**

नई दिल्ली ।

टाटा समूह की एयर इंडिया ने 10 से 18 मार्च के बीच यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण एशिया के लिए 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है। इसमें न्यूयॉर्क (जेएफके), लंदन हीथ्रो, फ्रैंकफर्ट, पैरिस, एम्स्टर्डम और ज्यूरिख शामिल हैं। साथ ही माले और कोलंबो के लिए नई सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से नौ मार्गों पर कुल 17,660 सीटें जुड़ेंगी। इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया के हवाई क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। कई एयरलाइनों को अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ीं या वैकल्पिक मार्गों से उड़ानें चलानी पड़ीं। एयर इंडिया ने वैकल्पिक और सुरक्षित मार्ग अपनाकर यूरोप और अमेरिका के लिए अपनी सेवाएं जारी रखी हैं। यूरोपीय उड़ानों के लिए बोइंग 787-8 और न्यूयॉर्क की उड़ानों के लिए बोइंग 777-300 ईआर का उपयोग




किया जाएगा। इंडिगो ने भी मुंबई-लंदन मार्ग फिर से शुरू किया है, जिसमें नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से लीज पर लिया गया बोइंग 787-9 इस्तेमाल हुआ। विमान अफ्रीका और लाल सागर मार्ग से यूरोप पहुंचता है, जिससे उड़ान लगभग 10 घंटे 30 मिनट लंबी हो गई। भारतीय एयरलाइनों के लिए पाकिस्तान-अफगानिस्तान कॉरिडोर बंद है। इसलिए वे सीमित विकल्पों में वैकल्पिक मार्ग अपनाने को मजबूर हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, लंबी उड़ानों से ईंधन लागत और संचालन जटिलताएं बढ़ रही हैं।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही हैं सरकारी योजनाएं: निर्मला सीतारमण



**महिलाओं के पास 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते हैं**

नई दिल्ली ।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच उन्हें असली आज़ादी दिलाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि जनधन खाता और लखपति दीदियों जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही हैं और घरों तथा समुदायों को नया आकार दे रही हैं। जनधन योजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार देश में अब तक 57.71 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। सीतारमण ने बताया कि महिलाओं के पास 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते हैं, जो पूरे भारत में वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। लखपति दीदी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को ट्रेनिंग, वित्तीय सहायता और अन्य संसाधन प्रदान किए जाते हैं। इसका लक्ष्य महिलाओं को इतना सक्षम बनाना है कि वे सालाना एक लाख रुपए या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें। इस योजना से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। इसी प्रकार केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नारी शक्ति नए भारत के निर्माण का आधार है और देश के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अवसर सृजित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

# मध्य-पूर्व तनाव से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने की आशंका

**भारत की प्रमुख गैस कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने की कर रही तैयारी**

नई दिल्ली ।



मध्य-पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता के बीच देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े सूत्रों के अनुसार मौजूदा हालात को देखते हुए देश की प्रमुख गैस कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने की दिशा में कदम उठा रही हैं। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई में कमी देखने को मिल रही है। विशेष रूप से 5, 19 और 425 किलोग्राम वाले जंबो कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की चर्चा है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठान और औद्योगिक इकाइयों की चिंता बढ़ गई है। गैस कंपनियों के प्लांट्स पर सिलेंडर भरवाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लगने की जानकारी भी सामने आ रही है। डीलरों का कहना है कि उन्हें सीमित कोटा ही उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके कारण सप्लाई व्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से संकेत दिए गए हैं कि घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं की आपूर्ति को हर हाल में सुचारू बनाए रखने के लिए कुछ नए नियम और शर्तें लागू की जा सकती हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक हालात लंबे समय तक तनावपूर्ण बने रहते हैं तो इसका असर व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों पर पड़ सकता है। ऐसे में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों पर भी दबाव बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि सरकार और ऊर्जा कंपनियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित रखने के प्रयास जारी हैं।

# एआई एजेंट बन सकते हैं सबसे बड़ा साइबर खतरा- साइबर सुरक्षा फर्म

नई दिल्ली ।

साइबर सुरक्षा फर्म जीस्केलर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल ही में कहा कि देश को स्वदेशी एआई (सॉवरिन एआई) के विकास में लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एआई तकनीक में पाँच साल पीछे रहें, तो यह देश के लिए नुकसानदेह होगा। तीन साल की देरी भी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने जैसा है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा में तकनीकी समय की देरी सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पिछड़ी तकनीक के कारण हैकर्स और खतरनाक एजेंट नेटवर्क में आसानी से प्रवेश कर सकते हैं। जय चौधरी ने साइबर खतरों को दो श्रेणियों में बाँटा। पहला, हैकर समूह जो जल्दी पैसा कमाने के लिए हमले करते हैं। दूसरा, देश-स्तरीय एजेंट जो आईपी चोरी और युद्धकालीन फायदे के लिए नेटवर्क में बैकडोर और स्पाइवेयर एम्बेड करते हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेट पर हर खुला पॉइंट अटैक सरफेस बन जाता है। पहले हैकरों को हफ्तों लगते थे, अब एआइ 30 सेकंड में पूरी जानकारी जुटा सकता है। सिलिकन वैली में कार्यालय खोलने से पहले जीस्केलर ने बेंगलुरु में अपना ऑफिस खोला। भारत में कंपनी के लगभग 40 फीसदी कर्मचारी काम करते हैं, जिनमें बेंगलुरु, चंडीगढ़, पुणे और हैदराबाद शामिल हैं। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और ट्रेनिंग टीम का लगभग आधा हिस्सा भारत में है, जो अमेरिका के बाहर कंपनी का सबसे बड़ा केंद्र बनाता है। जय चौधरी ने सॉवरिन एआई और उन्नत तकनीक के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया।

# अरबों डॉलर का भारतीय माल रास्ते में अटका, 45,000 कंटेनर फंसे

नई दिल्ली ।

पश्चिम एशियाई संघर्ष के कारण भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की कंपनियों के मुताबिक, लगभग 40,000-45,000 कंटेनर फिलहाल मार्ग में फंसे हैं या अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों पर अटके हुए हैं। इनमें से करीब 80 प्रतिशत समुद्री मार्ग में हैं। इन कंटेनरों में कुल 1-1.5 अरब डॉलर मूल्य का माल शामिल है, जिसमें बासमती चावल लगभग 4 लाख टन शामिल हैं। शिपिंग कंपनियों ने युद्ध जोखिम अधिभार, आपातकालीन लागत वसूली शुल्क और पीक सीजन शुल्क जैसे अतिरिक्त शुल्क लागू किए हैं। इन कारणों से प्रति कंटेनर लागत तीन से पांच गुना बढ़ गई है। एक व्यापार नीति विश्लेषक के अनुसार, सामान्य दिनों में अरब सागर में माल ढुलाई की लागत 800-1,500 डॉलर होती थी, अब इसे अतिरिक्त 3,000-5,000 डॉलर जोड़ना पड़ रहा है। बीमाकर्ताओं द्वारा युद्ध जोखिम कवर रद्द कर दिया गया है, जिससे निर्यातकों के लिए जोखिम और बढ़ गया है। कुछ निर्यातक बेक टू टाउन विकल्प पर विचार कर रहे हैं, जिससे बंदरगाह से माल वापस लाकर घरेलू बाजार में बेचा जा सके। इसके अलावा यदि खाड़ी देशों के बंदरगाह पर माल उतारना संभव न हो, तो इसे सलालाह जैसे वैकल्पिक बंदरगाहों पर उतारा जा सकता है।



# 150 डॉलर के पार पहुंच सकता है कच्चा तेल

नई दिल्ली ।



दुनिया की लगभग 20 फीसदी क्रूड ऑयल सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से होकर जाती है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह जल मार्ग जल्द खुलता है, तो तेल की कीमतें गिर सकती हैं और बाजार सामान्य हो सकता है। लेकिन अगर बंदी कई सप्ताह तक बनी रहती है, तो सप्लाई में बाधा और कीमतों में तेजी आ सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 125 डालर प्रति बैरल रेजिस्टेंस स्तर है। इस स्तर को पार करने पर कीमतें 145-150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, जो 2008 के उच्च स्तर के करीब है। वहीं 90 डॉलर प्रति बैरल महत्वपूर्ण सपोर्ट के रूप में उभर सकता है, जो बाजार में तनाव कम होने का संकेत देगा। तेल की कीमतें सिर्फ सात दिनों में 65 फीसदी तक बढ़ी, जो बेहद असामान्य है। यह तेजी 2022 के एनर्जी संकट से अलग है, क्योंकि तब बढ़ोतरी मुख्य रूप से भू-राजनीतिक डर से थी, जबकि अब वास्तविक सप्लाई बाधित हो रही है।




# प्लैटिनम के दामों में गिरावट, युवाओं में बढ़ रही मांग

**1 ग्राम प्लैटिनम 6,340, 10 ग्राम की कीमत अब 63,400 रुपए**

**नई दिल्ली** । देश के ज्यादातर शहरों में सोमवार को प्लैटिनम की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, चंडीगढ़, हैदराबाद, सूरत, नागपुर और रायपुर में 1 ग्राम प्लैटिनम 6,340 रुपए में उपलब्ध है। 10 ग्राम प्लैटिनम की कीमत अब 63,400 रुपए हो गई है, जो पिछले हफ्ते के मुकाबले 10 ग्राम पर 500 रुपए कम है। सोने की कीमत लगातार ऊंची बनी हुई है। इस समय 10 ग्राम सोने का भाव लगभग 1,60,000 है। वहीं, 10 ग्राम प्लैटिनम लगभग 66,800 में मिल रहा है। कीमत में यह बड़ा अंतर कई खरीदारों को प्लैटिनम की ओर आकर्षित कर रहा है। प्लैटिनम ज्वैलरी का लुक काफी अलग और मॉडर्न माना जाता है। खासकर युवा वर्ग अब इसे पसंद करने लगे हैं। हालांकि प्लैटिनम की रीसेल वैल्यू सोने जितनी मजबूत नहीं होती, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे बाजार दर पर बेचा जा सकता है। अगर आप प्लैटिनम ज्वैलरी खरीदने का सोच रहे हैं, तो सबसे पहले ताज़ा रेट, शुद्धता और मेकिंग चार्ज की जांच करें। इससे भविष्य में बेचते समय सही मूल्य मिलने में मदद मिलती है।

# पेट्रोल और डीजल के भाव में उतार-चढ़ाव

**- गौतमबुद्ध नगर, देहरादून में पेट्रोल 26 पैसे सस्ता, पटना में 35 पैसे महंगा**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, जिसका असर देश के शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दिख रहा है। यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 26 पैसे सस्ता होकर 94.90 रुपए/लीटर और डीजल 30 पैसे गिरकर 88.01 रुपए प्रति लीटर पर आ गया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में भी पेट्रोल 26 पैसे घटकर 93.43 रुपए प्रति लीटर और डीजल 31 पैसे घटकर 88.33 रुपए प्रे ति लीटर बिक रहा है। वहीं पटना में पेट्रोल 35 पैसे बढ़कर 105.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 33 पैसे बढ़कर 91.82 रुपए प्रति लीटर हो गया। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए, डीजल 87.67 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए, डीजल 89.97 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपए, डीजल 91.76 रुपए और चेन्नई में पेट्रोल 101.03 रुपए, डीजल 92.61 रुपए बिक रहा है।

# क्रूड का दाम बढ़ने से अपस्ट्रीम कंपनियों को लाभ, ओएमसी और अन्य सेक्टर्स पर दबाव

नई दिल्ली ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सोमवार को तेल की कीमतों में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई और यह 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई। भारत जैसे देशों के लिए जो कच्चा तेल आयात करते हैं, यह स्थिति अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। तेल उत्पादक कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से सीधे लाभान्वित होती हैं। इन कंपनियों के लिए हर 1 डॉलर की कीमत बढ़ोतरी से सालाना 300-400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त रेवेन्यू होने का अनुमान है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल जैसी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के लिए कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें चुनौती बन सकती हैं। सरकार फिलहाल पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमतें बढ़ाने के पक्ष में नहीं है, इसलिए बढ़ी हुई लागत सीधे इन कंपनियों के मार्जिन और मुनाफे पर असर डालती है। पेंट कंपनियों के लिए भी तेल की कीमतें चिंता का विषय हैं। पेंट बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई रसायन पेट्रोकेमिकल से जुड़े होते हैं। लागत बढ़ने पर कंपनियों को उत्पाद की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं, जिससे बिक्री और मांग प्रभावित हो सकती है। ब्रोकरेज फर्मों ने एशियन पेंट्स और बर्जर पेंट्स के टारगेट कम किए हैं। एविएशन कंपनियों के लिए भी तेल की कीमतें बड़ी चुनौती हैं। इंडिगो जैसी एयरलाइंस के लिए एविएशन टरबाइन फ्यूल का खर्च बढ़ने से संचालन और मुनाफे पर दबाव बढ़ सकता है।

# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 1352 , निफ्टी 422 अंक गिरा**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बढ़ने से भी बाजार टूटा है क्योंकि निवेशकों में भय का माहौल है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,352.74 अंक करीब 1.71 फीसदी नीचे आकर 77,566.16 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 422.40 अंक फिसलकर 24,028.05 पर बंद हुआ। हालांकि बाजार में निचले स्तरों पर खरीददारी से कुछ रिकवरी हुई। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार में गिरावट से शुरुआत हुई । अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई, जिसका सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ा। बाजार खुलते ही निवेशकों में सतर्कता का माहौल बन गया और भारी बिकवाली देखने को मिली। कारोबार की शुरुआत में बीएसई सेंसेक्स करीब 2,347 अंकों की गिरावट के साथ लगभग 76,571 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। वहीं निफ्टी 50 भी लगभग 713 अंकों की गिरावट के साथ 23,736 के आसपास ट्रेड करता दिखा। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आए। गिरावट के बीच सबसे ज्यादा नुकसान इंटरग्लोब ऐविएशन के शेयर में दर्ज किया गया, जिसमें करीब 7.5 फीसदी तक की गिरावट देखी गई। इसके अलावा टाटा स्टील, लार्सन एंड टर्बो, स्टेट बैंक आफ इंडिया और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेज गिरावट रही। वहीं एशियन पेंट, अडाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकानामी जोन, आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंड लिमिटेड और बजाज फाइनेंस भी नुकसान में कारोबार करते दिखे। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो लगभग सभी सेक्टर दबाव में रहे। सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में देखने को मिली, जो करीब 5.5 फीसदी तक फिसल गया। इसके बाद निफ्टी आटो इंडेक्स में लगभग 4.14 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वहीं पिछले शुक्रवार शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई।




# कच्चे तेल में उछाल से पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट

**देश के आयात बिल और महंगाई पर भी असर पड़ने की आशंका**



**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के शेयरों में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेज गिरावट दर्ज की गई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शेयर 8.67 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का 8.43 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का 7.29 प्रतिशत टूट गया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और उससे तेल की कीमतों में आई तेजी है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 114 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इस उछाल से न सिर्फ तेल कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ा है, बल्कि देश के आयात बिल और महंगाई पर भी असर पड़ने की आशंका है। तेल की बढ़ती कीमतों से पेंट उद्योग भी प्रभावित हुआ। एशियन पेंट्स का शेयर 5.12 प्रतिशत, इंडिगो पेंट्स 4.83 प्रतिशत, बर्जर पेंट्स 4.80 प्रतिशत और कंसाई नेरोलैक पेंट्स 4.72 प्रतिशत टूट गए। इसकी वजह पेंट उद्योग में उपयोग होने वाली कच्ची सामग्री की लागत बढ़ना है, जो तेल और पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर है।

# यात्रा रद्द करने से पहले जानें रिफंड और वैकल्पिक उड़ान के नियम

**एयरलाइन से आने वाले आधिकारिक संदेश- ईमेल, एसएमएस या ऐप नोटिफिकेशन ध्यान से पढ़ें**

नई दिल्ली ।

पश्चिम एशिया की यात्रा पर निकले कई यात्री हाल ही में बढ़ते युद्ध और हवाई मार्ग बंद होने की वजह से अपनी उड़ान और होटल बुकिंग रद्द कर रहे हैं। यात्रियों को पहले तय करना चाहिए कि वे यात्रा करना चाहते हैं या रिफंड लेना चाहते हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइन से आने वाले आधिकारिक संदेश-ईमेल, एसएमएस या ऐप नोटिफिकेशन ध्यान से पढ़ें और कोई भी कदम उठाने से पहले नियमों को समझ लें। यदि युद्ध या हवाई मार्ग बंद होने की वजह से एयरलाइन अपनी उड़ान रद्द करती है, तो नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के` नियम स्पष्ट हैं। बुकिंग करा चुके यात्री को पूरी रकम वापस मिलती है या उसकी वैकल्पिक यात्रा का इंतजाम किया जाता है। ऐसी स्थिति को फोर्स मैजर कहा जाता है।` विशेषज्ञ के अनुसार इस तरह की असामान्य परिस्थितियों में एयरलाइन से अलग मुआवजा मांगना जरूरी नहीं होता, लेकिन मूल टिकट की रकम लौटानी होती है। रिफंड का अधिकार मजबूत करने के लिए एयरलाइन से लिखित में पुष्टि लेना जरूरी है। विशेषज्ञों की मानें तो खुद टिकट कैंसल कराने के बजाय इंतजार करें कि एयरलाइन ही उड़ान रद्द कर दे। अगर यात्री खुद टिकट रद्द करा लेता है मगर उड़ान चालू रहती है तो तब तक किराये के सामान्य नियम लागू होंगे, जब तक एयरलाइन किराया माफ करने के या मुफ्त में कैंसल करने की नीति नहीं लाती है। जब एयरलाइन उड़ान को टालने या शुल्क माफ करने जा रही हो तो नॉन-रिफंडेबल किराये वाले टिकट कैंसल बिल्कुल नहीं करें। लॉ` विशेषज्ञों की सलाह है, यात्रियों को खुद टिकट कैंसल नहीं करने चाहिए बल्कि एयरलाइन से लिखित कैंसलेशन मांगना चाहिए ताकि रिफंड का उनका अधिकार बना रहे। अगर एयरलाइन आपको वैकल्पिक उड़ान का प्रस्ताव देती है तो उसे स्वीकार करना और यात्रा करना जरूरी नहीं है। अगर आपको लगता है कि तेज होते युद्ध के बीच आपको सफर नहीं करना है तो आप एयरलाइन से उसकी जगह पूरा किराया वापस मांग सकते हैं।

# फिनो पेमेंट्स बैंक ने केतन मर्चेंट को नया अंतरिम सीईओ नियुक्त किया

नई दिल्ली ।

फिनो पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ ऋषि गुप्ता को पिछले महीने जीएसटी से संबंधित कथित उल्लंघन के मामले में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में उन्हें अभी तक जमानत नहीं मिली है। गिरफ्तारी के बाद बैंक के बोर्ड ने गुप्ता के कार्यभार की जिम्मेदारी मुख्य वित्तीय अधिकारी केतन मर्चेंट को सौंप दी थी। बैंक ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केतन मर्चेंट को अंतरिम सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति 27 फरवरी, 2026 से तीन महीने या गुप्ता के फिर से कार्यभार संभालने तक लागू होगी। मर्चेंट बैंक के सीएफओ भी हैं और गुप्ता की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने बैंक के रोजमर्रा के संचालन का नेतृत्व किया। गुप्ता का बैंक में वापस आना बोर्ड और नामांकन व पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) द्वारा उनकी उपयुक्तता की पुन: समीक्षा और आरबीआई की मंजूरी पर निर्भर करेगा। दिलचस्प बात यह है कि गिरफ्तारी से लगभग एक महीने पहले ही आरबीआई ने गुप्ता का कार्यकाल तीन साल के लिए बढ़ाने की अनुमति दी थी, जो 2 मई, 2026 से प्रभावी होगा।

संक्षिप्त डायरी

## नीट छात्रा की मौत के केस में सीबीआई के हाथ खाली

**पटना (एजेंसी)** नीट छात्रा की मौत के मामले में सीबीआई अबतक किसी ठोस सुराग तक नहीं पहुंच सकी है। केस टेकओवर किए करीब एक महीना को है, पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। हालांकि सीबीआई की टीम इस दौरान जहानाबाद, गयाजी, पटना स्थित छात्रा के हॉस्टल के साथ ही कोर्ट का चक्कर लगाती रही। सीबीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती उस आरोपी को गिरफ्तार करना है, जिसका स्पर्म छात्रा के कपड़े पर मिला था। एसआईटी ने 25 लोगों का सैंपल लिया पर किसी को डीएनए उस कपड़े, पर मिले स्पर्म से मैच नहीं किया। कोर्ट की फटकार के बाद सीबीआई ने पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर लिया है। 12 फरवरी को जब केस टेकओवर किया तब सीबीआई ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। बिहार सरकार ने 31 जनवरी को सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी। छात्रा की मौत 11 जनवरी को हुई थी। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई थी। उसके बाद एसआईटी गठित की गई थी। सोमवार को फिर इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हो सकती है। सीबीआई ने जो पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया है, उसकी सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में होगी। पिछली तीन तारीख में इस केस में जेल में बंद हॉस्टल संचालक मनीष रंजन की जमानत पर सुनवाई हुई, पर उसे जमानत नहीं मिली। पॉक्सो कोर्ट ने सीबीआई और बेउर जेल अधीक्षक को शो कॅज नोटिस जारी किया था। एसआईटी ने पॉक्सो कोर्ट में कहा था कि मामला सीबीआई को चला गया है। इसलिए मनीष रंजन की कोई जरूरत नहीं है। वहीं सीबीआई ने पॉक्सो कोर्ट में कहा था कि जांच में मनीष रंजन की कोई जरूरत नहीं हैं। सीबीआई ने अब तक वही जांच की जो पहले एसआईटी कर चुकी है। सीबीआई ने कोई नया साक्ष्य संकलित नहीं किया है।

## जिले में 1260 गाड़ियों का रद्द हो सकता है निबंधन

**पटना (एजेंसी)** पटना जिले में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 1260 वाहनों का निबंधन रद्द हो सकता है। इन वाहनों के मालिकों ने चालान कटने के 90 दिन बाद भी जुमार्ना जमा नहीं किया है। नोटिस भेजा गया है। इसके बाद भी जमा नहीं करेंगे तो मालिक का ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। कुछ मामलों में निबंधन और ड्राइविंग लाइसेंस दोनों रद्द हो सकते हैं। जिन वाहनों का ई-चालान काटा गया था, उन्हें 1 से 28 फरवरी के बीच जुमार्ना जमा करना था। यातायात पुलिस ने हाल ही में अभियान चलाकर एक दर्जन वाहनों को जब्त कर बता दिया है कि क्या कार्रवाई हो सकती है। इन एक दर्जन वाहन मालिकों पर चार-चार चालान कटे थे। 90 दिनों से अधिक से पेंडिंग थे। ऐसे वाहनों को बोरिंग रोड, नेहरू पथ, दीघा-आशियाना रोड, गांधी मैदान, अशोक राजपथ आदि इलाकों से जब्त किया गया था। पैट्रोलिंग करने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि जो वाहन नो पार्किंग एरिया में खड़े हैं, उनकी पहचान करें कि कहीं उन पर चालान लंबित तो नहीं है? यदि लंबित है तो क्रेन से उठाकर यातायात थाना ले आएं।

## मैदान बनाने में खेल...करोड़ों खर्च कर ढांचा तो खड़ा किया, पर सुविधा नहीं

**पटना (एजेंसी)** बिहार में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत पंचायतों में बनाए गए अधिकांश खेल मैदान बदहाल स्थिति में हैं। कहीं बास्केटबॉल कोर्ट पर धूल की मोटी परत जमी है, तो कहीं कबड्डी और खो-खो के लिए बनाई गई सीमेंटेड लाइनिंग के बीच बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। पटना जिले के 135 मैदानों में से 87 को फिजिकली कंप्लीट बता दिया गया है, लेकिन इनमें खेल सुविधाएं केवल औपचारिकता भर रह गई हैं। सिस्टम की तीन बड़ी लापरवाहियां पंचायतों में इन मैदानों के निर्माण की जिम्मेदारी मनरेगा को दी गई। यहां तकनीकी गुणवत्ता और फिनिशिंग के बजाय सिर्फ मजदूरी भुगतान पर ज्यादा जोर रहा। 3. रखरखाव का अभाव मैदान बनने के बाद वहां कोच या खेल क्लब की व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह है कि नए बने ढांचे भी धीरे-धीरे जर्जर होते जा रहे हैं। ब्यापुर और भगवानगंज में मैदान ऊबड़-खाबड़ हैं और समतलीकरण नहीं किया गया। वहीं मनेर के रामपुर दियारा इलाके में बने बास्केटबॉल कोर्ट पर बच्चे गिल्ली-डंडा खेलते नजर आते हैं। ब्यापुर के दो स्कूलों के साझा मैदान की स्थिति भी खराब है। सराय, जीवराखन टोला और भगवानगंज जैसे इलाकों में बैडमिंटन और वॉलीबॉल के लिए सीमेंट का घेरा तो बना दिया गया, लेकिन मैदान समतल नहीं किया गया। नेट और पोल भी गायब हैं और रखरखाव नहीं हो रहा। राजकीयकृत जगतारिणी उच्च विद्यालय के मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट बनाया गया, लेकिन वहां नियमित अभ्यास या प्रतियोगिता नहीं होती। ऊबड़-खाबड़ जमीन और अधूरी सीमेंटेड लाइनिंग विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्घाटन के बाद यहां न तो प्रैक्टिस हुई और न ही कोई मैच आयोजित हुआ। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि सभी नवनिर्मित मैदानों की समीक्षा की जा रही है। जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मैदानों के रखरखाव के लिए खेल क्लबों को सक्रिय किया जा रहा है।

## पोर्टेबल एक्स-रे मशीन ऐसे टीबी मरीजों को भी पकड़ रही है, जिनमें लक्षण स्पष्ट नहीं दिखते

**पटना (एजेंसी)** बिहार में अब टीबी को जड़ से मिटाने के लिए हाइटेक तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया गया है। राज्य के सुदूर गांवों तक अब पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीनें पहुंचाई जा रही हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस हैं। ये मशीनें ऐसे साइलेंट टीबी मरीजों की भी पहचान कर लेती हैं, जिनमें स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते, लेकिन वे दूसरों में संक्रमण फैलाते रहते हैं। एआई तकनीक फेफड़ों के बेहद बारीक संक्रमण को भी पहचान लेती है। इससे मरीजों की समय पर जांच और इलाज शुरू हो पाता है। स्वास्थ्यकर्मी इन मशीनों की मदद से गांव-गांव जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह मशीन आकार में छोटी है और इसे बाइक से भी आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है। फिलहाल राज्य के 10 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरूआत की गई है। एनएमसीएच के डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह तकनीक टीबी मरीजों की पहचान में गेम चेंजर साबित हो रही है। अब उन मरीजों तक भी स्वास्थ्यकर्मी पहुंच पा रहे हैं, जो दूरी या जानकारी के अभाव में अस्पताल नहीं आ पाते थे। अब टीबी जांच की रिपोर्ट सीधे निक्षय पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इससे पटना में बैठे अधिकारी भी यह देख सकते हैं कि किस ब्लॉक या वार्ड में कितने मरीज हैं और उनका इलाज किस चरण में चल रहा है। प्रति हजार आबादी पर 30 संदिग्धों की जांच का लक्ष्य अब केवल अस्पतालों के भरोसे रहने के बजाय सक्रिय खोज अभियान (एसीएफ) चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत लक्ष्य तय किया गया है कि प्रति हजार आबादी पर कम से कम 30 संदिग्धों की जांच की जाए। इस अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को 24 मार्च (विश्व टीबी दिवस) के अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा।

# जेडीयू नेता निशांत कुमार ने टीम इंडिया को दी बधाई, ईशान किशन को लेकर जानें क्या कहा



**पटना (एजेंसी)** आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप में भारतीय टीम की जीत पर जेडीयू नेता निशांत कुमार ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईशान किशन ने बिहार का नाम रोशन किया है और यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत की शानदार जीत को लेकर देशभर में उत्साह है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को बड़े रनों के अंतर से हरा कर एतिहासिक जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया है। इस जीत को लेकर पुरा देश खुशी से झूम रहा है। वहीं, पटना में भारतीय टीम की आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप में जीत पर जेडीयू नेता निशांत कुमार ने कहा, 'मैं टीम को दिल से बधाई देता हूं। आगे भी टीम को इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना चाहिए। ईशान किशन ने बिहार का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उसी राज्य से हैं, जिससे वह आते हैं।' बता दें कि निशांत ने मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया। फिर इसके बाद पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरि मंदिर में जाकर दर्शन किए। टीम इंडिया ने खड़ा किया रनों का पहाड़ फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 255/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 89 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 52 रन बनाकर टीम को तेज शुरूआत दी। इसके बाद ईशान किशन ने 25 गेंदों में 54 रन की तेज पारी खेली और अंत में शिवम दुबे ने आठ गेंदों में नाबाद 26 रन बनाकर स्कोर को 255 तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी ने तोड़ दी कीवियों की कमर लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरूआत ठीक रही, जहां टिम साइफर्ट ने 26 गेंदों में 52 रन बनाए। लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली। जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी ने कीवियों की कमर तोड़ दी। बुमराह ने अपनी गेंदबाजी से न सिर्फ फैंस का दिल जीता बल्कि टीम इंडिया के सिर पर ये ताज पहनवाने में भी बड़ी भूमिका का निर्हन किया हैं। बुमराह ने 4/15 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि विकेट लेकर कीवी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

## बिहार को 16 मार्च बाद नया मुख्यमंत्री मिल सकता



**पटना (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं और पार्टी नेताओं की मौजूदगी रहीं। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, मंत्री रमा निषाद और पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी मौजूद रहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने निशांत के पॉलिटिक्स में आने पर भी रिएक्शन दिया। कहा कि अगर निशांत कुमार राजनीति में आते हैं तो यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी युवा का राजनीति में आना सकारात्मक है। साथ ही इशारों-इशारों में यह भी कहा कि 16 मार्च के बाद बिहार में नए चेहरे के साथ मुख्यमंत्री देखने को मिल सकते हैं। वहीं डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने भी निशांत कुमार को पढ़ा-लिखा और युवा सोच वाला बताते हुए कहा कि अगर वह राजनीति में आते हैं, तो उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से राजनीति और मजबूत होती है। हालांकि जब मीडिया ने भाजपा नेताओं से परिवारवाद को लेकर सवाल पूछा तो नेता इस मुद्दे पर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से बचते नजर आए।

## पटना में बन रहा बिहार का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड



**पटना (एजेंसी)** पटना के पहले अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड का निर्माण अंतिम चरण में है। इसमें नीदरलैंड से मंगाई गई पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगाई जाएगी। पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सबसे लेटेस्ट टर्फ है। राजगीर के बाद अब राजधानी के हॉकी ग्राउंड में भी एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा। इस पूरे ग्राउंड को 8.44 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह बिहार का दूसरा इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का हॉकी मैदान होगा। इसका काम मार्च अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बुडको द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण राजेंद्र नगर फिजिकल कॉलेज की खाली जमीन पर हो रहा है। यह ग्राउंड 99 मीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी है। अभी स्प्रिंकलर सिस्टम लगना बाकी है। इसमें फ्लडलाइट्स, खिलाड़ियों के लिए छात्रावास, चेंजिंग रूम, वार्म-अप क्षेत्र, और दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड होंगे। इसके बनने से खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास शुरू हो सकेगा। हालांकि, अभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के आयोजन में एक साल से अधिक का समय लग सकता है। इस ग्राउंड तक पहुंचने के लिए फिलहाल सीधी सड़क नहीं है। दलदली जमीन पर बनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड जिस जमीन पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड बवननाया जा रहा है, पहले दलदली जमीन हुआ करती थी। यह लगभग 2 मीटर तक पानी में डूबा दलदली एरिया हुआ करता था। चारों ओर से लगातार पानी रिसाव, 3 मीटर तक ऊंची घास और दलदल की कई परतों के कारण यह मैदान वर्षों तक किसी भी खेल गतिविधि के लायक नहीं था।

## 1.85 करोड़ की दुकानों के निर्माण में गड़बड़ी के आरोप:दरभंगा डीएम ने किया निरीक्षण

**दरभंगा (एजेंसी)** दरभंगा के लहेरियासराय स्थित बीके रोड में बन रही 74 दुकानों के निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस परियोजना पर करीब 1 करोड़ 85 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 2 मार्च को दरभंगा नगर निगम की उप-मेयर नाजिया हसन दुकानदारों की शिकायत पर निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। इसी बीच जब उन्होंने एक दीवार को हल्का धक्का दिया तो कमजोर निर्माण के कारण वह दीवार गिर गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसके बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया। उप-मेयर ने इस संबंध में प्रशासन से शिकायत की थी। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। रविवार को जिलाधिकारी कौशल कुमार खुद मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भी निर्माण कार्य



में कई खामियां देखीं। इस पर डीएम मौके पर मौजूद संवेदक (ठेकेदार) और नगर निगम के जूनियर इंजीनियर पर ऑन कैमरा भड़क गए और कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि संवेदक की भुगतान राशि तत्काल रोकी जाए और जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर दोषियों को जेल भी भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इन दुकानों में आने वाले वर्षों तक लोग अपना रोजगार चलाएंगे, इसलिए निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां-जहां निर्माण में कमी पाई गई है, वहां तुरंत मरम्मत कर उसे ठीक किया जाए। इससे पहले जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिले में निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) से संबंधित अतिक्रमण, भू-अर्जन और निर्माण प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली मोड़, पंडासराय, बेला गुमटी और चट्टी गुमटी में चल रहे आरओबी निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं में तेजी लाई जाए और जिन कारणों से कार्य प्रभावित हो रहा है, उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सदर, डीसीएलआर और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में बाधा न आए, इसके लिए सरकारी जमीन को जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि, पंडासराय और चट्टी चौक में भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मुआवजा भुगतान के लिए रैयतों को नोटिस जारी कर दिया गया है। वहीं बेला मोड़ आरओबी के लिए भी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। डीएम ने आरओबी स्थल का निरीक्षण भी किया समीक्षा बैठक के बाद जिलाधिकारी ने चट्टी चौक में निमार्णाधीन आरओबी का स्थल निरीक्षण भी किया और अभियंताओं व संवेदक को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## मोबाइल छीनने आए बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर किया लहूलुहान, सड़क पर तड़पता रहा राहगीर

**पटना (एजेंसी)** पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में लूटपाट के दौरान अपराधियों ने युवक कुणाल को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बदमाश मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन पुल के पास स्थित कावेरी स्वीट्स के समीप बेखौफ अपराधियों ने लूटपाट के दौरान एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने युवक से मोबाइल और नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। आलमगंज थाना क्षेत्र में लगातार दो दिनों में चाकूबाजी की यह दूसरी घटना है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब युवक कावेरी स्वीट्स के पास से गुजर रहा था। तभी चार की संख्या में आए अपराधियों ने उसे घेर लिया। अपराधियों ने पहले युवक के साथ धक्का-मुक्की की और उसके सामान छीनने की कोशिश की। जब युवक ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भारत का विकेट गिरते ही मचा हल्ला, गुस्से में



युवक ने कर दी किशोर की हत्या चाकू लगने से युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद अपराधी उसके पास मौजूद कीमती मोबाइल फोन और नकद पैसे लूटकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवक की पहचान कुणाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के सुपौल जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से पटना आया हुआ था।घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इस संबंध में आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिहार के खेत में लहलहाती मिली अफीम की फसल, सूचना पर पहुंची पुलिस

**दरभंगा (एजेंसी)** दरभंगा के सिमरी थाना क्षेत्र के कुंवरपट्टी गांव में अवैध अफीम की खेती की सूचना पर पुलिस ने खेत में लगी फसल नष्ट कर दी। करीब दस पौधों के सैंपल लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के बाद संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। दरभंगा जिले के सिमरी थाना क्षेत्र की भराठी पंचायत के कुंवरपट्टी गांव में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। सूचना मिलने के बाद सिमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट करवाई। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि खेत किसका है और फसल किसने लगाई थी, इसलिए अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। मौके पर पहुंचे सिमरी थानाध्यक्ष ने खेत से कुछ पौधों के सैंपल लेकर जांच के लिए कृषि विभाग को भेजने की बात कही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने भी मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सैंपल की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सिमरी निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के घर कुंवरपट्टी गांव गए थे। इसी दौरान उनकी नजर एक खेत में लहलहाती अफीम की फसल पर पड़ी। उन्होंने इसकी फोटो और वीडियो बनाकर संबंधित अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद सिमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खेत से करीब दस पौधों के सैंपल भी लिए। हालांकि अभी तक अवैध खेती करने वालों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो



सकी है। इसे लेकर ग्रामीणों में चर्चा है कि इतनी बड़ी कार्रवाई के बावजूद पुलिस ने अब तक किसी संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ क्यों नहीं की। जानकारों के अनुसार बिना लाइसेंस अफीम (पोस्ता) की खेती करना नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 के तहत गंभीर अपराध है। इस कानून की धारा 8 के तहत मादक पदार्थों के उत्पादन और खेती पर प्रतिबंध है, जबकि धारा 18 के तहत दोषी पाए जाने पर 10 से 20 वर्ष तक की सजा और भारी जुमार्ने का प्रावधान है। इस मामले में एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि कमतौल सीआई और सिमरी थानाध्यक्ष को जांच कर विधिवत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि सैंपल अभी जांच के लिए भेजा जाना है और वरीय अधिकारियों के निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## भाभी को गौ-मांस खिलाओ, मुस्लिम बनाओ':हिंदू बहू पर ससुराल वालों का टॉर्चर

**पटना (एजेंसी)** किशनगंज में एक हिंदू युवती ने 4 साल पहले मुस्लिम युवक से लव मैरिज की। महिला का आरोप है कि ससुराल वाले जबरन उसका धर्म बदलवाना चाहते हैं। इसे लेकर उसने त्रक्क भी दर्ज कराई है। इन सबसे बीच महिला का पति उसके सपोर्ट में है। वो उसका धर्म नहीं बदलवाना चाहता। इस पूरे मामले में प्रिया घोष (23) के पति खुशाल अहमद (27) ने सोशल मीडिया पर एक कॉल रिकॉर्डिंग साझा की है, जिसमें उसकी बड़ी बहन पत्नी का धर्म परिवर्तन बदलवाने को कहती है। वीडियो के जरिए खुशाल ने अपनी बड़ी बहन खुशनुमा शेख की कॉल रिकॉर्डिंग शेयर की है। वीडियो की शुरूआत में उसने कहा है जो लोग कह रहे है न कि ये हिंदू- मुस्लिम



वाला मैटर नहीं है तो उसको मैं अपनी बड़ी बहन की रिकॉर्डिंग सुनाना चाहता हूं। जानिए रिकॉर्डिंग में क्या है और प्रिया और खुशाल की पूरी कहानी्र खुशाल और प्रिया ने 4 साल पहले इंटर रिलिजन मैरिज की। खुशाल अहमद के परिवार वाले चाहते हैं कि प्रिया हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम बन जाए। खुशाल और प्रिया ने 4 साल पहले इंटर रिलिजन मैरिज की। खुशाल अहमद के परिवार वाले चाहते हैं कि प्रिया हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम बन जाए। सबसे पहले जानिए कॉल रिकॉर्डिंग में क्या है ऑडियो में खुशाल की बहन कहती है कि मेरी मां काफिर के हाथ का खाना नहीं खाएगी। तुम उसको मुस्लमान काहे नहीं बना रहे, बना देते तो भी खाती। वहीं इसके बाद खुशाल अपनी बहन को समझाने की कोशिश करता है, लेकिन वो उसे बीच में ही रोक देती है। खुशनुमा शेख बोलती है 4 साल से ज्यादा समय से तुम उसको पसंद करता है, 7 महीने से उसके साथ हो फिर भी उसको मुस्लमान नहीं बना पाए। जब खुशाल ने बोला कि किसी का जबरदस्ती धर्म नहीं बदलवाया जाता है तो जवाब में उसकी बहन ने बोला तुम तो उससे प्यार करते होना तो प्यार से ही बदल देते। खुशाल ने मना करते हुए कहा कि मुझे उसे कन्वर्ट करवाना ही नहीं है, करवाना होता तो पहले ही करा चुका होता। इसके बाद खुशनुमा ने कहा आपको इतना पसंद है न नाजायज रिश्ता, तो ऐसी गंदगी को घर के बाहर रखा जाया जाता है, घर में नहीं लाया जाता। आखिर में खुशाल ने दूसरी वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पहले एक वीडियो सामने आया था जिसमें मेरी पत्नी गाली दे रही थी। उसके पीछे की वजह भी मेरी बहन है, उसने उसे गाय का मांस खाने को कहा था। जिसके बाद उसने गुस्से में उसे गाली दी थी। अभी जो कुछ भी हो रहा है उसके पीछे मेरी बहन और जीजा है। 4 साल पहले किशनगंज के वार्ड नंबर 5, लोहार पट्टी रोड, नवाबगंज की रहने वाली प्रिया घोष (23) की दोस्ती खुशाल अहमद (27) से हुई। 4 महीने के अफेयर के बाद प्रिया ने 7 जुलाई 2022 को खुशाल अहमद के साथ भागकर शादी कर ली।

लड़के के परिवार वाले शुरू से ही इस शादी के लिए राजी नहीं थे। शादी के बाद से लड़की अपने ससुराल में रहने लगी, लेकिन ससुराल वाले उसके हिंदू होने के कारण उसे अपना नहीं पाए। शादी के महज एक साल बाद ही ससुराल पक्ष से धर्म बदलने को लेकर दबाव बनाया जाने लगा। कई बार प्रिया के साथ मारा-पीटा भी गया। स्थानीय स्तर पर कई पंचायतें भी हुईं, जिसके बाद मामला कुछ समय के लिए सुलझ गया था। इसके बाद फिर टॉर्चर शुरू हो गया। परेशान होकर प्रिया ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है।




# ट्यूशन से पढ़ाई में अव्वल आ सकते हैं बच्चे

**कई पेरेंट्स को लगता है कि बच्चे को ट्यूशन की जरूरत नहीं है और इस चक्कर में स्कूल में बच्चे का परफॉर्मेंस खराब होता चला जाता है।**

अब पढ़ाई पहले से ज्यादा मुश्किल हो गई है और बड़ी क्लास में जाने पर बच्चों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। काम के बोझ, असाइनमेंट और बड़े सिलेबस की वजह से बच्चों पर बोझ बढ़ रहा है। पेरेंट्स भले ही बच्चों की पढ़ाई में मदद करते हों लेकिन कई सवाल ऐसे आ जाते हैं, जहां उन्हें एक्सपर्ट की सलाह की जरूरत होती है। यहां काम आता है होम ट्यूशन। ट्यूशन से बच्चों को अपने सवालों के जवाब मिलते हैं और वो नए लर्निंग स्किल्स सीखते हैं। अगर आपके बच्चे में ये 5 संकेत दिख रहे हैं, तो समझ लें कि उसे ट्यूशन की जरूरत है।

## परफॉर्मेंस में गिरावट

अगर बच्चे की परफॉर्मेंस खराब हो रही है तो इसका मतलब है कि बच्चे को पढ़ाई में बहुत मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं अगर बच्चा पहले अच्छा परफॉर्म करता था लेकिन अब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, तो यह वाकई में चिंता की बात है। बच्चे से बात करें कि उसे पढ़ाई में क्या परेशानी आ रही है और उसे ट्यूशन की जरूरत है या नहीं।

## आत्मविश्वास में कमी

अगर बच्चे को स्कूल में काम खत्म करने में दिक्कत आ रही है तो इसका उनके कॉन्फिडेंस पर असर पड़ेगा। उन्हें अपना होमवर्क खत्म करने की टेंशन होगी और स्कूल न जाने का मन करेगा और परीक्षा में भी परफॉर्मेंस खराब हो जाएगी। ऐसा संकेत मिलने पर आपको अपने बच्चे के लिए ट्यूशन रख लेना चाहिए। इससे उसका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

## टाइम को मैनेज न करना

टाइम को मैनेज करने में दिक्कत आना या किसी एक सबजेक्ट को याद करने में परेशानी आना भी इस बात का संकेत है कि बच्चे को मदद की जरूरत है। हो सकता है कि बच्चा बाकी सभी सबजेक्ट में अच्छा हो लेकिन गणित और साइंस में उसे परेशानी आती हो। ऐसे में सिर्फ स्कूल जाकर उसकी परेशानी का हल नहीं निकल सकता है। उसे घर पर भी इन विषयों की एक्स्ट्रा क्लास की जरूरत होगी।

## होमवर्क करने में दिक्कत आना

अगर बच्चा होमवर्क करने में बहाने बनाता है या स्कूल से मिले काम को छिपा रहा है, तो आप समझ लें कि उसे मदद की जरूरत है। बच्चे अक्सर ऐसा तब करते हैं जब उन्हें कोई टॉपिक समझ न आ रहा हो या काम खत्म करने में दिक्कत हो रही हो। प्राइवेट ट्यूटर बच्चे को उसका काम खत्म करने और टॉपिक को समझने में मदद कर सकते हैं।

## खुद के पास नहीं है समय

आप चाहते हैं कि आपका बच्चा पढ़ाई में अच्छा करे तो आपको भी इसके लिए मेहनत करनी होगी। स्कूल की पढ़ाई पर आप ज्यादा भरोसा नहीं कर सकते हैं। अगर आप बच्चे पर ध्यान नहीं दे सकते हैं या उसकी पढ़ाई में मदद नहीं कर सकते हैं तो उसके लिए होम ट्यूशन रख लें। कई लोग सोचते हैं कि ट्यूशन कमजोर बच्चे लेते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। ट्यूशन से बच्चों को पढ़ाई में काफी मदद मिल जाती है और उनका परफॉर्मेंस भी बेहतर होता है।





# बच्चों के लिए बनाएं हैल्दी-टेस्टी मैक्सिकन सैंडविच

सेहतमंद रहने के लिए डाइट का हैल्दी होना बेहद जरूरी है। मगर बात बच्चों की करें तो वे खाने-पीने में थोड़ी मूडी होते हैं। ऐसे में आप उन्हें खास मैक्सिकन सैंडविच बनाकर खिला सकती है। सब्जियों व पनीर से तैयार यह सैंडविच खाने में टेस्टी होने के साथ सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

## सामग्री

ब्रेड- 4 स्लाइस
बटर- 4 चम्मच
बेक बीन्स- 1/2 बाउल
टमाटर- 1 (कटा हुआ)
प्याज- 1/4 बाउल (कटे हुए)
ग्रेटिड पनीर- 2 बड़े चम्मच
स्प्रिंग ऑनियन- 1 बड़ा चम्मच (कटा हुआ)
नमक-स्वाद अनुसार
रेड चिली सॉस- 1 छोटा चम्मच
टोमैटो सॉस- 1 बड़ा चम्मच
सालसा सॉस- 2 बड़े चम्मच

## विधि

- सबसे पहले ब्रेड को ट्राएंगल शेप में काटकर बटर लगाएं।
- एक बाउल में सभी सब्जियां व सॉस मिलाएं।
- तैयार स्टफिंग को ब्रेड पर लगाकर दूसरे ब्रेड स्लाइस से ढक दें।
- अब ब्रेड पर दोनों तरफ बटर लगाकर तवे पर शैलो फाई करें।
- आप चाहें तो इसे बेक कर सकती है।
- तैयार मैक्सिकन सैंडविच को सालसा व टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# नाश्ते में बनाएं इंदौरी पोहा

नाश्ते में खासतौर पर लोग पोहा खाना पसंद करते हैं। वहीं लोग इसमें अलग-अलग सब्जियां डालकर खिलाते हैं। मगर आज हम आपके लिए खास इंदौरी पोहा की रेसिपी लेकर आते हैं। यह चिड़वा, सब्जी, भुजिया और मूंगफली से तैयार किया जाता है। इसे बनाने का तरीका...



## सामग्री

पोहा-2 कप
हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी)
सौंफ- 1 छोटा चम्मच
राई- 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
शक्कर- 2-3 बड़े चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
हरा धनिया- 1 बड़ा चम्मच (बारीक कटा)
प्याज- 1/2 कप (बारीक कटा)
चटपटी इंदौरी सेव- जरूरत अनुसार
तेल- 2 बड़े चम्मच
मसाला बूंदी- जरूरत अनुसार
जीरावन मसाला- जरूरत अनुसार
नींबू- 1 बड़ा चम्मच

## विधि

- सबसे पहले पोहा धोएं और इसका पानी निकाल कर अलग रखें।
- अब इसमें हल्दी, नमक और शक्कर मिलाएं।
- पैन में तेल गर्म करके राई का तड़का लगाएं।
- इसमें हरी मिर्च, सौंफ पकाएं।
- इसमें पोहा मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं।
- अब एक पतीले में पानी उबालें।
- उस पानी में पोहा का पैन रखकर इसे भाप में पकाएं।
- पोहा पकने पर इसे प्लेट में निकालें।
- इसे सेंव, प्याज, जीरावन मसाला, बूंदी और नींबू से गार्निश करके सर्व करें।



# अपने बच्चे को सिखाएं मनी मैनेज करना

**बच्चे जब बड़े होने लगते हैं तो उन्हें वित्तीय शिक्षा देना आवश्यक हो जाता है। वे आपका अनुकरण करके भी सीख जाएंगे, पर समय-समय पर उन्हें छोटी-छोटी बातें बताकर आप उन्हें अपने जिम्मेदार बनाने में मदद कर सकते हैं। अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी। बच्चे जितनी जल्दी पैसों का प्रबंधन सीख जाएं, उतना अच्छा है। इस तरह वे जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक सीखेंगे। जब वे वयस्क हो जाएंगे तो अपने आप स्मार्ट वित्तीय विकल्प बनाने लग जाएंगे। बचपन से ही उन्हें पैसे के प्रबंधन के लिए इन 3 तरीकों को जानना बेहद जरूरी है-**

## सहेजना/ बचत करना

इस तरीके को आसानी से समझाने के लिए आप अपने बच्चे को गुल्लक लाकर दीजिए। जब भी बच्चे को उपहार के रूप में पैसे मिलें तो उसे वे गुल्लक में डालने के लिए कहें, फिर उसे पैसे गिनने के लिए कहें और ये समझाएं कि पैसे जमा हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। ऐसा करने के लिए अपने बच्चे को प्रोत्साहित करें।

## खर्च करना

अपने बच्चे को बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाएं। जब वे एक नए पेंसिल बॉक्स पर खर्च करना चाहें तो उनसे पूछें कि क्या वे वास्तव में इसे खरीदना चाहते हैं? उनके लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके लिए क्या जरूरी है और क्या नहीं। इससे बच्चा अपनी असली जरूरतों को समझेगा और फिजूलखर्ची नहीं करेगा।

## दान

उन्हें साझा करना सिखाएं। उसे सिखाएं कि उदारता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इसी के साथ उन्हें पैसे की कद्र करना सिखाएं, पैसे की बचत करना सिखाएं, फिजूलखर्ची होने पर उन्हें चेताएं और सबसे जरूरी यह है कि आप खुद उनके लिए एक आदर्श उदाहरण बनें। बच्चे आपका अनुकरण अवश्य करेंगे।

# ड्रैसिंग रूम को दें अलग अंदाज

**अपने आशियाने को करीने से सजाना प्रत्येक महिला की चाहत होती है। ड्रैसिंग रूम में ज्यादा स्थान के कुछ ईजी टिप्स, रोशनी लगाने का एक अलग अंदाज और सोफे में ही टेबल के एक लेटेस्ट डिजाइन के बारे में जानना भी जरूरी है। तो आइए जानें ड्रैसिंग रूम में ज्यादा स्पेस कैसे बनाएं**

- आप जिन चीजों को रख रही हैं उनकी लेबलिंग करें। बास्केट पर लिख दें कि यह किस चीज के लिए है।
- तौलिए, कपड़ों को टांगने वाले हुक कुछ ऐसे हों कि आसानी से दीवार में टांगे जा सकें और सही तरह से उनमें ज्यादा सामान आ सके।
- दरवाजे के ऊपर पोर्शन रखें, बशर्ते आपके ड्रैसिंग रूम की छत ऊंची हो। इसके ऊपर का स्थान सबसे अहम है क्योंकि उसे आप स्टोरेज के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं।
- कॉर्ड कंट्रोल या वायर को घुमा कर रखने से ड्रायर, इलैक्ट्रिक शेवर्स और प्रैस रख सकती हैं।
- ड्रेसिंग टेबल के करीब अपने सभी छोटे मोटे सामान रखें। जिसकी आपको रोजाना जरूरत पड़ती है। सामान को धूल से बचाने के लिए सुंदर शोपीस का इस्तेमाल करें जिसमें अपनी पसंदीदा चीजें प्रदर्शित कर सकती हैं।
- गद्देदार कोट हैंगर पर नाजुक कपड़ों को लटकाएं। इससे वो लंबे समय तक खराब नहीं होंगे।
- कभी आपको अचानक यात्रा के लिए जाना पड़ जाए तो इसके लिए एक वानिटी - कैस हमेशा तैयार रखें।
- अच्छी तरह से संगठित अलमारी आपके कपड़ों को टिप टॉप हालत में रखती है।
- सुंदर लटके हुए कपास भंडारण बैग में अपने पसंदीदा अधोवस्त्र स्टोर किए जा सकते हैं।





# फर्नीचर पर लगी सनमाइका को चमकाने में काम आएंगे ये टिप्स

**सनमाइका लगा फर्नीचर देखने में सुंदर होने से घर की खूबसूरती पर चार-चांद लगते हैं। मगर इसे बेदाग और चमकदार बनाएं रखने के लिए खास रख-रखाव की जरूरत होती है।**

लोग घरों पर सनमाइका लगा फर्नीचर रखना पसंद करते हैं। यह देखने में सुंदर होने से घर की खूबसूरती पर चार-चांद लगते हैं। मगर इसे बेदाग और चमकदार बनाएं रखने के लिए खास रख-रखाव की जरूरत होती है। नहीं तो दाग लगा फर्नीचर गंदा लगता है। इसके साथ लंबे समय तक इसकी सफाई करने पर इसके जिद्दी दाग छुड़वाने में भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ खास व आसान से टिप्स बताते हैं। इसकी मदद से आप अपने फर्नीचर की सनमाइका चमकदार रख सकती है। चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में...

## सोडा और डिश वॉश

आप सनमाइका की चमक बरकरार रखने के लिए सोडा और डिश वॉश को इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए एक गिलास पानी में 1-1 बड़ा चम्मच सोडा और डिश वॉश मिलाएं। इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने फर्नीचर पर मिश्रण को स्प्रे करें। बाद में सूखे और कॉटन के कपड़े से सनमाइका को हल्के से साफ करें। इससे आपका फर्नीचर एक साफ होकर नए जैसा चमकने लगेगा।

## व्हाइट विनेगर और पानी

इसके लिए 1 गिलास सफेद सिरका और पानी बराबर मात्रा में मिलाएं। तैयार मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें। फिर इसे सनमाइका पर छिड़कें। इसके बाद सूखे व कॉटन के कपड़े लेकर हल्के हाथों से इसे साफ करें। इससे आपके सनमाइका पर लगी धूल-मिट्टी व दाग-धब्बे साफ हो जाएंगे। ऐसे में आपका फर्नीचर एकदम नए जैसा चमकता हुआ नजर आएगा।

## क्लीनिंग सॉल्यूशन

आप ड्रेसिंग टेबल, सेंटर टेबल और खिड़की के शीशों आदि को साफ करने के लिए किसी भी क्लीनिंग सॉल्यूशन को यूज कर सकती है। आप बाजार से किसी भी अच्छे ब्रांड का क्लीनिंग सॉल्यूशन खरीद सकती है। इसके बाद इसे फर्नीचर पर स्प्रे करें और सूखे कपड़े से साफ करें। इससे फर्नीचर पर लगे दाग-धब्बे मिनटों में दूर हो जाएंगे और आपका सनमाइका भी शीशे के जैसे चमकता नजर आएगा।

## अगर स्प्रे बोतल ना हो तो...

अगर आपके पास स्प्रे बोतल नहीं है तो इसकी जगह पर आप किसी भी मिश्रण बाउल में लें। फिर कॉटन के कपड़े को हल्का सा मिश्रण डुबोकर फर्नीचर को साफ करें। बाद में सूखे कपड़े से इसे साफ कर लें। आपका फर्नीचर चमक उठेगा।

# चाय के साथ बनाएं चटपटे आलू ब्रेड रोल

मानसून में चाय के साथ अक्सर लोग कुछ चटपटा खाना पसंद करते हैं। ऐसे में आप आलू से चटपटे ब्रेड रोल बना सकती है। यह टेस्टी होने के साथ बनाने में भी आसान है। चलिए जानते हैं चटपटे आलू ब्रेड रोल बनाने का तरीका...

## सामग्री

ब्रेड- 11
आलू- 6 (उबले और मैश्ड)
हरा धनिया- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा)
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
अमचूर पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
गरम मसाला- 1/4 छोटा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- तलने के लिए

## विधि

- पैन में तेल गर्म करके आलू व सभी मसाले डालकर भून लें।
- मिश्रण को हल्का ठंडा करके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें।
- अब ब्रेड को किनारों से काटकर पानी में डुबोकर तुरंत निकाल लें।
- इसे हथेली से दबाकर ब्रेड से एक्सट्रा पानी निकाल लें।
- अब इसमें आलू की एक बॉल रखकर रोल बना लें।
- इसी तरह बाकी के ब्रेड रोल बनाएं।
- अलग पैन में तेल गर्म करके ब्रेड रोल सुनहरा बुरा होने तक तल लें।
- इसे प्लेट में रखकर नैपकिन से एक्सट्रा तेल निकाल लें।
- अब टोमैटो सॉस या धनिया की चटनी से इसे सर्व करें।





# स्किन को ग्लोइंग रखते हैं करेले से बनें ये तीन फेस पैक

**करेला जितना स्वाद में कड़वा लगता है यह सेहत के लिए उतना ही फायदेमंद होता है केवल खाने में नहीं बल्कि इसे लगाने से भी स्किन से संबंधित कई समस्याएं दूर होती है। बता दें कि करेला यह स्किन पर होने वाले पिंपल्स और एक्ने से हमें बचाता है और चेहरे पर नेचुरल ग्लो लेकर आता है। इसके अलावा करेले को सुपरफूड भी कहा जाता है। आईए जानते हैं करेला हमारी स्किन कैसे फायदेमंद है।**

## करेले के गुण

करेले में विटामिन-सी, आयरन, बीटा-केराटिन, पोटेशियम, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणुओं हटाकर स्किन को ग्लोइंग लुक देते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाएं जाते हैं जो एजिंग की प्रक्रिया को स्लो करने में मदद करता है। इसी के साथ आज हम आपको करेले के कुछ फेस पैक्स बताएंगे जो आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। आईए जानते हैं करेले से बने फैस पैक के बारे में

## खीरे से ऐसे बनाएं करेला फेस पैक

डल स्किन को रिमूव करने के लिए खीरे और करेले का फेस पैक बहुत ही बढ़िया है। खीरे में मौजूद पानी स्किन को साफ करने में मदद करता है। वहीं इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप करेले और खीरे के कुछ टुकड़े लें और उसे मिक्सर में पीस लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें, बाद में चेहरा ठंडे पानी से धो लें। इस फेस पैक को लगाने से आपकी डल स्किन रिमूव होगी और चेहरा ग्लो करेगा।

## अंडे-दही से बनाएं करेला फेस पैक

अंडा और दही स्किन को हाइड्रेट करने में बहुत ही मददगार है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पोर्स को टाइट करता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप करेले का रस लें और दही और अंडे में अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 25 मिनट के लिए छोड़ दें, बाद में इसे गर्म पानी से धो लें ।सिसे आपकी स्कीन टाइट और ग्लोंइंग लगेगी।

## नीम हल्दी से बनाएं करेला फेस पैक

नीम में एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपर पाएं जाते हैं जो स्किन को पिंपल्स और एक्ने से बचाने में मदद करता है। वहीं इसमें मौजूद हल्दी स्किन पर निखार लाने का काम करती है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप ब्लेंडर में करेले, नीम और हल्दी को डाले और एक पेस्ट तैयार कर लें, इसके बाद में इसे चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के छोड़ दें, बाद में गुनगुने पानी से इसे धो लें। कुछ ही दिनों में आपको पिंपल्स और एक्ने की समस्या दूर हो जाएगी।

# 'यह तो बस शुरुआत है', हार्दिक पांड्या ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद भरी हुंकार



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने जिंदगी में मुश्किलों का सामना करने से लेकर लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप जीतने के अपने सफर के बारे में बताया। पांड्या ने कहा कि अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी जीत उनके उस वादे का सबूत है जो उन्होंने खुद से किया था कि वे भारत के लिए ट्रॉफी जीतेंगे। उन्होंने 2024 वर्ल्ड कप में वापसी की, जबरदस्त वापसी की और 17 साल बाद जीत हासिल की।

हार्दिक पांड्या ने जियोस्टार पर कहा, 'जब हमने 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीता, तो मैं पर्सनली बहुत मुश्किलों का सामना कर रहा था। उस टूर्नामेंट से पहले बहुत कुछ हुआ था और चीजें मेरे हिसाब से नहीं हो रही थीं। 2024 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले, मैंने मन बना लिया था कि मैं वापसी करूंगा। मैं जबरदस्त वापसी करना चाहता था। मैंने ऐसा किया और अपनी टीम को 17 साल बाद ट्रॉफी जीतने में मदद की। अहमदाबाद में इस टी20 वर्ल्ड कप जीत की बात करें तो, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए मैं हमेशा जीता रहा हूं। मैं अपने देश के लिए अच्छा करने और ट्रॉफी जीतने के लिए क्रिकेट खेलता हूं। मैं भारत के लिए सभी ट्रॉफी जीतना चाहता हूं।'

पांड्या ने कहा, 'बारबाडोस में जीत के बाद मैंने खुद से वादा किया था कि मैं जो भी टूर्नामेंट खेलूंगा, जीतने के लिए खेलूंगा, और ट्रॉफी उठाऊंगा। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह जीत इस बात का सबूत है कि मैंने खुद से जो वादा किया था, वह सच हो गया है। और यह तो बस शुरुआत है।'

भारत ने मिचेल सेंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड को 96 रन के बड़े अंतर से हराकर अपना टी20 वर्ल्ड कप खिताब बचाया। इस जीत के साथ भारत अपने घर में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, 2024 एडिशन जीतने के बाद लगातार दो बार जीतने वाली पहली टीम, और इसे तीन बार (2007, 2024, 2026) जीतने वाली पहली टीम बन गई।

पंड्या की बात करें तो उन्होंने टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 9 पारियों में 27.12 के औसत और 160.74 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। 32 साल के स्टार ऑलराउंडर ने भारत के लिए गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया और 9 मैचों में 2/16 के बेस्ट फिगर के साथ कुल 9 विकेट लिए।

# स्विस ओपन नहीं खेलेगी सिंधू, भारतीय चुनौती का दारोमदार श्रीकांत और प्रणय पर




**बासेल (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा।

भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने पीटीआई से कहा, 'वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा।' भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

पुरूष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरूण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।

पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा। हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे। महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।

# सूर्यकुमार विश्व क्रिकेट के सबसे सफल टी20 कप्तान बने




**-रोहित दूसरे नंबर पर खिसके**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम की टी20 विश्वकप में खिताबी जीत के साथ ही सूर्यकुमार यादव इस प्रारुप के सबसे सफल कप्तान बन गये हैं। एशिया कप और टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव का जीत का औसत टी20अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक है। इसी के साथ ही उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड भी तोड़ दिया।

अब तक टी20अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अच्छा जीत प्रतिशत रोहित शर्मा के नाम था पर टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतते ही सूर्यकुमार ने रोहित को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार ने अब तक 52 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए 42 मैच उन्होंने जीते हैं और केवल 8 मैचों में वह हारे हैं। 2 मैचों के परिणाम नहीं निकले हैं। उनका जीत प्रतिशत बतौर कप्तान 80.77 का है।

वहीं रोहित ने भारत को 80.65 फीसदी मैच जिताए हैं। रोहित ने 62 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 50 मैचों में टीम को सफलता मिली है, जबकि 12 मुकाबले भारतीय टीम हारी है। इस सूची में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद हैं, जिन्होंने 78.38 फीसदी मैच पाकिस्तान को जिताए थे। 37 मैचों में से 29 मैचों में उनकी टीम को जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श चौथे स्थान पर हैं, जिनका जीत प्रतिशत 69.23 का है। 39 मैचों में से 27 मैचों में उन्होंने टीम को जीत दिलाई है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ का जीत प्रतिशत 66.67 फीसदी है। उन्होंने 27 मैचों में से 18 मैचों में अपनी टीम को जीत दिलायी है।

# धोनी ने गंभीर की प्रशंसा करते हुए कहा, आपकी मुस्कान शानदार लग रही



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आईसीसी टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार जताया है। धोनी फाइनल के दौरान वीवीआईपी बॉक्स में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और आईसीसी चेयरमैन जय शाह के साथ बैठे थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर अपनी खुशी भी व्यक्त की है। धोनी ने लिखा, ÷कोच साहब, आपकी मुस्कान बहुत शानदार लग रही है। मुस्कान के साथ आपकी जीत कमाल की है, बहुत अच्छा किया।,÷ गौरतलब है कि गंभीर की छवि काफी सख्त कोच की रही है और वह अपने नाम के अनुरुप हमेशा ही गंभीर मुद्रा में दिखते हैं। इसके अलावा धोनी से भी उनके संबंध अच्छे नहीं माने जाते रहे हैं। धोनी ने इस बार गर्मजोशी से गंभीर के प्रति अपनी बात कही है। उन्होंने टीम में नए नेतृत्व के तहत हुए बदलाव को भी सही बताया। उन्होंने साथ ही लिखा, 'अहमदाबाद में इतिहास बन गया। टीम, सहयोग स्टाफ और भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते देखना बहुत खुशी की बात है।' 'कोच साहब' वाली टिप्पणी मजाकिया अंदाज में गंभीर के लिए थी, जो गंभीर छवि के लिए जाने जाते हैं।

धोनी की गंभीर की जीत के बाद मुस्कान पर की गई मजाकिया टिप्पणी से भी पता चलता है कि दोनों के बीच मतभेद की जो बातें आती रही हैं। वे सभी गलत हैं। सोशल मीडिया पर आम तौर पर गंभीर और धोनी को अच्छा दोस्त नहीं माना जाता पर इन दोनो ने ही कई बार उन्होंने इन अफवाहों को गलत साबित किया है। धोनी ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा की है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम को अपनी गेंदबाजी से ढ़हा दिया था। इसी को देखते हुए धोनी ने लिखा: 'बुमराह के बारे में कुछ ना लिखूं तो ही अच्छा है चैंपियन गेंदबाज।' इससे साफ है कि बुमराह के बारे में कुछ भी लिखना बेकार है।

# गंभीर ने ट्रॉफी जीतने पर खुशी जताते हुए आलोचकों को दिया करारा जवाब

## मेरी जवाबदेही टीम के प्रति, द्रविड़ और लक्ष्मण के प्रति आभार जताया

अहमदाबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद खुशी जताते हुए कहा है कि उनका काम करने का तरीका अलग हैं, इसलिए वह कई लोगों को समझ में नहीं आता पर उनकी रणनीति स्पष्ट रहती है। साथ ही कहा कि उनकी उनकी जवाबदेही टीम और उन 30 लोगों के लिए है जिसके कारण वह कोच हैं। इसलिए बाहर या सोशल मीडिया पर क्या चल रहा है उससे उन्हें मतलब नहीं है। गंभीर ने कहा, 'मेरी जवाबदेही सोशल मीडिया पर लोगों के लिए नहीं है। मेरी जवाबदेही उन 30 लोगों के लिए है जो चेंज रूम में हैं।' गंभीर के कोच बनने के बाद से सही टीम ने तीन बड़ी ट्रॉफी जीती है हालांकि वह टेस्ट प्रारुप में अधिक सफल नहीं रही है। गंभीर ने कहा कि खिलाड़ियों ने मुझे वह कोच बनाया। साथ ही कहा कि वह ये ट्रॉफी पूर्व कोच राहुल द्रविड़ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित करता हूं। साथ ही कहा कि द्रविड़ टीम को यहां तक लाये हैं जबकि लक्ष्मण ने सीओई में खिलाड़ियों को निखारा है। साथ ही कहा कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर का भी में आभार जताता हूं। उन्होंने आलोचना झेलने के बाद भी ईमानदारी से काम किया है। साथ ही कहा कि बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह ने भी सबसे खराब दौर में मुझसे बात की थी। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जिस कुशलता से टीम को संभाला है उससे भी मेरा काम आसान हो गया। वह ऐसे कप्तान हैं जो सभी को साथ लेकर चलते हैं। उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना रहा है निजी उपलब्धियों के पीछे वह नहीं जाते।. हम कई साल तक निजी उपलब्धियों से ही खुश हो गये जबकि हमारा ध्यान ट्रॉफी जीतने की खुशी मनाना रहना चाहिये। गंभीर के कार्यकाल में अब तब टीम ने दो-दो आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं और ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह एकमात्र कोच हैं। इसके अलावा भारतीय टीम ने एशिया कप भी जीता था। भारतीय टीम ने अब तीसरी बार टी20 विश्वकप जीता है। इस प्रकार वह अपनी धरती पर ये खिताब जीतने वाली पहली टीम है।

# 28 मार्च से शुरु हो सकता है आईपीएल

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र 28 मार्च से शुरू होने की संभावनाएं हैं । वहीं इसका फाइनल 31 मई को खेला जाना तय हुआ है। आईपीएल में पहला मुकाबला परंपरा के अनुसार मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी और पिछली उपविजेता पंजाब किंग्स के बीच होगा। ये मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार टूर्नामेंट की शुरुआत की तारीख तय हो गयी हैं पर लेकिन बीसीसीआई ने अभी तक इस 19 सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि इसका कारण अप्रैल और मई में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इस तीनों ही राज्यों में भी आईपीएल मैच स्थल हैं। आईपीएल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी करनी होती है। इसी काण भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) चुनाव आयोग द्वारा घोषित आधिकारिक मतदान तारीखों का इंतजार कर रहा है। इन तारीखों के सामने आने के बाद ही आईपीएल 2026 के पूरे कार्यक्रम को बोर्ड जारी करेगा।




# अभिषेक के लिए लकी साबित हुआ शिवम से उधार लिया बल्ला




अहमदाबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 विश्वकप 2026 के खिलाफ मुकाबले में शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। अभिषेक के लिए इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक के मैच अच्छे नहीं रहे थे। ऐसे में उनके ऊपर फाइनल में बड़ी पारी खेलने का दबाव था जिसमें वह सफल रहे पर क्या आप जानते हैं जिस बल्ले से अभिषेक ने ये आक्रामक पारी खेली वह उन्होंने शिवम दुबे से उधार लिया हुआ था जो उनके लिए लकी साबित हुआ। बल्ला बदलने की योजना अभिषेक ने मैच की सुबह की। एक रिपोर्ट के अनुसार, अभिषेक ने फाइनल जीतने के बाद कहा, आज मैंने शिवम दुबे के बल्ले से बल्लेबाजी की, इसलिए उसे धन्यवाद देता हु। सुबह मुझे कुछ अलग करने का मन हुआ और मैंने ऐसा किया। अभिषेक ने केवल 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था और भारतीय टीम को एक अच्छी शुरुआत दिलाई थी। वह 21 गेंदों में 52 रनों की पारी खेलकर पेवेलियन लौट पर तब तक भारतीय टीम को एक अच्छी शुरुआत मिल गयी थी। इस पारी से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वहीं टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए अच्छी नहीं रही थी। पहली तीन पारियों में तो वह शून्य पर ही आउट हो गये थे। चौथे मैच में भी केवल 15 रन ही बना पाये। एक मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 55 रन बनाये पर सुपर 8 के आखिरी मैच में सिर्फ 10 रन बना सके। सेमीफाइनल में भी अभिषेक केवल 9 रन ही बना पाये। ऐसे में उन पर दबाव था कि फाइनल मैच में कुछ बड़ा करें जिसमें वह सफल रहे।

# महिला एशियन कप: क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें जिंदा रखने उतरेगा भारत, सामने चीनी ताइपे की कड़ी चुनौती



**सिडनी (एजेंसी)।** जापान से 0-11 से मिली करारी हार से अभी भी उबर रही भारत को अब मंगलवार को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में चीनी ताइपे के खिलाफ़ करो या मरो वाला मुकाबला जीतना होगा। ब्लू टाइग्रेसेस को क्वार्टर फाइनल की अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए कम से कम दो गोल से जीतना होगा।

नॉकआउट स्टेज में आगे बढ़ने के लिए उन्हें जापान को उसी समय होने वाले दूसरे ग्रुप मैच में वियतनाम को हराने की भी जरूरत होगी। भारत अभी दो मैचों में ज़ीरो पॉइंट्स के साथ ग्रुप में चौथे स्थान पर है, इससे पहले जापान से करारी हार मिलने से पहले वह वियतनाम से 1-2 से हार गई थी। जापान छह पॉइंट्स के साथ ग्रुप में सबसे आगे है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन पॉइंट्स के साथ क्रम से दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। तीनों ग्रुप से टॉप दो टीमें और तीसरे नंबर पर रहने वाली दो सबसे अच्छी टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच रही हैं, ऐसे में भारत की उम्मीदें एक पक्की जीत और दूसरी जगहों पर अच्छे नतीजों पर टिकी हैं। भारत की हेड कोच अमेलिया वाल्वरडे ने कहा कि टीम को पिछले नतीजों से जल्दी आगे बढ़ना चाहिए और अहम मुकाबले पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों मैच बहुत अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ है उसे जल्द से जल्द याद करना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी होगी।' मैच को एक तरह का फाइनल बताते हुए, वाल्वरडे ने कहा कि खिलाड़ियों को दांव पर लगी चीज़ों का पूरा अंदाज़ा था।उन्होंने आगे कहा, 'हमें मैच की अहमियत का पता है। खिलाड़ी फोकस्ड हैं, और हम अपने मौकों को पूरा करने पर काम कर रहे हैं। यह हमारे लिए फाइनल जैसा है।'

# आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के नये कप्तान रियान पर रहेंगी नजरें





**मुम्बई (एजेंसी)।** इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 सत्र में राजस्थान रॉयल्स की टीम के युवा कप्तान रियान पराग पर सबकी नजरें रहेंगी। पराग ने पिछले सत्र में भी कई मैचों में कप्तानी की थी। ऐसे में इसबार कप्तानी के समय उन्हें पिछले अनुभवों का लाभ मिलेगा। पिछले सत्र में रॉयल्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में इस बार रियान पर बेहतर प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने का दबाव रहेगा। वहीं पिछले सत्र में कप्तान रहे संजू सैमसन इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलते नजर आयेंगे। सैमसन के जाने के बाद टीम प्रबंधन ने भविष्य की योजनाओं को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है।

राजस्थान रॉयल्स में सैमसन एक दशक से शामिल थे। वह एक युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज़ से टीम के कप्तान बने थे पर पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसके बाद वह फिटनेस की परेशानी से भी जूझ रहे थे। पिछले सत्र में 14 मुकाबलों में टीम को केवल चार में जीत मिली थी और वह अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी। इस सत्र के बाद ही सैमसन और टीम प्रबंधन में मतभेद आ गये थे और तभी से पता चल गया था कि वह बदलाव के लिए तैयार हैं।इसके बाद सैमसन सीएसके में चले गये। अब वह सीएसके में महेन्द्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज के साथ टीम में खेलते दिखेंगे। पराग को कप्तानी एकदम नहीं दी गयी बल्कि पिछले सीज़न में जब भी सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तब पराग को कप्तान के तौर पर अवसर दिये गये ताकि वह कमान संभालने के लिए तैयार रहें। उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी। उन मुकाबलों में टीम को केवल दो में ही जीत मिलीं पर पराग के आंकड़े अच्छे रहे।

उन्होंने 38.57 की औसत से रन बनाए और कई अच्छी पारियां खेलीं। इससे उनकी बल्लेबाजी में परिपक्वता और दबाव को झेलने की क्षमता दिखी। वहीं पराग का मानना है कि कप्तानी सिर्फ मैदान पर फैसले लेने का नाम नहीं, बल्कि मानसिक रूप से तेज और रणनीतिक रूप से सजग रहने का खेल है। टीम संयोजन चाहे जैसा भी हो, वह जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं।साल 2025 के अंत में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पद छोड़ने के बाद रायल्स की मुश्किलें बढ़ गयी थीं और ऐसे में देखना होगा कि नये कप्तान के तौर पर पराग कितने सफल रहते हैं।

# भारतीय टीम की जीत को कम आंकने का प्रयास करते दिखे शोएब अख्तर

लाहौर । भारतीय क्रिकेट टीम की टी20 विश्वकप जीत पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तार की जो प्रतिक्रिया आई है। उससे वह जलेभुने और संशय में घिरे नजर आते आते है। एक तरफ तो वह टीम की जीत को कम आंकने का प्रयास करते हैं, वहीं दूसरी और टीम और भारतीय क्रिकेट ढांचे की प्रशंसा करते हैं। भारतीय टीम के लगातार तीसरी बार टी20 विश्व कप विजेता बनने पर अख्तर ने एक शो के दौरान भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत पर मजाकिया अंदाज में टिप्पण कर इस सफलता को कम आंकने का प्रयास किसा। अख्तर ने कहा, 'भारतीय टीम ने प्रयास किया जैसे अमीर बच्चा नहीं होता मोहल्ले में, जो सारे गरीब बच्चों को बुला लेता है कि आओ क्रिकेट खेले। जीतना हालांकि मैंने ही है। भारतीय टीम भी वही कर रही है हमारे साथ। 8 टीम में से 4 रह गई हैं, उनको हराकर कहती है, लो मैं जीत गया। क्रिकेट भी खत्म कर दिया गया।' अख्तर ने जब ये बात कहते हैं तब शो में शामिल अन्य क्रिकेटर सना मीर, मोहम्मद हफीज, उमर गुल और सकलैन मुश्ताक हंसने लगते हैं। शोएब इस प्रकार मजाक में भारतीय टीम की जीत को कम आंकने का प्रयास करते हैं। वहीं उसी शो पर भारतीय टीम की तारीफ भी करते हैं। अख्तर ने कहा, 'ये जीत भारतीय बोर्ड की नीतियों, सिस्टम और मेरिट का परिरणाम है। वहीं ये भी हो सकता था कि पैसे का सही जगह पर इस्तेमाल नहीं होता। कोच गौतम गंभीर ने जोखिम लिया और संजू सैमसन को टीम में लाए। अभिषेक शर्मा युवा है और अपनी ही शैली में खेलते हैं हालांकि उन्हें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है पर सैमसन बहुत ही परिपक्व है।' अख्तर ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, भारतीय टीम प्रबंधन ने दिखाया कि कैसे सही खिलाड़ियों को अवसर दिए जाते हैं। इस कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भी टीम पर प्रभाव नीं पड़ा और वह विश्वकप जीतने में सफल रही।



# 15 मार्च से होगी न्यूजीलैंड-दक्षिण अफीका टी20 सीरीज

ऑकलैंड । न्यूजीलैंड टीम 15 मार्च से दक्षिण अफीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसमें एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कहने वाली तेज गेंदबाज ली तहूहू का प्रयास बेहतर प्रदर्शन कर टी20 टीम में अपनी जगह पक्की करना रहेगा। तहूहू ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। वह हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलती रहेंगी। तहुहू ने कहा कि उनका प्रयास टीम को टी20 विश्व कप 2026 में जीत दिलाना है। उन्होंने कहा कि साल 2024 में टी20 विश्व कप जीतना टीम के लिए बड़ी उपलब्धि थी और वह इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट में खिताब बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस क्रिकेटर का कहना है कि अब अपना पूरा ध्यान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर लगाएंगी। उन्होंने कहा कि टीम के लिए आगे भी रन बनाना उनके लिए उत्साहजनक होगा। साथ ही कहा कि आगे कई रोमांचक मौके हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हूं। उनके पास दक्षिण अफीका के खिलाफ सीरीज में 5 विकेट लेकर 100 विकेट का रिकॉर्ड बनाने का अवसर है। ली ने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए खेलना उनके लिए हमेशा सम्मान की बात रही है। उन्होंने कहा, टीम की की जर्सी पहनकर उतरना उनके लिए गर्व का क्षण होता है।

इस क्रिकेटर ने कहा कि अपने देश और परिवार का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 से ज्यादा मैच खेलना उनके लिए किसी सपने के सच होने की तरह है। उन्होंने साथ ही कहा, मैं खेल में बताये हर पल को हमेशा याद रखूंगी और इस प्रारुप में अपनी उपलब्धियों पर बेहद गर्व महसूस करती हूं। तहुहू ने साल 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना एकदिवसीय डेब्यू किया था। वहीं अपना अंतिम एकदिवीसय मैच आईसी महिला विश्वकप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।

# सैमसन की बल्लेबाजी में नजर आती है कोहली और रोहित दोनो की खूबी : कुंबले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कोच और दिग्गज स्पिनर रहे अनिल कुंबले ने बल्लेबाज संजू सैमसन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने टी20 विश्वप में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। कुंबले ने सैमसन की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी बल्लेबाजी विराट और रोहित का मिला-जुला रुप है।

कुंबले के अनुसार सैमसन जरुरत के अनुसार कोहली की तरह एक छोर को संभाल सकता है और पावरप्ले में रोहित की तरह आक्रामक रुख अपना कर रन बटोर सकता है।, कुंबले ने सैमसन की बल्लेबाजी के रवैये को लेकर कहा कि कहा, अगर आप 2024 के पिछले विश्व कप को देखें, तो उसमें विराट और रोहित दोनो ही शामिल थे। दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं, उनकी जगह की कमी पूरी करना कठिन है। मुझे लगता है कि सैमसन एक तरह से कोहली और रोहित का मिला-जुला रुप हैं। जब कोहली की थोड़ी जरूरत होती है, तो वह योजना बनाते हैं और इस बात का प्रयास करते हैं कि आप विकेट न खोएं और फिर जब भी तेजी से रनों की जरूरत होती है पावरप्ले में रोहित की तरह गेंदबाजों का सामना करना चाहते हैं। सैमसन ने फाइनल में अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए केवल 7.1 ओवर में 98 रन बनाये। इसके बाद उन्होंने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 105 रन बनाये। वहीं दक्षिण अफीका के क्रिकेटर फाफ डुप्लेसिस ने कहा कि मुझे तो ऐसा लगा कि मैं सैमसन की पिछली पारी को देख रहा हूं।

डुप्लेसिस ने कहा, ÷आप देख सकते हैं कि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो फॉर्म में है और जिस तरह से खेलना चाहता है, उस पर पूरी तरह से अमल करने में सफल रहा है। ऐसा लग रहा है कि मैं पिछली पारी फिर से देख रहा हूं। यह बस गेम प्लान दिखा रहा है।÷

## एक नजर

### टी 20 विश्वकप जीतने पर राज्यसभा में भारतीय टीम को दी गई बधाई

नई दिल्ली : टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत पर सोमवार को राज्यसभा में भारतीय टीम को बधाई दी गयी। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने राज्यसभा सदस्यों की तरफ से विजेता भारतीय टीम को बधाई देते हुए जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है कि भारतीय टीम ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। यह तीसरी बार है जब भारत ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दिलचस्प बात है कि लगातार दूसरी बार टीम ने ऐसा किया है क्योंकि भारत ने इससे पहले संस्करण में भी ट्रॉफी अपने नाम की थी। राधाकृष्णन ने कहा कि यह जीत इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत पहला देश है जो अपनी मेजबानी में टी20 विश्व कप का विजेता बना है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम के शानदार प्रदर्शन ने देशभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को अपार खुशी और गर्व का अनुभव कराया है। सदन की ओर से भारतीय टीम के खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और भारतीय क्रिकेट से जुड़े सभी लोगों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई। यह सदन उनकी आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की कामना करता है।

### नेपाल के प्रतिनिधि सभा चुनाव में इस बार 132 नए सांसद चुने गए

काठमांडू : नेपाल के प्रतिनिधि सभा चुनाव में इस बार 132 नए सांसद चुने गए हैं, जो पहली बार संसदीय प्रक्रिया में कदम रखेंगे। नए सांसदों में सबसे बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का है, जिसके 110 सांसद पहली बार संसद में पहुंचे हैं। इनमें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन्द्र शाह भी हैं, जो पहली बार चुनाव लड़े। उन्होंने चार बार सत्ता के शिखर पर बैठे पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को पराजित किया और अब दो तिहाई बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनने की तैयारी कर रहे हैं। पुराने और स्थापित दलों में भी बदलाव की लहर दिखाई दे रही है। नेपाली कांग्रेस से 11 नए नेता जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा सीपीएन यूएमएल से 4, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी से 3 और श्रम संस्कृति पार्टी से 3 नए सांसद संसद में पहुंचे हैं।

### सऊदी अरब में मिसाइल हमले से एक भारतीय की मौत

रियाद : सऊदी अरब में बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच एक रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि एक बांग्लादेशी नागरिक भी इस घटना में मारा गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले में कम से कम 12 अन्य बांग्लादेशी नागरिक घायल हुए हैं।

बताया गया है कि यह घटना अल-खर्ज इलाके में हुई, जहां एक आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सऊदी सिविल डिफेंस अनुसार हमले के बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने दावा किया था कि उसने अल-खार्ज समेत कई स्थानों पर रडार सिस्टम को निशाना बनाया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि रिहायशी परिसर पर गिरने वाली मिसाइल उसी हमले से जुड़ी थी या नहीं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने पहले ही सऊदी अरब में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। भारतीयों को सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण खाड़ी देशों में सुरक्षा स्थिति लगातार संवेदनशील बनी हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किसान ट्रस्ट ने 'अपराजिता सम्मान' से महिलाओं को किया सम्मानित

एजेंसी



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किसान ट्रस्ट ने 'अपराजिता सम्मान समारोह' में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अन्नपूर्णा देवी ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट का महिलाओं, विशेष रूप से एसिड हमले के पीड़ितों को आर्थिक सहयोग और हौसला देना प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की महिला सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की आयोजक और किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह आयोजन उन महिलाओं को सम्मान देने का प्रयास है, जो चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने और समाज के लिए नई राह बनाने में जुटी हैं। महिलाओं को सम्मान, अवसर और संसाधन मिलने से समाज और देश का भविष्य मजबूत होता है। समारोह के दौरान 'रोजगार के माध्यम से सशक्तीकरण' विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इसमें नीति आयोग की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर एना रॉय, यूएन विमेन इंडिया की कांता सिंह, बैंकिंग और फिनटेक विशेषज्ञ शिंजिनी कुमार तथा पूर्व दूरदर्शन समाचार एंकर सलमा सुल्तान ने भाग लिया। चर्चा का संचालन यूपी राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने किया। वक्ताओं ने महिला शिक्षा, रोजगार के अवसर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन जैसे विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में 'मिलेट मॉम' के नाम से प्रसिद्ध उद्यमी पूजा शर्मा ने महिला उद्यमिता और पोषण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर शास्त्रीय गायिका और हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित प्रो. मंगला कपूर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने तेजाब हमले के बाद संघर्ष करते हुए संगीत के क्षेत्र में सफलता हासिल करने की अपनी प्रेरक कहानी सुनाई। उल्लेखनीय है कि किसान ट्रस्ट की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने की थी। यह संगठन लंबे समय से किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रहा है तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसिड अटैक सर्वाइवर्स के पुनर्वास में भी सहयोग देता रहा है।

## राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में बंगाल सरकार ने गृह मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मांगी गई स्पष्टीकरण रिपोर्ट का जवाब भेज दिया है। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया उत्तर बंगाल दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों को लेकर मांगा गया था। राज्य सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में किसी भी तरह की चूक से इनकार करते हुए कहा है कि स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रविवार सुबह राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती के कार्यालय से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और उसी दिन शाम 5 बजे तक जवाब देने की समय सीमा तय की थी। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है, हालांकि उन्होंने रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की। अधिकारी के अनुसार, मंत्रालय द्वारा उठाए गए प्रोटोकॉल से जुड़े सभी बिंदुओं पर क्रमवार स्पष्टीकरण दिया गया है। इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति के बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचने पर प्रोटोकॉल के अनुसार उनका स्वागत किया गया था। मुख्यमंत्री के अनुसार, सिलीगुड़ी नगर निगम के मेयर गौतम देव, दार्जिलिंग के जिला अधिकारी और सिलीगुड़ी महानगर पुलिस आयुक्त वहां मौजूद थे।

## मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट को इथियोपिया बॉर्डर से वापस दिल्ली लौटना पड़ा

एजेंसी




**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र पर पाबंदियों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई033 को बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा। फ्लाइटराडार24 की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली से मैनचेस्टर के लिए सोमवार को सुबह उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पश्चिम एशिया एयरस्पेस में पाबंदियों के बीच इथियोपिया सीमा के पास पहुंचकर हवा से ही वापस मुड़ना पड़ा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो एयरलाइन ने पिछले साल मुंबई और मैनचेस्टर को जोड़ने वाली अपनी पहली लंबी दूरी की उड़ान शुरू की थी। इसके बाद नवंबर में दिल्ली और मैनचेस्टर के बीच सीधी उड़ानें शुरू की गई थीं। यह 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली से मैनचेस्टर की उड़ान थी। दिल्ली-मैनचेस्टर की ग्रेट सर्कल दूरी 6,829 किमी है और औसत उड़ान समय लगभग 11 घंटे है। इस विमान ने अदन की खाड़ी और अफ्रीका होते हुए एक असामान्य दक्षिणी मार्ग अपनाया था। करीब 7 घंटे उड़ान के बाद इथियोपिया-एरिट्रिया सीमा के पास विमान को सुरक्षा कारणों से वापस मोड़ दिया गया। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया और उसके आसपास की बदलती स्थिति के कारण हमारी कुछ उड़ानों को लंबे मार्ग अपनाने पड़ सकते हैं या उनका मार्ग बदलना पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति के कारण अंतिम समय में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली उड़ान 6ई033 को अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा।

## उत्तराखंड के चौबटिया में खत्म हुआ भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन'

एजेंसी



**देहरादून :** उत्तराखंड के चौबटिया स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में 24 फरवरी से चल रहे भारत-जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का समापन हो गया है। इस अभ्यास ने दोनों देशों के बीच इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत किया और काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशन्स, शहरी युद्ध और मुश्किल इलाकों में कॉम्बैट ड्रिल्स में जॉइंट ऑपरेशनल क्षमताओं को बढ़ाया। सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का सातवां संस्करण 24 फरवरी को शुरू हुआ था, जो 08 मार्च तक चला। वर्ष 2018 से भारत और जापान में बारी-बारी से होने वाला यह वार्षिक अभ्यास भारतझ्रजापान रक्षा सहयोग का महत्वपूर्ण हिस्सा है। साझा सुरक्षा चुनौतियों और वैश्विक आतंकवाद के बदलते स्वरूप को देखते हुए इसका महत्व और बढ़ गया है। अभ्यास के समापन समारोह में भारत और जापान की सेनाओं के बीच गहन संयुक्त प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित किया गया। इस अभ्यास ने भारत और जापान के बीच गहराते सामरिक संबंधों को और सुदृढ़ किया और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और उन्नत रक्षा सहयोग के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। सेना ने रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। सेना ने एक बयान में बताया कि अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के जवानों ने एक साथ प्रशिक्षण लेकर पारस्परिक संचालन क्षमता और संयुक्त अभियान दक्षता को सशक्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस काउंटर इंसर्जेंसी और काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन, शहरी युद्ध कौशल व जटिल भूभाग में युद्धाभ्यास पर रहा।

## पुडुचेरी में ट्राई ने की नेटवर्क की जांच, जियो सबसे तेज

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने फरवरी में पुडुचेरी शहर और आसपास के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता जांच की। इसमें डेटा डाउनलोड गति में जियो सबसे आगे रहा, जिसकी औसत गति 253.84 एमबी प्रति सेकंड रही। एयरटेल 163.82 एमबी प्रति सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं वोडाफोन-आइडिया की औसत गति 22.05 एमबी प्रति सेकंड और बीएसएनएल की केवल 12.71 एमबी प्रति सेकंड रही। ट्राई ने बताया कि कॉल सेवाओं में एयरटेल और वीआईएल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और उनकी कॉल सेटअप सफलता दर लगभग 100 प्रतिशत रही। जियो का प्रदर्शन मजबूत रहा ,जबकि बीएसएनएल की सफलता दर अपेक्षाकृत कम रही । कॉल ड्रॉप दर में एयरटेल और वीआईएल शून्य प्रतिशत पर रहे, जियो में 0.39 प्रतिशत और बीएसएनएल में 1.46 प्रतिशत कॉल ड्रॉप दर्ज किया गया। अपलोड गति में एयरटेल सबसे आगे रहा, जिसकी औसत गति 27.94 एमबी प्रति सेकंड रही। इसके बाद वीआईएल 13.03 एमबी प्रति सेकंड, जियो 16.92 एमबी प्रति सेकंड और बीएसएनएल 5.11 एमबी प्रति सेकंड पर रहे। परीक्षण के दौरान कमजोर सिग्नल की स्थिति भी दर्ज की गई। एयरटेल में यह 1.17 प्रतिशत, बीएसएनएल में 6.93 प्रतिशत, जियो में 2.42 प्रतिशत और वीआईएल में 1.60 प्रतिशत रही।

# भारत का पश्चिम एशिया संकट पर पैनी नजर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : जयशंकर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में 'पश्चिम एशिया की स्थिति' पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इजराइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं। इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की गई। समिति को इस इलाके में आने-जाने वाले भारतीय यात्रियों और इन देशों में तय परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया गया। इसने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को इन समस्याओं से निपटने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नए डेवलपमेंट पर करीब से नजर रख रहे हैं। विदेश मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते और काम करते हैं, जबकि ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खाड़ी देश एक बड़ा ट्रेड पार्टनर भी हैं, जो हर साल लगभग 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार करते हैं। सदन को यह भी पता है कि पिछले दशक में इस इलाके से भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी निवेश हुआ है। इसलिए सप्लाई चेन में गंभीर रुकावटें और अस्थिरता के माहौल को हम गंभीर मुद्दे मानते हैं। इसके अलावा, इनमें मर्चेंट शिपिंग पर हमले भी शामिल हैं, जहां भारतीय नागरिक अक्सर क्रू का एक बड़ा हिस्सा होते हैं। दुख की बात है कि हमने ऐसी घटनाओं में पहले ही दो भारतीय नाविकों को खो दिया है और एक अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने पर जनवरी से ही ईरान के लिए यात्रा संबंधी परामर्श जारी किए थे और भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी थी। 14 एवं 23 फरवरी को भी भारतीयों से सभी उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा से विपक्ष के बहिर्गमन को नड्डा ने बताया गैरजिम्मेदाराना



नई दिल्ली : पश्चिम एशिया के हालात पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के बहिर्गमन को नेता सदन जेपी नड्डा ने गैरजिम्मेदाराना बताया है। नड्डा ने कहा कि मंत्री के बयान के दौरान विपक्ष ने सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाला, जो निंदनीय और गैरजिम्मेदाराना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य रचनात्मक चर्चा में भाग लेना नहीं बल्कि सदन में "अराजकता और हंगामा" पैदा करना था। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकाअर्जुन खरगे के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के संभावित प्रभाव पर अल्पकालिक चर्चा की मांग की थी। जब यह मांग तुरंत स्वीकार नहीं की गई और विदेश मंत्री ने अपना बयान देना शुरू किया तो विपक्षी सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और बाद में सदन से बहिर्गमन किया। नड्डा ने कहा कि विपक्ष अक्सर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श में भाग लेने के बजाय व्यवधान और बहिर्गमन का सहारा लेता है। पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि इससे पहले भी विपक्ष ने कई मुद्दों पर चर्चा के दौरान सदन से बहिर्गमन किया था, जिनमें दिसंबर 2025 में चुनावी सुधारों पर चर्चा, अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे, ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमला, वक्फ विधेयक शामिल है। इस प्रकार का व्यवहार संसदीय लोकतंत्र की भावना को कमजोर करता है। विपक्ष की रुचि अपनी ओछी राजनीति को आगे बढ़ाना है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये कभी भी संभव नहीं होगा। ये विपक्ष में बैठकर और कम होते चले जाएंगे और समाप्त हो जाएंगे।

### महाराष्ट्र में नए ऑटो रिक्शा परमिट पर लगी रोक



मुंबई : महाराष्ट्र में नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी करने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। प्रदेश के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को बताया कि सूबे में आज से नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी नहीं किए जाएंगे। सरनाईक ने कहा कि नए ऑटो रिक्शा परमिट के लिए नई पॉलिसी बनाई जाएगी। इसके बाद फिर से नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी करने का निर्णय लिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने मुंबई में मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य के बड़े शहरों में ऑटो रिक्शा की संख्या काफी बढ़ गई है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। खासकर मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में रिक्शा की बढ़ती संख्या से ट्रैफिक पर काफी दबाव पड़ रहा है। इसे देखते हुए राज्य में ऑटो रिक्शा का परमिट जारी नहीं करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑटो रिक्शा के परमिट का हस्तांतरण पूर्ववत किया जा सकता है। प्रताप सरनाईक ने कहा कि इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 14 लाख ऑटो रिक्शा परमिट बांटे गए हैं। कुछ जगहों पर ऐसी शिकायतें हैं कि एक ही परिवार के कई सदस्यों को परमिट दिए गए हैं। साथ ही, कुछ मामलों में सरकार को ऐसी शिकायतें मिली हैं कि बांग्लादेशी नागरिकों ने भी गैर-कानूनी तरीके से परमिट हासिल किए हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए परमिट सिस्टम को ज्यादा पारदर्शी और नियंत्रणीय बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि राज्य में 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में ऑटो रिक्शा परमिट के बारे में फैसला लेने का अधिकार राज्य सरकार के पास है इसलिए, लोकल हालात, ट्रांसपोर्ट की जरूरतों और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही नई पॉलिसी तैयार की जाएगी।

### तकनीकी खराबी के कारण एक घंटे विमान में फंसे रहे यूपी के दोनों उपमुख्यमंत्री



लखनऊ : लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर इंडिगो फ्लाइड में तकनीकी खराबी आ गई। इस कारण उत्तर प्रदेश के सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत सभी पैसेंजर एक घंटे तक विमान में फंसे रहे। एयरपोर्ट के प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई505 को आज सुबह कोलकाता जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी आने की वजह से करीब एक घंटे फ्लाइट लेट हो गई। इस फ्लाइट राज्य सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री समेत सभी पैसेंजर फंसे रहे। दोनों मुख्यमंत्री पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए कोलकाता जा रहे थे। हालांकि विमान ठीक होने के बाद उसे 8:59 पर रवाना किया गया।

### नेपाल की संघीय संसद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई

काठमांडू : नेपाल की संघीय संसद के नवनिर्वाचित सदस्यों को सिंहदरबार में सोमवार को राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण प्रसाद दाहाल ने नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 86 की धारा 2 के अनुसार पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष दाहाल ने संसद का आधिकारिक प्रतीक चिन्ह प्रदान करके उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना दी। राष्ट्रीय सभा में कुल 59 सदस्य होते हैं। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार हर दो साल में इसके एक-तिहाई सदस्यों का चुनाव कराया जाता है। राष्ट्रीय सभा की 18 सीटों के लिए चुनाव 25 जनवरी को आयोजित किए गए थे। इन चुनावों में विभिन्न प्रांतों से नए सदस्य निर्वाचित हुए हैं। कोशी प्रदेश से रोशनी मेचे, सोमनाथ पोर्टेल और सुनील बहादुर थापा निर्वाचित हुए। मधेश प्रदेश से रेखा कुमारी झा, धर्मेंद्र पासवान, रंजीत कर्ण और महन्थ ठाकुर चुने गए। इसी तरह बागमती प्रदेश से गीता देवकोटा और प्रेम प्रसाद डंगाल निर्वाचित हुए। गंडकी प्रदेश से जगत तिमिल्सिना और सम्झना देवकोटा ने जीत दर्ज की। लुम्बिनी प्रदेश से राम कुमारी झांकी, चंद्रबहादुर केसी और वासुदेव घिमिरे निर्वाचित हुए। कर्णाली प्रदेश से मीना सिंह रखाल और ललित जंग शाही चुने गए, जबकि सुदूरपश्चिम प्रदेश से लीला कुमारी भंडारी और खम्ब बहादुर खाती राष्ट्रीय सभा के सदस्य बने हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**